विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
शनिवार, 7 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 13 |
| आर्द्रता | 60% |
| सूर्योदय: 6:05 | सूर्यास्त: 16:52 |



फडणवीस ने शानदार जीत का श्रेय प्रधानमंत्री के 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे, 'लाडकी बहिन योजना' को दिया -पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : समस्या अपने साथ आपके लिए एक उपहार लेकर आती है।

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# जयनगर में नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को फांसी की सजा

## बारुइपुर जिला कोर्ट ने 62 दिनों के अंदर सुनाया फैसला



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के जयनगर में किशोरी से दुष्कर्म व हत्या मामले में बारुइपुर कोर्ट ने मुस्तकिन सरदार नामक दुष्कर्मी को मौत की सजा सुनाई है। गुरुवार को बारुइपुर के त्वरित अपर जिला न्यायालय के न्यायाधीश सुब्रत चट्टोपाध्याय ने मुख्य आरोपित मुस्तकिन को दोषी ठहराया था। इसके बाद, उन्होंने शुक्रवार को फैसला सुनाया। साथ ही, मृतक के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का भी आदेश दिया है। फैसला आने के बाद सरकारी वकील बिभास चट्टोपाध्याय ने कहा कि यह एक नृशंस और दुर्लभ घटना है। इसलिए हमने फांसी की सजा की मांग की थी। जज ने दोषी को मौत की सजा सुनाई। इस मामले में सबसे अहम बात यह है कि डीएनए प्रोफाइल मैच करती है। परिणामस्वरूप, संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। जयनगर मामले में दोषी को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद राज्य पुलिस की ओर से एक्स हैंडल पर एक पोस्ट किया गया। जिसमें लिखा कि जयनगर के लिए न्याय! यह फैसला अभूतपूर्व है। बंगाल में इससे पहले कभी भी रेप-मर्डर केस के महज 62 दिनों के अंदर दोषी को फांसी देने का आदेश नहीं दिया गया था। इस मामले की जांच करने का हमारा एक ही मकसद था, पीड़िता और उसके परिवार को जल्द से जल्द न्याय दिलाना। लड़की वापस नहीं आएगी, लेकिन जिस अभूतपूर्व गति से हम उन्हें और उनके परिवार को 'न्याय' दे पाए, उससे हमें लंबे समय तक न्यायहीन नहीं रहना पड़ा, यही हमारी सांत्वना है, हमारी उपलब्धि है। उल्लेखनीय है कि इसी वर्ष चार अक्टूबर की शाम को किशोरी ट्यूशन जाने के बाद घर नहीं लौटी। जब बच्ची घर नहीं आई तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सबसे पहले स्थानीय थाने गए, शुरुआत में पुलिस पर असहयोग के आरोप लगे। इसके बाद, देर रात बच्ची का शव घर के पास जलाशय से बरामद हुआ और उसी रात मुस्तकिन सरदार को गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के 26 दिन बाद पुलिस ने 30 अक्टूबर को आरोप पत्र दाखिल किया था। गवाही पांच नवंबर से शुरू हुई थी। उस मामले में कुल 36 लोगों ने गवाही दी। शुक्रवार की सुबह 19 वर्षीय मुस्तकिन को सजा सुनाई गई।

### कोर्ट के फैसले को ममता ने राज्य में ऐतिहासिक व अभूतपूर्व करार दिया

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले में त्वरित न्याय मिलने पर राज्य पुलिस और अभियोजन पक्ष की सराहना की। शुक्रवार की शाम अपने ट्वीट में उन्होंने कहा कि जयनगर में नाबालिग बच्ची के साथ हुई नृशंस घटना के मामले में दोषी को फांसी की सजा सुनाई गई। इस तरह के मामले में सिर्फ 62 दिनों के भीतर फैसला आना राज्य के इतिहास में अभूतपूर्व है। मैं राज्य पुलिस और अभियोजन प्रक्रिया से जुड़े सभी लोगों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देती हूं। सरकार महिलाओं के खिलाफ अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलती है और यह सुनिश्चित करती है कि न्याय में न तो देरी हो और न ही इनकार।

### देश में खुलेंगे 85 केंद्रीय और 28 नवोदय विद्यालय, कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने दी मंजूरी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 85 नए केंद्रीय विद्यालय और 28 नए नवोदय विद्यालय खोलने को मंजूरी दे दी। वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने एक केन्द्रीय विद्यालय के विस्तार को भी मंजूरी दे दी। इस संबंध में जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इन नए केंद्रीय विद्यालयों के खुलने से देश भर में 82,000 से अधिक छात्रों को सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। बयान में कहा गया कि 2025-26 तक आठ वर्षों की अवधि में 85 नए केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना और एक मौजूदा केंद्रीय विद्यालय के विस्तार के लिए धन की कुल अनुमानित आवश्यकता 5,872.08 करोड़ रुपये है।

# लगातार 11वीं बार नहीं बदला रेपो रेट

## सीआरआर में कटौती की, वृद्धि अनुमान घटाया



**नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक ने लगातार 11वीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ में गिरावट और महंगाई के मोर्चे पर चुनौतियों को देखते हुए रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है यानी रेपो रेट 6.5% पर बरकरार है। तीन दिन तक चली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में हुए फैसलों को गवर्नर ने शुक्रवार को जनता के सामने रखा। पिछली 10 बार की बैठकों से अपरिवर्तित रहे रेपो रेट पर इस बार भी कोई फैसला नहीं हुआ, गवर्नर ने सारा जोर महंगाई को काबू करने पर दिया और अर्थव्यवस्था में तेजी लाने के लिए कैश रिजर्व रेशियो 0.50 फीसदी घटा दिया है, जो अब 4 फीसदी हो गया। रिजर्व बैंक की यह 11वीं एमपीसी बैठक रही जिसमें रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया और एमपीसी के 6 में से 4 सदस्यों ने इसे एक बार फिर 6.30 फीसदी पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट किया है। इसका मतलब है कि आम आदमी के कर्ज में कोई राहत नहीं मिलेगी और ईएमआई ज्यों की त्यों बनी रहेगी। पिछले महीने जारी हुए विकास दर के आंकड़े देखने के बाद से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार की एमपीसी बैठक में सीआरआर में कटौती पर फैसला हो सकता है। गवर्नर ने ऐसा ही किया और सीआरआर को 4.5 फीसदी से घटाकर 4 फीसदी कर दिया है। इससे बैंकों के पास 1.20 लाख करोड़ रुपये अतिरिक्त होंगे, जिसका इस्तेमाल लोन बांटने में किया जा सकेगा।

### किसानों को अब बिना किसी गारंटी के मिलेगा दो लाख रुपये तक कर्जः आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बढ़ती महंगाई से किसानों को राहत देने के मकसद से बिना गारंटी के अब दो लाख रुपये तक का कर्ज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। अभी यह सीमा 1.6 लाख रुपये है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए बुधवार को कहा, ''मुद्रास्फीति और कृषि में उपयोग होने वाले कच्चे माल की लागत में वृद्धि को देखते हुए गारंटी मुक्त कृषि ऋण की सीमा को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये करने का निर्णय किया गया है।

# मेरे उत्तराधिकारी के बारे में पार्टी फैसला करेगी, मैं नहीं : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के भीतर वरिष्ठ नेताओं और युवा गुट में जारी संघर्ष के बीच मुख्यमंत्री एवं पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि उनके उत्तराधिकारी के बारे में कोई भी निर्णय उनकी जगह पार्टी नेतृत्व द्वारा सामूहिक रूप से किया जाएगा। इस दिन, एक बंगाली समाचार चैनल के साथ एक विशेष साक्षात्कार में ममता ने व्यक्तिगत प्रभुत्व की धारणाओं को खारिज किया और कहा कि मैं पार्टी नहीं हूं; हम पार्टी हैं। यह एक सामूहिक परिवार है, और निर्णय सामूहिक रूप से किए जाएंगे। अपने संभावित उत्तराधिकारी के बारे में पूछे जाने पर ममता ने सवाल को टालते हुए जवाबी सवाल किया कि आपका उत्तराधिकारी कौन है? उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एक अनुशासित पार्टी है, जहां कोई भी व्यक्ति शर्त निर्धारित नहीं करेगा। ममता ने कहा कि पार्टी तय करेगी कि लोगों के लिए सबसे अच्छा क्या है। हमारे पास विधायक, सांसद, बूथ कार्यकर्ता हैं, यह एक संयुक्त प्रयास है। युवा पीढ़ी या अनुभवी नेताओं को प्राथमिकता देने के बारे में जारी बहस पर ममता ने संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखते हुए कहा कि हर कोई महत्वपूर्ण है। आज का नवागंतुक कल का वरिष्ठ होगा।

### विदेश सचिव मिस्री नौ दिसंबर को बांग्लादेश का दौरा करेंगे : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारत ने विदेश सचिव विक्रम मिस्री के नौ दिसंबर को बांग्लादेश का दौरा करने की शुक्रवार को घोषणा की। उनकी यह यात्रा इस पड़ोसी देश में हिंदुओं समेत अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर दोनों देशों के बीच उत्पन्न हुए तनाव की पृष्ठभूमि में हो रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मिस्री विदेश कार्यालय परामर्श के ढांचे के तहत एक बैठक में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की यात्रा पर जाएंगे। उन्होंने कहा कि विदेश सचिव नौ दिसंबर को बांग्लादेश का दौरा करेंगे। जायसवाल साप्ताहिक प्रेस वार्ता में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत इस मामले में निष्पक्ष, न्यायसंगत और पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया की उम्मीद करता है।

# गरीब रथ एक्सप्रेस की बोगी से अलग होकर एक किमी आगे बढ़ा इंजन, टला बड़ा हादसा

**मधुबनी :** मधुबनी जिले के जयनगर से आनंद विहार के लिए चलने वाली गरीब रथ एक्सप्रेस बड़ी दुर्घटना का शिकार होने से बच गई। जयनगर-दरभंगा रेल खंड पर गरीब रथ एक्सप्रेस का इंजन ट्रेन की बोगी से अलग हो गया। बोगी अलग होने के बाद करीब एक किलोमीटर दूर निकल गया था। घटना खजौली के पास ठाहर गांव में हुई बताई जा रही है। घटना के कारण 45 मिनट तक ट्रेन वहीं रुकी रही। इससे ट्रेन एक घंटे के लिए देर हो गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी देते हुए चश्मदीद यात्री ने बताया कि गरीब रथ एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12435) जयनगर से आनंद विहार के लिए अपनी निर्धारित समय पर खुली और 12:16 पर खजौली रेलवे स्टेशन पहुंची। खजौली से ट्रेन खुलने के बाद जब ट्रेन ठाहर गांव के करीब पहुंची तब ट्रेन का इंजन रेलवे गुमटी संख्या 26 के पास बोगी से अलग हो गया। इसको देखकर यात्रियों ने चिल्लाना शुरू किया, आवाज सुनकर ट्रेन के ड्राइवर का ध्यान इस ओर गया।



## संतुलन साधने के साथ ही कई चुनौतियां

आखिरकार अनिश्चय व अटकलों पर विराम लगाते हुए गुरुवार को भाजपा के दिग्गज नेता देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली। सत्ता का खेल देखिए पिछली पारी में फडणवीस मुख्यमंत्री बनने के बाद सरकार में उपमुख्यमंत्री बने थे, वहीं इस बार पिछली बार के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उपमुख्यमंत्री बने हैं। सत्ता का आंकड़ा पक्ष में न होते हुए भी शिंदे अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर विराम नहीं लगा पाए। तभी नवंबर में स्पष्ट बहुमत हासिल करने वाले महायुति गठबंधन को दिसंबर में सरकार बनानी पड़ी। चुनाव में तय हुए राजनीतिक कद से इतर शिंदे ज्यादा हासिल करने के प्रयास में सिर्फ शपथ ग्रहण समारोह को आगे ही बढ़ा सके। लेकिन दीवार पर लिखी इबारत स्पष्ट थी कि महायुति की प्रचंड जीत में शिवसेना का शिंदे गुट भाजपा की सीटों के मुकाबले आधी सीटें भी हासिल नहीं कर पाया। फिर भी उनके समर्थक आस लगा रहे थे कि बिहार की तर्ज पर भाजपा फैसला लेगी, जिसमें भाजपा द्वारा ज्यादा सीटें हासिल करने पर भी नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन कुछ इंतजार के बाद भाजपा ने एकनाथ शिंदे को बता दिया कि सरकार के नाथ फडणवीस ही होंगे। जाहिर है भाजपा ने राजनीतिक चतुराई से महाराष्ट्र की राजनीति को संचालित करने वाली शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस में विभाजन का लाभ उठाकर खुद को मजबूत स्थिति में ला दिया है। वहीं अपने सहयोगियों को ऐसी स्थिति में ला दिया है कि सत्ता की चाबी किसी एक के हाथ में न रह सके। निस्संदेह, आज देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा ने महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी जमीन मजबूत कर ली है। बहरहाल, हकीकत यही है कि फडणवीस महाराष्ट्र में तीसरी बार मुख्यमंत्री बन गए हैं। लेकिन इस बार उनके सामने पहले से ज्यादा चुनौतियां खड़ी हैं। मुख्यमंत्री के रूप में उनका पहला कार्यकाल अच्छा माना जाता है। राज्य के लोग उनकी सरकार द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हैं।

हालांकि, फडणवीस जब पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उनके पास राज्य में प्रशासन चलाने का अनुभव नहीं था। लेकिन उन्होंने बखूबी सरकार चलायी। मगर पिछली बार भी राज्य में सबसे बड़ी पार्टी होने के बावजूद उद्धव ठाकरे की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते वे मुख्यमंत्री बनने से वंचित रह गए। बल्कि कालांतर उन्हें उपमुख्यमंत्री का पद संभालना पड़ा। लेकिन उन्होंने भाजपा आलाकमान के फैसले को सहजता से स्वीकार किया। जिसका लाभ उन्हें इस बार मिला, जब पार्टी नेतृत्व ने उन्हें प्राकृतिक रूप से मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना। उनकी सफलता के पीछे पहले कार्यकाल में हुए महत्वपूर्ण कार्य भी रहे हैं। जिसमें किसानों के जल संकट को दूर करने वाली जलयुक्त शिविर योजना, मुंबई-नागपुर को जोड़ने वाली पचपन हजार करोड़ की एक्सप्रेस परियोजना व मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से भाजपा के जनाधार को बढ़ाने वाला बताया जाता है। लेकिन आज राज्य की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं रही। राजकोषीय घाटे को लेकर चिंताएं हैं। बेरोजगारी बड़ी समस्या है। पूंजीगत खर्चों में कमी आई है तो राजस्व भी घटा है। वहीं आने वाले दिनों में मराठा आरक्षण का जिन्न बोतल से बाहर आ सकता है। हालिया विधानसभा चुनाव में जमीन खिसकने से आहत मराठा क्षत्रप इस मुहिम को हवा दे सकते हैं। वहीं ओबीसी वर्ग को फिक्र है कि कहीं उनके हिस्से का आरक्षण मराठाओं को न दे दिया जाए। महायुति गठबंधन ने मराठा आंदोलनकारियों को राहत देने का आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि फडणवीस सरकार में शामिल दो मराठा क्षत्रप शिंदे व पवार संकटमोचक की भूमिका निभा सकते हैं। वैसे इस मुद्दे पर अदालत की भी बड़ी भूमिका होगी। फडणवीस सरकार के सामने चुनौती होगी कि हालिया विधानसभा चुनाव में गेमचेंजर बतायी जा रही 'लाडकी बहिना' योजना के तहत बढ़ाकर दी जाने वाली बड़ी धनराशि के लिये वित्तीय संसाधन सरकार कैसे जुटाती है। चुनावी वायदे के अनुसार लक्षित महिला समूह को अब पंद्रह सौ के बजाय 2100 रुपये की राशि दी जानी है। वह भी तब जब राज्य के वित्तीय संसाधन सिमटे हैं। वहीं कृषि उत्पादों के पर्याप्त दाम न मिलने से किसानों में खासा रोष व्याप्त है। इन चुनौतियों का मुकाबला फडणवीस सरकार की प्राथमिकता होगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 7 दिसम्बर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष षष्ठी, 11:04 तक, नक्षत्र : धनिष्ठा, 16:39 तक, योग : व्याघात, 08:36 तक, सूर्योदय: 6:05, सूर्यास्त: 16:52 चन्द्रोदय : 11:00, चन्द्रास्त: 22:35, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : वृश्चिक, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 08:47 से 10:08

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन करियर के लिहाज से बहुत अच्छा है। आपको लाभ होगा और सम्मान भी मिलेगा। अगर आप लोन लेने की सोच रहे हैं तो आज का दिन अच्छा है।

**वृष :** वृष राशि वालों के लिए का दिन लाभदायक है, लेकिन व्यस्त भी रहेगा। भागदौड़ ज्यादा होगी। निर्णय लेने की क्षमता से आपको फायदा होगा। रुके हुए काम पूरे होंगे और अच्छा लाभ मिलेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों को फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। सेहत से जुड़ी परेशानी बढ़ सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में कुछ बाधाएं आ सकती हैं। अचानक से कुछ लाभ भी हो सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन भाग्यशाली है। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। मेहनत का अच्छा फल मिलेगा। बच्चों की सफलता से खुशी होगी। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए करियर के मामले में दिन अच्छा है। हर मामले में लाभ होगा। किसी की बातों में आने से बचें और अपने काम पर ध्यान दें। दोपहर के बाद सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन शुभ है। साहस से काम करने से अच्छा लगेगा। आपको हर कार्य में माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा। जीवनसाथी की सेहत बिगड़ सकती है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन शुभ है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करेंगे और बुजुर्गों की सेवा भी करेंगे। अपने गुरु के प्रति निष्ठा रखेंगे, जिससे लाभ होगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के करियर में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। व्यापार बढ़ाने के प्रयास सफल नहीं हो पाएंगे। लेकिन धैर्य और प्रतिभा से दुश्मनों पर विजय प्राप्त करेंगे।

**धनु :** धनु राशि वालों को करियर में लाभ होगा। विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। दान-पुण्य करने का मन करेगा। धार्मिक कार्यों में लाभ होगा और लोग मदद करेंगे।

**मकर :** मकर राशि वालों का भाग्य साथ देगा। लेकिन साथ ही कुछ अनचाहे खर्चे भी आपको करने पड़ सकते हैं। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय में मन लगेगा।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए मध्य रूप से फलदायक रहने वाला है। अपने बिजनेस में किसी बड़ी डील को फाइनल करने का मौका मिलेगा, जिसमें आप पूरी लिखा पढ़ी करके आगे बढ़े।

**मीन :** मीन राशि वालों को करियर में लाभ होगा। किसी विवाद का हल निकलेगा। मिलनसार स्वभाव से फायदा होगा। सामाजिक सम्मान मिलेगा, जिससे मनोबल बढ़ेगा।

# भारतीय संविधान में कलात्मकता



गजेंद्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
भारत सरकार

हमारा भारत देश संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत का एक जीता जागता अनुभव है। इसके इतिहास को सरल शब्दों में व्यक्त करना अत्यंत कठिन है। इससे भी अधिक कठिन है पांच हजार से अधिक वर्षों की सभ्यता के इतिहास को एक दस्तावेज़ के रूप में व्यक्त करना, जो देश की स्वतंत्रता के समय एक नए स्वतंत्र हुए राष्ट्र के भाग्य का मार्गदर्शन करने वाला हो। लेकिन आचार्य नंदलाल बोस केवल एक कलाकार नहीं थे और भारत के संविधान पर चित्रण उनके लिये केवल एक और कार्य नहीं था। संविधान में चित्रण के लिए उनकी दृष्टि हड़प्पा सभ्यता के समय से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के समय तक भारत की यात्रा का वर्णन करती है।

यह सभी चित्रण संविधान के अंतिम पृष्ठ पर सूचीबद्ध हैं और उन्हें बारह ऐतिहासिक काल में वर्गीकृत किया गया है: मोहनजोदड़ो काल, वैदिक काल, महाकाव्य काल, महाजनपद और नंद काल, मौर्य काल, गुप्त काल, मध्यकालीन काल, मुस्लिम काल, ब्रिटिश काल, भारत का स्वतंत्रता आंदोलन, स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारी आंदोलन और प्राकृतिक विशेषताएँ।

संविधान की शुरुआत हमारे राष्ट्रीय प्रतीक के चित्रण से होती है। नंदलाल बोस इस बात को लेकर बहुत स्पष्ट थे कि प्रतीक में शेर बिल्कुल असली शेरों की तरह दिखें, उनकी चाल और चेहरे के हाव-भाव सही हों और आयु के हिसाब से उनमें बदलाव हो। राष्ट्रीय प्रतीक के डिजाइनर दीनानाथ भार्गव, जो उस समय कला भवन में एक युवा छात्र थे, इस कलाकृति को चित्रित करने से पहले शेरों के हाव-भाव, शारीरिक भाषा और तौर-तरीकों का अध्ययन करने के लिए महीनों तक कोलकाता चिड़ियाघर गए। प्रस्तावना पृष्ठ और कई अन्य पृष्ठों को बेहर राममनोहर सिन्हा ने डिजाइन किया था। नंदलाल बोस ने बिना किसी बदलाव के प्रस्तावना हेतु सिन्हा जी की बनाई कलाकृति का समर्थन किया। इस पृष्ठ पर निचले दाएं कोने में देवनागरी में सिन्हा का संक्षिप्त हस्ताक्षर राम है। संविधान की प्रस्तावना एक हाथ से लिखा हुआ लेख है जो आयताकार बॉर्डर से घिरा हुआ है। बॉर्डर के चार कोनों में चार पशुओं को दर्शाया गया है। दर्शाए गए चार जानवर भारत के राष्ट्रीय प्रतीक के आधार से लिए गए हैं। बॉर्डर की कलाकृति में कमल की आकृति प्रमुखता से दिखाई देती है। कमल की आकृति बॉर्डर कलाकृति में प्रमुखता से दिखाई देती है।

संविधान का प्रत्येक भाग एक चित्र से आरंभ होता है और अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग बॉर्डर डिज़ाइन दर्शाए गए हैं। कलाकारों के हस्ताक्षर चित्र पर और बॉर्डर के पास दिखाई देते हैं जो इस प्रोजेक्ट में सभी के सहयोग को दर्शाता है। अनेक पृष्ठों पर कई हस्ताक्षर हैं जो बंगाली, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में दिखाई देते हैं। भारत के संविधान के भाग 19 में विविध विषयों से संबंधित एक चित्र है जिसमें नेताजी सैन्य पोशाक में अपने सैनिकों से घिरे हुए सलामी दे रहे हैं। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्रण पर दिखाई देते हैं और ए. पेरुमल के हस्ताक्षर पृष्ठ के बाएं निचले कोने पर दिखाई देते हैं। वे कला को लोगों तक ले जाने वाले कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। वे शांतिनिकेतन के गाँवों में जाते और संथाल घरों की दीवारों को जानवरों, पक्षियों और पेड़ों वाली प्रकृति की थीम से सजाते। वे शांतिनिकेतन के कला भवन में चार दशकों से अधिक समय तक नंदलाल बोस जैसे महान कलाकारों के साथ रहे और काम किया, उन्हें स्नेह से 'पेरुमलदा' कहा जाता था।

संविधान का भाग तख, जो प्रथम अनु-सूची के भाग – में राज्यों से संबंधित है, वह ध्यान में बैठे भगवान महावीर की समृद्ध रंगीन चित्र से शुरू होता है, जिसमें वे अपनी आँखें बंद करके और हथेलियाँ एक दूसरे पर टिकाकर बैठे हुए हैं। भगवान महावीर के दोनों ओर एक-एक पेड़ हैं और फ्रेम में एक मोर भी दिखाई दे रहा है जो प्रकृति में सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व को दर्शाता है। यह मूल संविधान के कुछ रंगीन चित्रों में से एक है। रंगीन चित्रों में जमुना सेन और नंदलाल बोस के हस्ताक्षर हैं। इस पृष्ठ पर बॉर्डर डिज़ाइन में राजनीति नामक कलाकार के हस्ताक्षर भी हैं।

भारतीय संविधान का भाग 15 चुनावों पर केंद्रित है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्रों में भारत के दो वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज और गुरु गोविंद सिंह को दिखाया गया है। इस पृष्ठ पर दिए गए चित्र धीरेंद्र कृष्ण देब बर्मन द्वारा बनाए गए हैं, जो त्रिपुरा राजघराने के सदस्य थे और रवींद्रनाथ टैगोर और नंदलाल बोस के साथ उनके घनिष्ठ संबंध थे। बॉर्डर डिज़ाइन पर कृपाल सिंह शेखावत के हस्ताक्षर हैं, जो भारत के एक प्रसिद्ध कलाकार और मिट्टी के बर्तन बनाने वाले थे, जिन्हें जयपुर की प्रतिष्ठित ब्लू पॉटरी की कला को पुनर्जीवित करने के लिए जाना जाता है।

शांतिनिकेतन में ललित कला संस्थान कला भवन ने भारत और दुनिया के सभी कोनों से छात्रों और कलाकारों को आकर्षित किया, इस प्रकार विभिन्न प्रभावों को समाहित करते हुए उत्कृष्टता की निरंतर खोज करते हुए एक इकोसिस्टम निर्मित किया और अंत में, एक अनूठी भारतीय शैली और कला निर्मित की। इस पर काम करने वाले कई कलाकारों ने अपने करियर में महान ऊंचाइयों को हासिल किया, लेकिन इस परियोजना के समय शांतिनिकेतन के छात्र और सहयोगी ही थे जो अपने श्रद्धेय 'मास्टर मोशाय' नंदलाल बोस के सपने को जीवंत करने के लिए प्रयत्नशील थे।

संविधान में चित्रों की प्रेरणा भारत के विशाल इतिहास, भौतिक परिदृश्य, पौराणिक चित्र और स्वतंत्रता संग्राम में निहित है। भारत के संविधान का भाग 13 'भारतीय क्षेत्र में व्यापार, वाणिज्य और उनके परस्पर संबंधो' से संबंधित है। इस पृष्ठ पर दिया गया चित्रण महाबिलापुरम में स्मारकों के समूह का हिस्सा है जो यूनेस्को द्वारा अंकित विश्व धरोहर स्थल है। 'गंगा का अवतरण' एक बड़ी, खुली हवा में बनी चट्टान की नक्काशी वाली मूर्ति है जो स्वर्ग से धरती पर गंगा नदी के उतरने के कथा को पत्थर में दर्शाती है। नंदलाल बोस के हस्ताक्षर चित्र पर दिखाई देते हैं और जमुना सेन का नाम बॉर्डर के बाएं निचले कोने पर दिखाई देता है।

भाग 3 जो मौलिक अधिकारों से संबंधित है, उसमें रामायण का एक दृश्य दिखाया गया है। इस पृष्ठ के बॉर्डर पर जमुना सेन के हस्ताक्षर हैं। भाग 4 जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों से संबंधित है, उसमें महाभारत का एक दृश्य दिखाया गया है। बानी पटेल और नंदलाल बोस के नाम दाईं ओर नीचे दिए गए चित्रण पर दिखाई देते हैं और विनायक शिवराम मसोजी का नाम बॉर्डर के बाएं कोने पर दिखाई देता है।

संविधान का भाग 7 'पहली अनुसूची के भाग बी में शामिल राज्यों' से संबंधित है। इस खंड की शुरुआत में दिए गए चित्रण में सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धर्म के प्रसार को दर्शाया गया है। उन्हें हाथी पर सवार दिखाया गया है, जो सभी तरह के साज-सज्जा से सुसज्जित है और बौद्ध भिक्षुओं से घिरा हुआ है। यह चित्रण अजंता की शैली में है, जिसमें भिक्षुओं को शरीर के ऊपरी हिस्से को बिना वस्त्रों और आभूषणों के साथ दिखाया गया है। यह चित्रण नंदलाल बोस द्वारा किया गया था, जिनका काम अजंता भित्तिचित्रों में पाई जाने वाली कलात्मक परंपराओं से बहुत प्रभावित था। चित्रण के निचले बाएँ भाग पर ए. पेरुमल का नाम भी दिखाई देता है। बॉर्डर डिज़ाइन में ब्योहर राममनोहर सिन्हा के हस्ताक्षर हैं, जिन्होंने प्रस्तावना और कई अन्य पृष्ठों को भी डिज़ाइन किया था। यहाँ उन्होंने हिंदी में राममनोहर के रूप में हस्ताक्षर किए हैं। यह संविधान के उन कुछ पन्नों में से एक है, जिस पर नंदलाल बोस और उनके सबसे वरिष्ठ छात्र ब्योहर राममनोहर सिन्हा दोनों के नाम हैं।

भारत का संविधान इस मायने में अनूठा है कि यह मूल रूप से एक हस्तलिखित दस्तावेज़ था। इसे अंग्रेजी में प्रेम बिहारी रायज़ादा और हिंदी में वसंत के. वैद्य ने सु-लेखित किया था। रायज़ादा ने प्रवाहपूर्ण इटैलिक शैली का इस्तेमाल किया और सुलेख की कला अपने दादा से सीखी। संविधान हॉल (जिसे अब कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ़ इंडिया के नाम से जाना जाता है) के एक कमरे में काम करते हुए, उन्होंने छह महीने के दौरान दस्तावेज़ तैयार किया। उन्होंने इसे लिखते समय सैकड़ों पेन निब का इस्तेमाल किया। भारत के संविधान के अंग्रेजी संस्करण के सुलेखक प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा (प्रेम) के हस्ताक्षर दस्ता-वेज़ के हर पृष्ठ पर दिखाई देते हैं। राष्ट्रीय महत्व की इस परियोजना को शुरू करने के लिए उन्होंने यही एकमात्र अनुरोध किया था।

भारत का संविधान एक मौलिक कला ग्रंथ है जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है। भारतीय संविधान में कलात्मकता भारत के बहुस्तरीय इतिहास को दर्शाती है और सामाजिक सांस्कृतिक, पौराणिक, क्षेत्रीय, आध्यात्मिक, भौतिक परिदृश्य तथा अन्य कारकों के प्रति श्रद्धांजलि है जो भारत को एक अद्वितीय और जीवंत अनुभव बनाते हैं।

यह एक ऐसे राष्ट्र की वास्तविकता को दर्शाता है जो अपने प्राचीन अतीत को स्वीकार करता है, विविधता में एकता का उत्सव मनाता है और भविष्य की ओर देखता है।

# मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत चुकाते पंजाब और हिमाचल



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

'आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ़्त की रेवड़ी बाँटकर उन्हें खरीद लेंगे। हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है।' साल 2022 में दिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस बयान पर काफ़ी चर्चा हुई थी। लोगों को मुफ्त में चीज़ें या पैसे देने से सियासी दलों के वादों पर मीडिया में बहस के दौरान अक्सर विपक्षी नेता ये तर्क देते हुए देखे-सुने जा सकते हैं।

यहां तक कि यह मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था और उच्चतम न्यायालय ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा था कि वेलफेयर स्टेट होने के नाते मुफ़्त चीज़ें जरूरतमंदों को मिलनी चाहिए, लेकिन अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान और वेलफ़ेयर में संतुलन बिठाने की ज़रूरत है।

बचपन में सबने रेवड़ी जरूर खाई होगी लेकिन इस रेवड़ी के साथ एक बात बहुत ही खास है, आप एक बार रेवड़ी खाना शुरू करते हैं तो मन होता है खाते ही जाएं, आपका हाथ तभी रुकता है जब घर में बड़ों की डांट पड़ती है कि बस बहुत हुआ, रुको। ज़्यादा खाएंगे तो उसका असर भी आपकी सेहत पर पड़ेगा, क्योंकि इसकी तासीर गरम होती है आपका हाजमा भी खराब हो सकता है इसलिए स्व-नियंत्रण बहुत ही ज़रूरी है। क्या स्व-नियंत्रण संभव है, आप सभी जानते हैं।

अपने देश में कमोबेश लोगों की यही स्थिति है, जिन्हें मुफ्तखोरी की आदत सी पड़ गई है और वो चाहते हैं कि देश में 'रेवड़ी की संस्कृति' कभी भी बंद न हो। आखिर किसको खराब लगता कि मुफ्त में बिजली, पानी, राशन और तमाम सुविधाएं अनंत काल तक मिलती रहें। ये वही बात हो गई जैसे मुफ्त-ए-माल दिल-ए-बेरहम, ये सोच तभी विकसित होती है जब आपको अपनी जेब से कभी एक धेला खर्च नहीं करने की आदत हो। क्या एक नागरिक के तौर पर हमने कभी विचार किया है कि इसके लिए संसाधन कहाँ से आएंगे? और ये 'मुफ़्त की संस्कृति' आखिर कब तक चलती रहेगी और इसकी भरपाई कौन करेगा?

सत्ता हासिल करने के लिए शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वादों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया था।

आपको याद होगा कि चुनावी वादों की शुरुआत अरविंद केजरीवाल से बहुत पहले दक्षिण में हो गई थी। तेलगु सुपर स्टार एनटी रामा राव ने 1990 के दशक में गरीब महिलाओं के बीच साड़ी बांटने की शुरुआत की थी। टीडीपी नेता ने गरीबों को 2 रुपया प्रति किलो चावल भी दिया, जिससे एनटी रामा राव को सत्ता में वापसी करने का मौका मिला। डीएमके और अन्ना डीएमके के बीच तो हमेशा मुफ्त के चुनावी वादे करने के लिए हमेशा होड़ मची रहती है। आपको याद होगा कि डीएमके नेता करुणानिधि ने 2006 में मुफ्त कलर टेलिविजन का वादा करके चुनावी सफलता हासिल की थी।

पंजाब में सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वादे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिए पुरानी पेंशन लागू करने का वादा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है।

वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायेदारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी।

निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है।

राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिए भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है। वहीं अपनी लोकलुभावनी नीतियों के दुष्प्रभावों को नजरअंदाज करके दोनों राज्यों की सरकारों ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फंड रोकने और भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप ही लगाया है।

वहीं दूसरी ओर पूंजी निवेश योजना के लिये विशेष सहायता से हिमाचल को बाहर किए जाने पर तल्ख राजनीतिक प्रतिक्रिया सामने आई है। कुछ ऐसे ही पंजाब सरकार भी विकास निधि के आवंटन में पक्षपात का आरोप केंद्र सरकार पर लगाती रही है। जबकि यह एक हकीकत है कि चुनावी लोकलुभावनवाद से प्रेरित अस्थिर राजकोषीय नीतियां ही संकट के मूल में हैं।

यह टकसाली सत्य है कि राज्य सरकारें बढ़ते कर्ज और घटते राजस्व के चलते वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। यह वक्त की दरकार है कि राज्य सरकारें अपना ध्यान खैरात बांटने के बजाय संरचनात्मक सुधारों पर केंद्रित करें। दरअसल, राज्यों को वित्तीय संकट से उबारने के लिये राजकोषीय विवेक, कुशल कर संग्रह और तार्किक सब्सिडी समय की मांग है।

सुप्रीम कोर्ट ने रेवड़ी पर विचार करने के लिए एक एक्सपर्ट पैनल बनाने की बात कही है ताकि चुनावी दल चुनाव से पहले बेसिर पैर के वादे न कर सकें। लेकिन क्या राजनीतिक दल मानने वाले हैं, जो सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार रहते हैं। दुनिया के जो आर्थिक हालात हैं उसको देखते हुए एक लाइन तो खींचनी ही पड़ेगी कि मुफ़्त की रेवड़ी और ज़रूरी सामाजिक दायित्व में क्या फर्क है?

-चिकित्सक एवं लेखक

## विदेश की खबरें

### इजराइल के हवाई हमले में लेबनान, सीरिया के बीच सड़क संपर्क कटा

**यरुशलम :** इजराइल के हवाई हमले में लेबनान और सीरिया के बीच एक प्रमुख सीमा चौकी पर सड़क संपर्क कट गया है। इसे कुछ दिन पहले ही फिर से खोला गया था। लेबनान की 'नेशनल न्यूज एजेंसी' की खबर में यह जानकारी दी गई। देश के उत्तर में अरीदा सीमा पर हवाई हमले से भारी नुकसान हुआ और सड़क संपर्क कट गया। सीरिया में सरकार समर्थक दैनिक समाचार पत्र 'अल-वतन' की खबर के अनुसार, शुक्रवार तड़के हुए हवाई हमले के कारण सीमा चौकी पर स्थित मार्ग बंद कर दिया गया है। खबरों के अनुसार, सीरियाई विद्रोही शुक्रवार तड़के होम्स शहर के ठीक उत्तर में स्थित दो कस्बों में घुस गए। इस तरह, वे सीरिया के तीसरे सबसे बड़े शहर के करीब आ गए। इस बीच, हमास के एक अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने गाजा में संघर्ष विराम के लिए चरमपंथी समूह और इजराइल के साथ बातचीत फिर से शुरू कर दी है, और उन्हें उम्मीद है कि 14 महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता हो जाएगा।

### बेलारूस को सुरक्षा गारंटी देने वाले समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे पुतिन

**मास्को :** रूस के सबसे करीबी सहयोगी बेलारूस को सुरक्षा की गारंटी देने वाली संधि पर हस्ताक्षर करने के लिये राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को पड़ोसी देश का दौरा किया। इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर की योजना रूस के परमाणु सिद्धांत के संशोधित संस्करण के प्रकाशन के बाद बनाई गई है, जिसके तहत यूक्रेन के साथ संघर्ष को लेकर रूस और पश्चिमी देशों के मध्य बढे तनाव के बीच बेलारूस को रूसी परमाणु क्षेत्र के अंतर्गत रखा गया है।

## वर्ग पहेली नं. 2939



**ऊपर से नीचे:-** 1) अजागरूकता, 2) मनोघात, 3) सीमा, 4) बंदर, 5) देर, 7) कामदेव, 9) मसजिद में प्रार्थना, 11) तमाशा देखने वाला, 13) विष्णु का चक्र, 15) अन्यथा, 16) बीमारी, 19) दशा, 20) सहानुभूति, 21) पवित्र, 23) शूरता, 24) निरर्थक, 25) चौपाया.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

**बायें से दायें:-** 2) प्रेमपूर्ण, 4) सत्य, 6) रौंदाई; उत्पीड़न, 8) चालू; प्रचलित; उपस्थित; आज का, 10) शरारत; कारगुजारी, 12) दक्ष व्यक्ति; *पोस्टग्रैजुएट*; अध्यापक, 14) पारसी नववर्षदिन, 17) आत्मबलिदानी, 18) नस, 19) अपरिचित, 20) वृक्ष का धड़, 21) चौथा भाग, 22) नया, 24) इन्तजाम करनेवाला, 26) अनुमोदन, 27) शौर्य.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ला | मा | ल | ■ | म | हा | भा | र | त |
| ■ | ■ | न | ट | खा | ट | ■ | षां | ■ | त्वा |
| अ | मु | क | ■ | प | र | ■ | त | ना | व |
| र | ■ | ■ | मा | त | ■ | बा | र | ■ | धा |
| सा | व | धा | न | ■ | बं | द | ■ | आ | न |
| ■ | र | ■ | वं | श | ज | ■ | मौ | न | ■ |
| गो | दी | ■ | द | ■ | र | वि | त | न | य |
| दा | ■ | क | ना | त | ■ | ग | ■ | ■ | मु |
| म | जा | ल | ■ | क | बू | त | र | ख़ा | ना |

## सुडोकू-पहेली-2899

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | | 1 | |
| | 8 | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 4 | |
| 3 | 5 | | | | | 2 | | |
| | | | 1 | | | | | |
| | | | | | | 8 | | |
| | | 6 | 4 | 1 | | | | |
| 2 | | | | | | 5 | | 3 |
| | | | 7 | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2898 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 6 | 1 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 5 | 7 | 8 | 1 | 3 | 4 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 4 | 9 | 3 | 6 |
| 5 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 7 | 9 | 2 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 4 |

# मौका मिला तो 'इंडिया' गठबंधन का नेतृत्व करने को तैयार हूं : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के कामकाज पर असंतोष व्यक्त किया और मौका मिलने पर इसकी कमान संभालने के अपने इरादे का संकेत दिया। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दो-हरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम होंगी।

इस दिन, उन्होंने एक बंगाली समाचार चैनल के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि मैंने 'इंडिया' गठबंधन का गठन किया था, अब इसे प्रबंधित करना मोर्चे का नेतृत्व करने वालों पर निर्भर है। अगर वे यह नहीं कर सकते, तो मैं क्या कर सकती हूं? मैं बस यही कहूंगी कि सभी को साथ लेकर चलने की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि एक मजबूत भाजपा विरोधी ताकत के रूप में अपनी साख को देखते हुए वह गठबंधन का प्रभार क्यों नहीं ले रही हैं, ममता ने कहा कि यदि अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारू संचालन सुनिश्चित करूंगी। उन्होंने कहा कि मैं बंगाल से बाहर नहीं जाना चाहती, लेकिन मैं इसे यहां से संचालित कर सकती हूं।

## पीएम मोदी की बैठक में बंगाल के मुख्य सचिव पंथ होंगे शामिल, 13 दिसंबर से मुख्य सचिवों की तीन दिवसीय बैठक दिल्ली में होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पिछले जुलाई में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्यों के मुख्यमंत्रियों की नीति आयोग की बैठक के दौरान हीबाहर चली आई थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि उन्हें भाषण के बीच में रोका गया। हालांकि, केंद्र सरकार की ओर से उनके आरोप को बेबुनियाद बताया गया था। इस बार, प्रधानमंत्री मोदी देश के सभी राज्य के मुख्य सचिवों के साथ बैठक करने जा रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक,बंगाल से मुख्य सचिव मनोज पंत बैठक में शामिल होंगे। तीन दिवसीय बैठक 13 दिसंबर से शुरू होनी है। जुलाई में नीति आयोग की बैठक में जो भी हुआ हो, सीएम ममता बनर्जी ने अपने मुख्य सचिव को बैठक में भेजने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस बार मुख्य सचिव के साथ प्रधानमंत्री की बैठक के एजेंडे में मुख्य रूप से तीन मुद्दे हैं। रोजगारी, औद्योगिक या व्यावसायिक उद्यम और रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण। विपक्ष बेरोजगारी को देश की सबसे बड़ी समस्या बताकर मोदी सरकार पर निशाना साध रहा है। ऐसे में विशेषज्ञ प्रधानमंत्री और मुख्य सचिव के साथ बैठक के मुख्य एजेंडे में रोजगार और बेरोजगारी से जुड़े तीन मुद्दों को लाना महत्वपूर्ण मान रहे हैं। नीति आयोग के सूत्रों के मुताबिक, टियर खख और खखख शहरों में रोजगार, व्यावसायिक उद्यमों और रोजगार-उन्मुख प्रशिक्षण का एक 'पारिस्थितिकी तंत्र' बनाना महत्वपूर्ण है। ऐसे में रोजगार की समस्या हल हो जाएगी। बड़े शहरों में भीड़ लगाने या काम की तलाश में दूसरे राज्यों में जाने से बचा जा सकता है। बैठक में इन शहरों में फैक्ट्री उत्पादन, बिजली की निर्बाध आपूर्ति, परिवहन व्यवस्था में सुधार, इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ-साथ सेवा क्षेत्र पर कैसे जोर दिया जाए, इस पर चर्चा होगी। ऐसा रास्ता खोजने का प्रयास किया जाएगा ताकि व्यावसायिक उद्यमों पर जोर देने के लिए पूंजी की कमी न हो।

## एक और भाजपा सांसद ने की मोहम्मद यूनुस से नोबेल पदक वापस लेने की मांग



**कोलकाता, समाज्ञा :** तमलुक से भाजपा सांसद व कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस अभिजीत गंगोपाध्याय के बाद अब पुरुलिया से सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से नोबेल पदक वापस लेने की मांग की है। भाजपा सांसद ने नार्वे की नोबेल समिति को लिखे पत्र में बांग्लादेश में व्याप्त अशांति और हिंदुओं व अन्य अल्पसंख्यकों पर हो हमले के मद्देनजर मोहम्मद यूनुस से नोबेल पदक वापस लेने पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है। एक कड़े शब्दों वाले पत्र में महतो ने यूनुस का उल्लेख करते हुए कहा कि नोबेल शांति पुरस्कार उन हस्तियों को दिया जाना बहुत दुखद है जिनकी विरासत हिंसा और मानवाधिकारों के उल्लंघन में कथित मिलीभगत से दागदार है। पत्र में, उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस के नेतृत्व में अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से हिंदुओं को व्यवस्थित उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सांसद ने पत्र में पड़ोसी देश में सामूहिक हत्याओं, हिंदुओं के घरों और मंदिरों पर हमले व तोडफ़ोड़ और महिलाओं से दुष्कर्म सहित अन्य अत्याचारों का उल्लेख किया और इसे हिंदू समुदाय के खिलाफ आतंक के व्यापक अभियान का हिस्सा बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यूनुस सरकार इन कृत्यों को मौन समर्थन दे रही है, जिससे अपराधियों को दंड से बचकर काम करने का मौका मिल रहा है।

## पानी की समस्या को लेकर मुख्यमंत्री की कड़ी चेतावनी, नवान्न में केंद्रीय एजेंसियों के साथ बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा**



केंद्र के कई एजेंसियों की ला-परवाही के कारण करीब 50 लाख लोग और 9 लाख परिवार पानी नहीं मिलने के कारण जूझ रहे हैं। मुख्यमंत्री के सख्त संदेश के बाद केंद्र की कई एजेंसियों के साथ नवान्न में बैठक की गई। नवान्न ने शुक्रवार को रेलवे, डीवीसी, नेशनल हाईवे ऑथिरिटी ऑफ इंडिया, आईओसीएल समेत कुछ केंद्रीय एजेंसियों को बुलाया। नवान्न सूत्रों के मुताबिक, मुख्य सचिव ने शुक्रवार सुबह 11 बजे से एजेंसियों के साथ बैठक की। मुख्य सचिव ने समस्या का समाधान करने तथा जिन क्षेत्रों में पेयजल का कनेक्शन रुका हुआ है, उन्हें शीघ्र मंजूरी देने का अनुरोध किया है। मुख्य सचिव ने डीवीसी को भी पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कनेक्शन की समस्या को जल्द ठीक करने के लिए कहा गया है। नवान्न ने केंद्रीय एजेंसियों को इसकी जानकारी दी।

# विवादित ढांचा गिराने की बरसी पर पहली बार बंगाल विधानसभा का सत्र रहा स्थगित

### भाजपा ने लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाए जाने के विरोध में शुक्रवार को बंगाल विधानसभा के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही स्थगित रही। बंगाल विधानसभा के इतिहास में यह पहली बार है कि जब छह दिसंबर को विवादित ढांचा ढहाए जाने की बरसी पर विधानसभा की कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचा ढहाया गया था। तभी से ममता बनर्जी विरोध स्वरूप उस दिन को एकजुटता दिवस के रूप में मनाती आ रही हैं। 2011 में, बंगाल की सत्ता में आने के बाद भी



मुख्यमंत्री व तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के आदेश पर हर साल छह दिसंबर को पार्टी स्तर पर कार्यक्रम होता है। इस बार, विधानसभा का शीतकालीन सत्र उसी समय चल रहा है। हालांकि, शीतकालीन सत्र पहले भी इस दिन आयोजित होता रहा है, लेकिन छह दिसंबर को कभी छुट्टी नहीं होती थी। उस दिन विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर एकजुटता दिवस मनाने का कोई कार्यक्रम नहीं होता था। मगर, इस बार, राज्य सरकार ने विधानसभा की कार्यवाही स्थगित रखने का फैसला किया। दूसरी ओर, राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा के विधायकों ने इस निर्णय का कड़ा विरोध करते हुए मंगलवार को सदन में जमकर नारेबाजी की थी और जय श्रीराम के नारे लगाए थे। नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि 2026 के आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर वोट की राजनीति और अल्पसंख्यक तुष्टीकरण के लिए ममता सरकार ने छह दिसंबर को कार्यवाही स्थगित रखने का निर्णय लिया है।

# मरीज की सेवा में लापरवाही के आरोप में 31 रेजिडेंट डॉक्टरों पर 20-20 लाख का जुर्माना

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने कथित तौर पर राज्य की आवश्यकताओं के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा नहीं देने वाले 31 रेजिडेंट डॉक्टरों पर 20-20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उनकी डिग्री आवश्यकताओं के हिस्से के रूप में, डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करना अनिवार्य है। बांड नियमों के अनुसार, रेजिडेंट डॉक्टरों को मेडिकल कॉलेजों में एक साल और जिला और ग्रामीण अस्पतालों में दो साल बिताने की आवश्यकता होती है। राज्य स्वास्थ्य विभाग सरकारी मेडिकल कॉलेज के छात्रों को विशिष्ट अस्पताल और विभाग आवंटित करता है। दो साल पहले स्वास्थ्य विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की थी। अब, विभाग द्वारा एक जांच के बाद, उन्होंने एक औपचारिक अधिसूचना जारी की है जिसमें दोषी डॉक्टरों, उनके संबंधित बांड पोस्टिंग और उन मेडिकल कॉलेजों के नाम बताए गए हैं जिनसे वे संबद्ध हैं। संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों और उप प्राचार्यों को भी इस कार्रवाई से अवगत करा दिया गया है। जुर्माने का सामना करने वाले डॉक्टरों की सूची में बांकुरा मेडिकल कॉलेज, बर्दवान मेडिकल कॉलेज, उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज, पुरुलिया मेडिकल कॉलेज, कलकत्ता मेडिकल कॉलेज, एनआरएस मेडिकल कॉलेज और आरजी कर मेडिकल कॉलेज जैसे प्रमुख संस्थानों के वरिष्ठ निवासी शामिल हैं।

# डॉ शांतनु सेन को राज्य चिकित्सा परिषद से हटाया, कारण स्पष्ट नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य चिकित्सा परिषद से डॉ शांतनु सेन को हटा दिया गया है। शुक्रवार को यह निर्णय पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल द्वारा लिया गया है। डॉ शांतनु सेन परिषद के मनोनीत सदस्य थे। लेकिन चूंकि उन्हें पद से हटा दिया गया है, इसलिए खबर है कि उनकी जगह कौन लेगा, यह अभी तय नहीं हुआ है। शांतनु सेन को हटाए जाने का कारण भी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, सुनने में आ रहा है कि टीम की ओर से यह सिफारिश मेडिकल काउंसिल को बता दी गई है। इसका अभ्यास सभी क्षेत्रों में किया जा रहा है। डॉ. शांतनु सेन लंबे समय से पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल के नामित सदस्य हैं। वह आईएमए की राज्य शाखा के अध्यक्ष भी थे। इस बार आईएमए चुनाव में शांतनु सेन ग्रुप आगे बताया जा रहा है। वह आरजी कर अस्प-ताल के रोगी कल्याण संघ के अध्यक्ष भी थे। हालांकि, पिछले अगस्त में एक युवा डॉक्टर की रेप और हत्या के बाद, मुख्यमंत्री ने स्वयं सरकारी अस्पतालों के रोगी कल्याण संघों को भंग कर दिया था। परिणामस्वरूप, शांतनु सेन अब अध्यक्ष नहीं रहे। कोलकाता नगर निगम चिकित्सा अधिकारी के घर से उनकी नेमप्लेट भी हटा दी गई। इन सबके बाद अब शांतनु सेन को स्टेट मेडिकल काउंसिल जैसी महत्वपूर्ण संस्था से हटाए जाने की नई अटकलें लगने लगी हैं। हालांकि, शांतनु सेन ने दावा किया कि उन्हें इस निष्कासन की जानकारी नहीं थी। उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि, उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है।

# तृणमूल ने कोलकाता के बारे में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के बयान की निंदा की

**कोलकाता, समाज्ञा :** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की कोलकाता को 'गंदा शहर' बताने संबंधी टिप्पणी पर, राज्य की सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने तीखी आलोचना करते हुए इसे असंवेदनशील करार दिया है। तृणमूल कांग्रेस ने रेड्डी को कोलकाता की सफाई और विकास को देखने के लिए शहर आने का भी निमंत्रण दिया। उल्लेखनीय है कि गत गुरुवार को हैदराबाद में एक कार्यक्रम में प्रमुख शहरों में प्रदूषण पर टिप्पणी करते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि वह दिल्ली में प्रदूषण के कारण आने से बचते हैं,




क्योंकि इस कारण अक्सर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि क्या दिल्ली रहने लायक शहर है। रेड्डी ने कहा कि इसी तरह, आपने बेंगलुरू में ट्रैफिक जाम देखा है। आपने चेन्नई में बारिश होने पर नावों के इस्तेमाल की स्थिति देखी है। आप मुंबई में बह जाने की स्थिति देख रहे हैं। मुझे आपको कोलकाता के बारे में बताने की ज़रूरत नहीं है। स्थिति ऐसी है कि अगर कोलकाता को दुनिया के गंदे शहरों में शामिल किया जाए तो वह पहले स्थान पर होगा। शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस ने इस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। पार्टी प्रवक्ता रिजु दत्ता ने इसे असंवेदनशील बताते हुए कोलकाता की सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति पर प्रकाश डाला। दत्ता ने कहा कि रेड्डी की टिप्पणी असंवेदनशील है। कोलकाता उल्लास, आनंद का शहर और भारत की सांस्कृतिक राजधानी है। शहर तेजी से विकसित हो रहा है। मैं सुझाव दूंगा कि वह कुछ समय कोलकाता घूमने के लिए निकालें और खुद देखें कि शहर कितना साफ और सुंदर है।

# सिंथी में तेल टैंकर में भीषण विस्फोट, एक की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** सिंथी थाने के पास शुक्रवार की सुबह एक पुराने ईंधन के टैंकर को काटते समय हुए भीषण विस्फोट की घटना घटी। लालबाजार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उक्त घटना में एक श्रमिक सागर सोरेन (35) की मौत हो गई, जबकि एक अन्य श्रमिक शंकर हल्दर (55) गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि गंभीर तौर पर घायल अवस्था में उक्त दोनों श्रमिकों को तत्काल आरजीकर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने सागर को मृत करार दिया। वहीं, शंकर हल्दर की हाथ कटी है और आरजीकर अस्प-ताल में उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। लालबाजार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 57/2 बीटी रोड के पास एक पुराने व कथित गैस टैंकर को गैस कटर से काटने का काम चल



रहा था। तभी, अचानक हुए जोरदार विस्फोट से आसपास का इलाका दहल गया। प्राथमिक जांच में अनुमान लगाया गया है कि टैंकर के अंदर पहले से तेल या गैस जैसे ज्व-लनशील पदार्थ मौजूद थे, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। घटना के तुरंत बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि आसपास के लोग दहशत में आ गए। सिंथी मोड़ जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में इस अप्रत्याशित घटना से स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल व्यक्तियों को अस्प-ताल भेजा और विस्फोट के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

# बंगाल देश की नयी आईटी राजधानी : सागरिका घोष

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस की नेता सागरिका घोष ने शुक्रवार को कहा कि पश्चिम बंगाल देश की 'नयी आईटी राजधानी' के रूप में उभर रहा है। अगले साल फरवरी में होने वाले 'बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट' के सिलसिले में 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में घोष ने कहा कि राज्य में 1.45 लाख कंपनियां संचालित हो रही हैं, और इस मामले में पश्चिम बंगाल देश में चौथे स्थान पर है। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि बंगाल में हमारा मतलब कारोबार से है। बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट (बीजीबीएस) 2025 फरवरी 2025 में शुरू होगा। एसकेओसीएच रिपोर्ट 2021 के अनुसार, बंगाल कारोबार को आसान बनाने में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि नौ प्रमुख सीमेंट



कंपनियों में से सभी बंगाल में संचालित होती हैं। बंगाल को भारत के 'सीमेंट के मुख्य उत्पादक' के रूप में जाना जाता है। घोष ने कहा कि बंगाल भारत की नयी आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) राजधानी के रूप में उभर रहा है। विप्रो, कॉग्निजेंट, इंफोसिस और अन्य सभी कंपनियां बंगाल में संचालित हो रही हैं तथा बंगाल का सिलिकॉन वैली प्रौद्योगिकी केंद्र राजेरहाट न्यू टाउन में 200 एकड़ क्षेत्र में स्थापित किया गया है।

# कोलकाता पुलिस के क्षेत्र में सक्रिय अपराधी गिरोह 'इरानी गैंग' का पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

❑ **पुलिस या सीबीआई अधिकारी बनकर आभूषण बिक्रेता व ग्राहकों को बनाते थे अपना शिकार**

**कोलकाता :** पिछले कुछ महीनों से कोलकाता पुलिस के अधिकार क्षेत्र में एक गिरोह सक्रिय था, जो विभिन्न तरीकों से बाजारों और आभूषण दुकानों के इलाकों में अपराध को अंजाम दे रहा था। यह गिरोह कभी पुलिस अधिकारी या सीबीआई अधिकारी बनकर लोगों की जांच करता, तो कभी सड़क और दुकानों के अंदर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था।

**अपराध का तरीका :-** गिरोह के सदस्य बाजार क्षेत्रों जैसे बउबाजार, मुचिपारा, गरियाहाट और बुर्राबाजार में आभूषण लेकर जा रहे लोगों को निशाना बनाते थे। वे झूठे जांच के बहाने उनके बैग में रखे गहनों को चालाकी से चुरा लेते और फरार हो जाते। इसके अलावा, ये अपराधी



आभूषण दुकानों के अंदर भी इसी तरह की चोरी को अंजाम देते थे।

**मामले और एफआईआर दर्ज :-** पीड़ितों की शिकायत के आधार पर कोलकाता पुलिस ने निम्नलिखित पुलिस थानों में मामले दर्ज किए:

❑ मुचिपारा थाना (सेक्शन I): केस नंबर 102, दिनांक 03.08.2024, धारा 303(2)/3(5) बी.एन.एस.

❑ मुचिपारा थाना (सेक्शन I): केस नंबर 103, दिनांक 06.08.2024, धारा 318(4)/3(5) बी.एन.एस.

❑ गरियाहाट थाना (सेक्शन S2): केस नंबर 215, दिनांक 22.11.2024, धारा 318(4)/61(2) बी.एन.एस.

**जांच और गिरफ्तारियां :-** इन मामलों की जांच कोलकाता पुलिस के वॉच सेक्शन और संबंधित पुलिस थानों ने मिलकर शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की जांच और सूत्रों से जानकारी प्राप्त करने पर पता चला कि यह एक अंतरराज्यीय गिरोह है जिसे इरानी गैंग के नाम से जाना जाता है।

सूचना के अनुसार, यह गिरोह कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी इसी प्रकार के अपराधों को अंजाम देता है और अपराध के बाद लगातार अपने ठिकाने बदलता रहता है।

पुलिस को विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी मिली कि यह गिरोह हाल ही में हावड़ा जिले के बाउरिया इलाके में एक किराए के घर में ठहरा हुआ है। 5-6 दिसंबर, 2024 की रात को बाउरिया पुलिस स्टेशन की मदद से छापेमारी की गई और गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी :-** गिरफ्तार किए गए अपराधियों के नाम और पते इस प्रकार हैं:

❑ नवाब अली (42), बिदर, कर्नाटक

❑ अली राजा मित्तू (33), भुसावल, महाराष्ट्र

❑ अमजद अली (40), बिदर, कर्नाटक

❑ फिरोज अली (42), जलगांव, महाराष्ट्र

❑ अली बगवान (19), बिदर, कर्नाटक

❑ इकबाल बरकत अली (38), भुसावल, महाराष्ट्र

**आगे की कार्रवाई :-** गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 18 दिसंबर, 2024 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। वॉच सेक्शन, डीडी अब इन मामलों की जांच को आगे बढ़ा रहा है।

कोलकाता पुलिस का कहना है कि जांच अभी जारी है और इस गिरोह के अन्य सदस्यों को पकड़ने और अन्य मामलों से जुड़े साक्ष्य जुटाने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी।


### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. : एईएन/शॉप/मास्टिक रोड/24-25/एलएलएच, दिनांक 05.12.2024,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा रेलवे एवं सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की उपयुक्त सूची वाले ख्यातिप्राप्त, अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं. 1, निविदा सं. एवं कार्य का नाम : एईएन शॉप मास्टिक रोड24-25एलएलएच** और सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ के अंदर लिलुआ वर्कशॉप बाउंडरी में मास्टिक रोड के निर्माण/मरम्मत के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.94,04,239.28, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बोली प्रतिभूति :** रु. 1,88,100/-, **समापन अवधि :** 120 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 02.01.2025 को 12.00 बजे तक। निविदा का विवरण शुद्धिपत्र (यदि कोई है) के साथ वेबसाइट **https://www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपने प्रस्ताव को ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-264/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 05.12.2024,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन-202-24-25, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के अधीन नैहाटी और श्यामनगर में नए आरसीसी ओवर हेड टैंक का निर्माण एवं सभी अन्य अनुषंगी कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.6,35,10,785.12, **बयाना राशि :** रु. 4,67,600/-, **कार्य की समापन अवधि:** 18 (अठारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.12.2024 को 15.00 बजे। **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन-206-24-25, कार्य का नाम:** सियालदह मंडल के अधीन विभिन्न आउटस्टेशन पॉइंटों पर सुरक्षा हेतु ईएमयू/एमईएमयू नाइट स्टेबल रेक की जाँच के लिए आलोक व्यवस्था एवं पाथवे। **निविदा मूल्य :** रु.2,38,08,931.09, **बयाना राशि :** रु. 2,69,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 31.12.2024 को 15.00 बजे। (1) निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। (2) **निविदा के खुलने की तिथि और समय** दिनांक 31.12.2024 को 15.30 बजे है।

SDAH-264/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/623, दिनांक: 05.12.2024,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं. ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3365, कार्य का नाम :** (1) एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन जोनल नेटवर्क ऑपरेशन सेंटर सह ईपीसी बिल्डिंग के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य । (2) एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के अधीन एप्रोच रोड एवं पाथवे के साथ हावड़ा यार्ड रिमॉडलिंग के सिलसिले में सेवा भवन के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 3,67,02,590/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 3,33,500/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 26.12.2024 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-464/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सं. 290_2024-25, दिनांक 05.12.2024,** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/(सी), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/हावड़ा** के अधीन। **कार्य का विवरण :** एईएन/मुख्यालय हावड़ा के अधीन (i) हावड़ा-क्षतिग्रस्त एवं जीर्ण-शीर्ण एसी शीट आवास के स्थान में पंजाब लाइन के पास गोलमोहर कॉलोनी में 60 शय्या के अतिरिक्त लेडीज बैरक का निर्माण। (ii) हावड़ा डीजल शेड में इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के रखरखाव हेतु बुनियादी ढाँचे का विकास। (iii) डीप पिट 1-5 पाथवे का विस्तार और परिवहन एवं अन्य अनुषंगी कार्य तथा एसवाईई कोचिंग कॉम्प्लेक्स पिट लाइन 1-5 ट्रैक का विस्तार (iv) एसएसई/डब्ल्यू/ बीएमजी की शाखा में बीएमजी कॉलोनी में आरसीसी रूफ स्लैब, बीम, फ्लोर का नवीनीकरण, इंटीरियर व्हाइट वॉश एवं कलर वॉश तथा क्वार्टरों की टपक रही छत की मरम्मत। **अनुमानित मूल्य :** रु.3,44,07,881.17, **बयाना राशि:** रु. 3,22,000/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 30.12.2024 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपाज़िट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-465/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Notice Inviting Re-Tender**

**Ref E-NIT NO.- 2024_ZPHD_780288_1 to 3.**

A re e-Tender **(Notice: 2241, Date: 05.12.2024)** containing three number schemes for construction work under Kalna-II Development Block, Purba Bardhman has been floated ammounting to **Rs. 11.57870 lakhs, fund Paray Samadhan & SSM.**

**Bid Submission end on :- 16/12/2024 at 06.00 PM.**

Log on Gov. Website: www.wbtenders.gov.in

Please look for details in the undersigned office notice board.

Sd/-
Block Development Officer
Kalna-II Development Block
Singerkone, Purba Bardhaman

**NANDIGRAM-II DEVELOPMENT BLOCK**
**Reapara :: Purba Medinipur**

**TENDER NOTICE**

**Block Development Officer, Nandigram-II Dev. Block, Purba Medinipur invites online Tender Notice against Tender Memo no-3272, Dated-06.12.2024 for 1(One) Nos Scheme. Last Date of application for above Tender is 20.12.2024 upto 11:00 A.M. Details of tender are available in WB Govt. tender site.**

Sd/- Block Development Officer,
Nandigram-II Dev. Block

### पूर्व रेलवे

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/पार्सल/लीजिंग/लाँग टर्म ई-ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पार्ट-III, दिनांक 05.12.2024,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 01 यात्रीवाही ट्रेन में 03 अदद एसएलआर की पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए** ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। (1) रेल प्रशासन द्वारा आईआरईपीएस वेबसाइट के ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से दो वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 01 यात्रीवाही ट्रेन में 03 अदद एसएलआर के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। (2) विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न अहस्तांतरणीय नीलामी सूची **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। वर्तमान ई-नीलामी के लिए बोली **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से जमा की जाएगी। ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई-नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों को क्लास-III का डिजिटल हस्ताक्षर लेने की भी आवश्यकता पड़ेगी। **ऑक्शन कैटलॉग सं.: पीसीएल-एचडब्ल्यूएच-24-12सी। ट्रेन :** 01 यात्रीवाही ट्रेन में 03 अदद एसएलआर। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 19.12.2024 को 13.00 बजे।

HWH-463/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी /2024/41 दिनांक 06.10.2024। 'ई' खरीद प्रणाली के लिए निविदा।** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निम्नलिखित के अनुसार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की गई खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। सभी निविदाएं दोपहर 14:00 बजे तक बंद हो जाएंगी। **क्रमांक, निविदा संख्या, नियत तिथि, संक्षिप्त विवरण, मात्रा और जमा की जाने वाली बयाना राशि** इस प्रकार हैं: **(1), 60240073**, 24.12.2024, बेहतर स्विच विस्तार जोड़ (पूर्ण सेट) का निर्माण और आपूर्ति आदि, 500 सेट, ₹20,00,000.00; **(2), 25243609ए,** 15.01.2025, सिलिकॉन रबर कंपाउंड सीलेंट, 22,397 किग्रा, ₹2,42,610.00; **(3), 46245040,** 24.12.2024, आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरसीसी सर्वर के साथ एकीकरण/कॉन्फ़िगरेशन सहित कमीशनिंग, 07 सेट, ₹1,77,590.00; **(4), 52243008**, 25.12.2024, 0.9 मिमी व्यास की 4/6 क्वाड केबल के लिए थर्मोश्रिंक जॉइंटिंग किट की आपूर्ति आदि, 1814 संख्या, ₹1,16,870.00; **(5), जीएसडी-केजीपी-ग्राउंडिंग -सी-24-26,** 20.12.2024, ग्राउंडिंग रोलिंग स्टॉक जैसे कि वैगन, गैर-एसी कोच और एसी कोच आदि के लिए क्रेन किराए पर लेना, वैगन-1000, एसी कोच-40, गैर-एसी कोच-80, ₹1,19,700.00; **(6), 29244742ए,** 26.12.2024, आरआर20100सीजी (एम) एयर कंप्रेसर के लिए पीओएच किट, 19 सेट, ₹1,51,300.00; **(7), एचबी247241,** 23.12.2024, सी-आर्म फ्लोरोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और मोटरयुक्त यांत्रिक गति के साथ कमीशनिंग आदि, 01 संख्या, ₹3,16,220.00; **(8), 38243940,** 23.12.2024, योक पिन सपोर्ट के लिए वियर प्लेट (उन्नत एचटी सीबीसी के लिए) आदि, 22,722 संख्या, ₹1,46,170.00; **(9), 79241773ए,** 26.12.2024, 229 x 140 सेमी आकार की पॉलीवस्त्र बेडशीट आदि, 5,20,000 संख्या, शुल्क माफ; **(10), एचबी235921सी,** 26.12.2024, उन्नत ओटी टेबल की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और सहायक उपकरणों के साथ कमीशनिंग आदि, 01 संख्या, ₹1,25,770.00; **(11), 56245186,** 10.02.2025, एसी इम्यून, प्लग-इन-टाइप स्टाइल क्यूटीए2 रिले की आपूर्ति के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, 2500 संख्या, ₹1,06,200.00; **(12), एचबी247168ए,** 27.12.2024, कोक्लियर इम्प्लांट्स (इम्प्लांट और प्रोसेसर के साथ), 18 संख्या, ₹1,98,450.00; **(13), 77243033,** 23.01.2025, एपॉक्सी कम पॉलीयूरीथेन पेंटिंग सिस्टम (टू पैक) की आपूर्ति आदि, 35,400 लीटर, ₹1,36,180.00; **(14), 33243445,** 19.12.2024, एएआर 'एच' प्रकार के सीबीसी कपलर बॉडी असेंबली के लिए स्फेरोइलास्टिक रबर बेयरिंग, 328 संख्या, ₹1,57,030.00; **(15), 33243291बी,** 27.12.2024, पावर कार कोच के सामान कमरे के लिए स्लाइडिंग दरवाजा (दाएं और बाएं), 40 सेट, ₹1,19,960.00; **(16), 33245029,** 30.12.2024, संशोधित वायरिंग के रेट्रो-फिटमेंट की आपूर्ति और स्थापना आदि, 220 सेट, ₹8,53,050.00; **(17), 33243477,** 21.01.2025, फाइबा (FIBA) का मास्ट चेंज किट आदि, 300 सेट, ₹1,77,000.00; **(18), 30240001,** 22.01.2025, वाटर टैंक असेंबली, 65 संख्या, ₹1,04,310.00; **(19), 30241394,** 25.02.2025, यूआईसी प्रकार के रबर वेस्टिब्यूल के लिए लेटरल साइड फ्लैंग (दाएं), 300 संख्या, ₹1,22,480.00; **(20), 46235012ए,** 26.12.2024, आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और आरसीसी सर्वर के साथ एकीकरण/कॉन्फिगरेशन सहित कमीशनिंग, 5 संख्या, ₹1,23,710.00। **(21), 29235009ए,** 27.12.2024, व्हील फ्लैंग लुब्रिकेटिंग सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग, 30 सेट, ₹3,02,670.00; **(22), 29245010,** 01.01.2025, रूफ माउंटेड एयर कंडीशनिंग सिस्टम, 40 संख्या, ₹1,94,720.00; **(23), 29244597,** 05.02.2025, पेंटोग्राफ के लिए आईओएच ओवरहॉलिंग किट, 53 सेट, ₹1,07,070.00; **(24), 29243234**, 26.02.2024, हाई वोल्टेज बुशिंग, 20 संख्या, ₹1,20,360.00। इच्छुक निविदाकार वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदाओं की पूरी जानकारी/ विवरण /विशिष्टताएँ देख सकते हैं और अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इन वस्तुओं के लिए किसी भी स्थिति में मैन्युअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। नोट: संभावित बोलीदाता **www.ireps.gov.in** पर नियमित रूप से विजिट करें ताकि अन्य सभी निविदाओं में भाग ले सकें और इसके बाद प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। **(PR-873)**

**प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/जीआरसी**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# आरजीकर में धमकी की संस्कृति पर हाईकोर्ट ने अस्पताल से मांगी रिपोर्ट

❑ सभी कार्रवाइयों से जुड़े दस्तावेज भी पेश करने को कहा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में धमकी की संस्कृति पर अस्पताल प्रबंधन से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस जय सेनगुप्ता ने शुक्रवार को अस्पताल से सीलबंद लिफाफे में रिपोर्ट मांगी। उन्होंने निर्देश दिया कि पिछले दो सालों में धमकी संस्कृति की कितनी शिकायतें दर्ज की गईं, आरोपितों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, पुलिस को कितनी शिकायतें दी गईं, कुल मिलाकर एक रिपोर्ट दी जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि शिकायत के मद्देनजर



अस्पताल प्रबंधन को अनुशासनात्मक कार्रवाई समेत की गई अन्य सभी कार्रवाइयों से जुड़े दस्तावेज भी पेश करने चाहिए। उल्लेखनीय है कि आरजीकर की प्रशिक्षु महिला डाक्टर से दुष्कर्म व हत्या की वारदात के बाद जूनियर डाक्टरों के आंदोलन के दौरान एक के बाद एक धमकी की संस्कृति की शिकायतें आ रही थीं। इसके बाद आरजी कर अस्पताल की कालेज काउंसिल ने पिछले सितंबर में डाक्टरों समेत 51 लोगों को निलंबित करने का फैसला किया। इनमें हाउस स्टाफ, जूनियर डाक्टर भी शामिल थे। 51 लोगों पर अस्पताल में धमकी संस्कृति चलाने और दहशत का माहौल पैदा करने का आरोप लगाया गया था। सभी 51 छात्रों ने उन्हें निलंबित करने के कालेज काउंसिल के फैसले को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। 22 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने कालेज काउंसिल के फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी। मामले की अगली सुनवाई 16 दिसंबर को है।

### हाईकोर्ट ने एक मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों को 'थ्रेट कल्चर' को लेकर दिया कड़ा संदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य के एक मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों को 'थ्रेट कल्चर' को लेकर कड़ा संदेश दिया। आरजी कर अस्पताल में युवा डॉक्टर की मौत के कई दिनों बाद कॉलेज अधिकारियों ने 11 सितंबर को बर्दवान मेडिकल कॉलेज के सात डॉक्टरों को निलंबित कर दिया। उन सात डॉक्टरों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। शुक्रवार को इसी मामले की सुनवाई थी। इस दिन, जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने टिप्पणी की कि छात्रों को चिलचिलाती धूप में पार्टी कार्यक्रम में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया था। इस तरह के गंभीर आरोप हैं। यह निश्चित तौर पर रैगिंग का मामला है। उन्होंने यह भी कहा कि और भी कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। हाई कोर्ट ने थ्रेट कल्चर से जुड़े इस मामले में बर्दवान मेडिकल कॉलेज को कड़ा संदेश दिया है। जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने कहा, अगर आप यूजीसी की गाइडलाइन का पालन नहीं करेंगे तो कोर्ट को कार्रवाई करनी होगी। इस मामले की अगली सुनवाई 11 दिसंबर को होगी।

## टैब घोटाले से सीख लेते हुए किसानों के धान की बिक्री के पैसों की सुरक्षा के लिए सरकार ने की विशेष पहल

**कोलकाता, समाज्ञा :** टैब घोटाले से सीख लेते हुए इस बार राज्य ने किसानों की मेहनत के पैसों को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से पहल की है। राज्य के किसानों के धान की बिक्री पर सब्सिडी का पैसा अब डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांस्फर के माध्यम से उनके खाते तक पहुंचेगा। पोर्टल के जरिए किसानों के खाते में पैसा पहुंचने में इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक कितनी सुरक्षित है, इसमें कोई खामी तो नहीं है, इसका पता लगाने के लिए रिपोर्ट मांगी गई है। खाद्य मंत्री रथिन घोष ने हाल ही में इस संबंध में निर्देश दिये हैं। अभी खरीफ का मौसम है। इस सीजन का धान उग चुका है और बिक रहा है। इस समय को छोड़कर रबी की फसल फरवरी माह से बढ़ता है। वर्ष के



दौरान खाद्य विभाग इन दो प्रकार की फसलों के रूप में किसानों से सीधे खरीदता है। वर्तमान में, पंजीकृत किसानों की संख्या 17 लाख 78 हजार 429 है। इन्हें खाद्य विभाग से 2300 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिलता है। अगर किसान इसे सीधे क्रय केंद्र पर बेचते हैं तो उन्हें 20 रुपये अतिरिक्त मिलते हैं। धान खरीद का लक्ष्य फिलहाल 70 लाख मीट्रिक टन है, 51 लाख की खरीद हो चुकी है। चालू सीजन में खाद्य विभाग ने अब तक किसानों से 5 लाख 92 हजार 581 मीट्रिक टन धान खरीदा है। विभाग का दावा है कि धान बिक्री का पैसा हर किसान तक एक निश्चित अवधि के अंदर पहुंच जाता है। इतने किसानों से धान खरीद का लेखा-जोखा एक खास पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। उन्हें भेजे गए पैसों का हिसाब-किताब भी उस पोर्टल में दर्ज है, लेकिन किसान तक पहुंचने का यह तरीका कितना सुरक्षित है, इसकी जांच खाद्य विभाग करेगा। मंत्री के मुताबिक, हमारी डीबीटी प्रणाली पूरी तरह सुरक्षित है। किसान निश्चिंत रहें। हालांकि, एहतियात के तौर पर, हम स्वयं जांचना चाहते हैं कि यह प्रक्रिया कितनी सुरक्षित है।

## घुगनी के खौलते कढ़ाई में गिरकर मासूम बच्चे की मौत

**बीरभूम :** घुगनी के खौलते कढ़ाई में गिर कर गंभीर तौर पर झुलसने वाले मासूम बच्चे की मौत शुक्रवार को अस्पताल में हो गई। घटना बीरभूम जिले के धनंजयपुर गांव में गत सोमवार को घटी थी। गत सोमवार को यह घटना उस समय हुई जब मनौअरा बेगम अपने घर के चूल्हे पर घुगनी बना रही थीं। खाना पकाने के दौरान उन्होंने गर्म घुगनी की कढ़ाई चूल्हे से उतारकर पास में रख दी और मसाला लेने के लिए अंदर चली गईं। उसी समय उनका डेढ़ साल का बेटा, अकसम शेख, रेंगते हुए कढ़ाई के पास पहुंच गया और उसमें गिर पड़ा। गर्म घुगनी से बच्चा गंभीर रूप से झुलस गया और उसका शरीर 90 प्रतिशत तक जल गया। घटना के तुरंत बाद परिवार और पड़ोसियों ने बच्चे को मुरारई



अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रामपुरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। यहां भी स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टरों ने उसे बर्दवान मेडिकल कॉलेज भेज दिया। इस दिन, सुबह में इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए बर्दवान मेडिकल कॉलेज के पुलिस मॉर्चरी भेजा गया है। इस हादसे के बाद से धनंजयपुर गांव में शोक की लहर है।

# देश के विकास में शिक्षा सर्वोपरि : दिग्विजय सिंह

### सांसद ने हावड़ा में आइडियल पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया

**कोलकाता :** समाज और देश के विकास में शिक्षा सर्वोपरि है। शिक्षित व्यक्ति ही समाज या देश को सही दिशा दे सकता है। इसलिए हर नागरिक को शिक्षित होना जरूरी है। राज्यसभा सांसद व मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ये बातें कहीं। वे हावड़ा के कुलगछिया स्थित

आइडियल पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने मजूदा समय में बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी अपडेट होने की आवश्यकता बताई। साथ ही सांसद ने समाज सेवा क्षेत्र में अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के कार्यों की सराहना की। उन्होंने राजनीतिक भावना से ऊपर उठकर




सेवा के लिए अन्य संस्थाओं को भी प्रेरित किया। कुलगछिया आइडियल पब्लिक सोसाइटी के अध्यक्ष सारनाथ सिंह ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। समारोह में सोसाइटी के सचिव प्रेम नाथ सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति की सचिव ममता सिंह व स्कूल के प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह, आइडियल पब्लिक स्कूल, अमता के प्रधानाचार्य अभिनव सिंह, उप प्राचार्या अदिति गांगुली, मधुमिता धारा, जनसंपर्क अधिकारी पारोमिता बनर्जी उपस्थित थे।

इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जेपी सिंह, अध्यक्ष शेखर सिंह, महासचिव शंकर बक्श सिंह, प्रभुनाथ सिंह, आरपी सिंह, दिनेश सिंह, श्रीप्रकाश सिंह, अनिल सिंह, राजकुमार सिंह, विजय सिंह, शिव शंकर सिंह, शिव कुमार सिंह, नीरज सिंह, गुड्डन सिंह, सूरज सिंह, अंकित सिंह, देवेंद्र सिंह, शोभा सिंह, एसएस राजपूत, देवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह, भारत क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक अरविंद सिंह, अध्यक्ष रणधीर सिंह, आजमगढ़ सेवा संघ के अध्यक्ष राम अनुज सिंह व केके सिंह सहित अन्य कई विशिष्ट जन उपस्थित थे।

## गोदरेज डीईआई लैब और खेतान एंड कंपनी ने विकलांग व्यक्तियों के कार्यस्थल समावेशन का समर्थन किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की विविधता और समावेश शाखा गोदरेज डीईआई लैब और एक प्रमुख पूर्ण-सेवा कानूनी फर्म खेतान एंड कंपनी ने अंतरराष्ट्रीय विकलांग व्यक्ति दिवस मनाया। गोदरेज डीईआई लैब के सहयोग से खेतान एंड कंपनी की विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों पर पुस्तिका के दूसरे संस्करण का अनावरण मुंबई में उनके विकलांगता समावेश शिखर सम्मेलन में किया गया। गोदरेज डीईआई लैब के प्रमुख परमेश शाहानी ने कहा, यह आयोजन कार्यस्थल समावेशन के प्रति हमारी निःरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह के उद्देश्य के अनुरूप, विविध हितधारकों और विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, हम अधिक समतापूर्ण कॉर्पोरेट भारत के लिए सक्रिय रूप से रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। खेतान एंड कंपनी के पार्टनर आकाश चौबे ने कहा, विकलांग व्यक्तियों के लिए एक समावेशी कार्यस्थल बनाना न केवल एक कानूनी दायित्व है, बल्कि संगठनों के लिए एक अनिवार्यता भी है।

## ट्रेलर के धक्के से सिविक वॉलंटियर की मौत

**अलीपुरद्वार :** सालसाबाड़ी इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रेलर के धक्के से ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक सिविक वॉलंटियर की मौत हो गयी। मृत सिविक वॉलंटियर का नाम विश्वजीत गोस्वामी है। वह माझेरडाबरी का निवासी था। सूत्रों के अनुसार, विश्वजीत शामुकतला पुलिस थाना अंतर्गत सलसलाबाड़ी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को नियंत्रित कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब 9.30 बजे असम से सिलीगुड़ी जा रहे हरियाणा के एक 16 पहिया ट्रेलर ने विश्वजीत को पीछे से टक्कर मार दी जिससे विश्वजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने विश्वजीत को बरामद कर अलीपुरद्वार जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने विश्वजीत को मृत घोषित कर दिया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारी को दिए गए पैसों को वापस नहीं मांगा जा सकती : कोलकाता हाईकोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हाईकोर्ट ने कहा कि यदि धोखाधड़ी या गलत बयानी का कोई आरोप नहीं है, तो सेवानिवृत्त कर्मचारी को दिए गए अतिरिक्त पैसे वापस नहीं मांगी जा सकती है। 30 जून, 2027 को प्रधान शिक्षक के पद से सेवानिवृत्त होंगे आवेदक। 1 जुलाई 2002 को 10वीं कक्षा के हाई स्कूल से स्कूल को 12वीं कक्षा में अपग्रेड किया गया। उसके आधार पर अपर जिला विद्यालय निरीक्षक ने आवेदक के वेतन में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। वेतन वृद्धि राज्य स्कूल शिक्षा विभाग के लेखा निदेशक द्वारा जारी आधिकारिक ज्ञापन के अनुसार है। उन्हें सेवानिवृत्ति तक मूल वेतन पर तीन प्रतिशत की वृद्धि और उस आधार पर अतिरिक्त ग्रेड वेतन के रूप में 200 रुपये मिले। लेकिन सेवानिवृत्ति के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक का दावा है कि 27 फरवरी 2009 के बाद किसी स्कूल को 12वीं कक्षा में अपग्रेड करने पर प्रधानाध्यापक को वेतन वृद्धि आवंटित नहीं की जा सकती। इस तर्क पर याचिकाकर्ता का सेवानिवृत्ति बकाया रोक दिया गया है। 22 जून, 2021 को हाईकोर्ट के एकल न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया। फैसले को चुनौती देते हुए राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति हरीश टंडन और न्यायमूर्ति प्रोसेनजीत विश्वास की बेंच के फैसले के खिलाफ याचिका दायर की, लेकिन हाई कोर्ट ने राज्य की याचिका खारिज कर दी और एकल पीठ के फैसले को बरकरार रखा।

## बांग्लादेश में अशांति के कारण कोलकाता में बैठक की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में चल रही अशांति को लेकर कोलकाता में होने वाली सभा की अनुमति के लिए हाई कोर्ट में आवेदन किया गया है। सभा आयोजित करने वाली संगठन को पुलिस से अपील करने का जब कोई फायदा नहीं हुआ तो उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। आगामी 10 दिसंबर को धर्मतला में डोरिना क्रॉसिंग पर सभा करने की मांग करते हुए कलकत्ता पुलिस को एक आवेदन पहले ही प्रस्तुत किया जा चुका है। लेकिन जब पुलिस ने अनुरोध का जवाब नहीं दिया, तो संगठन ने शुक्रवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। कोलकाता हाई कोर्ट के जज तीर्थंकर घोष ने केस दायर करने की इजाजत दे दी है। खबर है कि मामले की सुनवाई अगले सोमवार 9 दिसंबर को होगी।

## मोतीलाल ओसवाल वेल्थ मैनेजमेंट ने कमोडिटी समिट 2024 का आयोजन किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेस लिमिटेड (एमओएफएसएल) ने कोलकाता में बहुप्रतीक्षित कमोडिटी समिट 2024 की मेजबानी की, जिस में कमोडिटी डेरिवेटिव बाजारों की विकसित गतिशीलता का पता लगाने के लिए उद्योग के नेताओं, विशेषज्ञों और निवेशकों को एक साथ लाया गया। पूरे दिन के सेमिनार ने कमोडिटी स्पेस में विकास, अवसरों और रणनीतियों पर व्यावहारिक चर्चा प्रदान की। शिखर सम्मेलन में मोतीलाल ओसवाल में 'एमसीएक्स – उभरते व्यापार अवसर', बिजनेस बियॉन्ड 3 पीएम, एक्शनेबल स्ट्रैटेजीज, कमोडिटी इकोसिस्टम जैसे कमोडिटी एसेट के नेतृत्व वाले विषयों पर गहरा गोता लगाया गया, इसके बाद कमोडिटी बाजार में प्रमुख रुझानों और अवसरों पर एक रणनीतिक पैनल चर्चा हुई। शिखर सम्मेलन में उपस्थित नेताओं में नवनीत दमानी, हेड-कमोडिटीज रिसर्च, वेल्थ मैनेजमेंट, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, किशोर नार्ने, कार्यकारी निदेशक, वेल्थ मैनेजमेंट, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड, गौरव कौशिक, क्षेत्रीय प्रमुख, ईस्ट बिजनेस डेवलपमेंट, एमसीएक्स के साथ वित्तीय कोच हितेश माली शामिल थे।

## 20 दिसंबर को कोलकाता में होगा एनसीसी के राष्ट्रीय नौकायन अभियान का समापन

❑ कानपुर से कोलकाता तक 1600 किलोमीटर लंबे अभियान पर निकले हैं एनसीसी कैडेट्स

**कोलकाता :** गणतंत्र दिवस- 2025 समारोह से पहले एनसीसी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रीय स्तर के विशेष नौकायन अभियान का 20 दिसंबर को कोलकाता में समापन होगा। देश भर के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने वाले एनसीसी के सभी निदेशालयों के एनसीसी कैडेटों की भागीदारी वाला यह नौकायन अभियान 21 अक्टूबर को कानपुर से शुरू हुआ था, जिसमें कुल 1600 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की जाएगी। यह कैडेटों को बंगाल में गंगा और हुगली नदी के चुनौतीपूर्ण हिस्सों में नौकायन करने का अवसर भी प्रदान करेगा, जिससे साहसिक गतिविधियों को करने के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। एनसीसी के बंगाल व सिक्किम निदेशालय द्वारा एक बयान में बताया गया कि यह अभियान एनसीसी महानिदेशक के निर्देशन में चलाया जा रहा है। इस साहसिक नौकायन अभियान में 17 निदेशालयों के 400 से अधिक कैडेट भाग ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त, 150 एनसीसी कैडेट आइएनएस तरंगिनी पर समुद्री नौकायन कर रहे हैं, जो तीन दिसंबर को मुंबई से शुरू हुआ और 20 दिसंबर 2024 को विशाखापत्तनम में समाप्त होगा।

गंगा नदी में मनिहारी से फरक्का (120 किलोमीटर) और हुगली नदी के साथ फरक्का से कोलकाता (410 किलोमीटर) के बीच के हिस्से में नौकायन की जिम्मेदारी एनसीसी निदेशालय, बंगाल और सिक्किम की है। नौकायन टीम ने चार दिसंबर की शाम को बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के फरक्का में प्रवेश किया। शनिवार को नौकायन दल फरक्का से कोलकाता के लिए रवाना होगा, जिसमें रास्ते में बहरमपुर, नवद्वीप और कल्याणी सहित बारह घाटों का दौरा और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों की कई शैक्षिक यात्राएं शामिल हैं। इस यात्रा के दौरान, एनसीसी कैडेटों द्वारा राष्ट्र को हमेशा सर्वोपरि रखने के व्यापक संदेश को फैलाने के लिए कई सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

कैडेट मार्ग में तटीय सफाई, प्रदूषण विरोधी अभियान, वृक्षारोपण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित कई सामाजिक गतिविधियों के जरिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस अभियान का समापन 20 दिसंबर को कोलकाता में हुगली नदी के किनारे मैन आफ वार जेटी पर बंगाल और सिक्किम निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विवेक त्यागी द्वारा हरी झंडी दिखाने के साथ होगा।

## हेयर एंड केयर ऑयल इन सीरम है आपकी स्टाइल का परफेक्ट साथी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पार्टी का मौसम शुरू हो चुका है, और ये समय है अपने बालों को सबसे बेहतरीन दिखाने का! पार्टी में नए कपड़े, मेकअप और मस्ती तो होती ही है, लेकिन आपके बाल आपके लुक को पूरा करते हैं। स्टाइलिंग, प्रदूषण और बदलते मौसम की वजह से बाल बेजान और रूखे हो सकते हैं। ऐसे में हेयर एंड केयर ऑयल-इन-सीरम आपका परफेक्ट हेयर केयर साथी बन सकता है। विटामिन ई और बादाम तेल से युक्त यह हल्का सीरम आपके बालों को पोषण देता है, उन्हें मुलायम, चमकदार और फ्रिज-फ्री बनाता है। खास बात यह है कि यह बिना चिपचिपाहट के तुरंत असर दिखाता है, जिससे आपके बाल हर समय पार्टी के लिए तैयार रहते हैं। ऑयल के पोषण और सीरम की लाइटवेट स्टाइलिंग का यह अनोखा मिश्रण न सिर्फ आपके बालों को संवारता है बल्कि उन्हें नुकसान से बचाकर खूबसूरत बनाता है।

## मेट्रो रेलवे ने भारत रत्न बी.आर. अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया




**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे ने शुक्रवार को भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। मेट्रो रेल भवन में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मेट्रो रेलवे के प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर असीम कुमार मजूमदार ने डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ अम्बेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण करने के साथ-साथ दीप प्रज्वलित कर उन्हें स्मरण किया। इस मौके पर उपस्थित मेट्रो रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों, अन्य वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को अपना सम्मान और श्रद्धांजलि अर्पित की। मेट्रो कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ-साथ अखिल भारतीय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ के सदस्यों ने बाबासाहेब के कार्यों और समाज और वंचितों के हित में उनके उत्कृष्ट योगदान को याद किया।

# पूर्व रेलवे ने ऑपरेशन अमानत के तहत 2 लाख के खोए हुए सामानों को किया बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने चल रही पहल, ऑपरेशन अमानत के माध्यम से अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है। इस अभियान के तहत, विभिन्न खोई हुई वस्तुओं को उनकी सही मालिको को सौंप दिया गया। 1 अप्रैल 2024 से 30 नवंबर 2024 तक पूरे नेटवर्क में कुल 2,423 सामान बरामद किए गए। जिसमें हावड़ा डिवीजन में 1,124 सामान, सियालदह डिवीजन में 611 सामान, मालदह डिवीजन में 231 सामान और आसनसोल डिवीजन में 457 सामान बरामद किए। इन पुनर्प्राप्त वस्तुओं का कुल मूल्य 3,01,29,241 है, जिसमें हावड़ा डिवीजन से 13,229,057, सियालदह डिवीजन से 7,296,326, मालदह डिवीजन से 3,811,479 और आसनसोल डिवीजन से 5,792,379 है। यह ऑपरेशन अपने यात्रियों के कल्याण और सुरक्षा के प्रति पूर्वी रेलवे के समर्पण का एक प्रमाण है, जो यह सुनिश्चित करता है कि खोया हुआ सामान तेजी से उनके असली मालिकों को लौटाया जाए।

5 दिसंबर 2024 को, हावड़ा डिवीजन, सियालदह डिवीजन, आसनसोल डिवीजन और मालदह डिवीजन के आरपीएफ अधिकारियों ने ट्रेनों और रेलवे परिसरों से कई बचे हुए सामान को सफलतापूर्वक बरामद किया। इन वस्तुओं में एक मोबाइल फोन, मोबाइल चार्जर, कोट पैंट और 14 बैग में कीमती सामान जैसे कपड़े, एक लैपटॉप, पावर बैंक, मोबाइल चार्जर, कॉस्मेटिक सामान, जैकेट, कंबल, चश्मा, दस्तावेज और 15 हजार नकद शामिल थे। इन बरामद वस्तुओं की कुल कीमत लगभग 1,99,800/- थी।

वहीं, 4 दिसंबर 2024 को, आरपीएफ ने तीन मोबाइल फोन, एक पावर बैंक और कपड़े, जैकेट, कंबल, चांदी के सिक्के, दस्तावेज और 20 हजार नकद सहित कई खोई हुई वस्तुओं को पुनः प्राप्त करते हुए अपने पुनर्प्राप्ति प्रयास जारी रखे। इन बरामद वस्तुओं की अनुमानित कीमत 94,073 है। हावड़ा, बर्दवान, तारकेश्वर, बामंगाची, बल्ली, सियालदह, आसनसोल और मालदा सहित विभिन्न स्टेशनों पर पाई गईं। सत्यापन प्रक्रिया के बाद, आइटम तुरंत उनके असली मालिकों को लौटा दिए गए।

## पूर्व रेलवे ने डॉ बी.आर. अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए महापरिनिर्वाण दिवस मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने शुक्रवार को कोलकाता के फेयरली प्लेस स्थित अपने मुख्यालय में भारत रत्न डॉ. बी.आर. अम्बेडकर को श्रद्धांजलि देते हुए महापरिनिर्वाण दिवस मनाया। इस समारोह का नेतृत्व महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने किया। जिन्होंने औपचारिक दीप प्रज्वलित किया और डॉ. अंबेडकर की विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक सुमित सरकार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जरीना फिरदौसी, पूर्व रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख प्रमुखों और कर्मचारियों सहित सभी ने हॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संविधान को आकार देने में डॉ. अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका और सामाजिक न्याय में उनके योगदान को याद करने की पूर्वी रेलवे की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। पूर्व रेलवे मुख्यालय में समारोह के अलावा, महापरिनिर्वाण दिवस पूर्व रेलवे के विभिन्न मंडल मुख्यालयों यानी हावड़ा, सियालदह, आसनसोल और मालदह मंडल के मंडल रेल प्रबंधकों (डीआरएम) कार्यालय, कार्यशालाओं और अन्य कार्यालयों में मनाया गया।

## यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस में जोड़े एसी 3-टियर कोच

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में वातानुकूलित डिब्बों को जोड़ने का निर्णय लिया जाता है। जिसका उद्देश्य यात्रियों के समग्र यात्रा अनुभव को बेहतर बनाना है। इसके तहत, रेलवे ने अस्थायी आधार पर पूर्वांचल एक्सप्रेस के साथ एक अतिरिक्त वातानुकूलित (एसी 3 टियर) कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। 15047/15048 कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस जो 09.12.2024 से 19.12.2024 तक कोलकाता से चलेगी एवं 08.12.2024 से 17.12.2024 तक गोरखपुर से नामांकित दिनों पर चलेगी। अब यह ट्रेन 22 कोचों के साथ चलेगी और इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक यात्रा में 144 अतिरिक्त बर्थ उत्पन्न होंगी। 15049/15050 कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस 11.12.2024 से 18.12.2024 तक कोलकाता से चलेगी और 11.12.2024 से 18.12.2024 तक गोरखपुर से चलेगी। अब यह ट्रेन 22 कोचों के साथ चलेगी और इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक यात्रा में 144 अतिरिक्त बर्थ उत्पन्न होंगी। 15051/15052 कोलकाता-गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस दिनांक 13.12.2024 से 20.12.2024 तक कोलकाता से रवाना होगी और 12.12.2024 से 19.12.2024 तक गोरखपुर से रवाना होगी। अब यह ट्रेन 22 कोचों के साथ चलेगी और इस ट्रेन के चलने से प्रत्येक यात्रा में 144 अतिरिक्त बर्थ उत्पन्न होंगी।

## इसुजू मोटर्स इंडिया का भारत में 'इसुजू आई-केयर विंटर कैंप' का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** इसुजू मोटर्स इंडिया ने वाहन स्वामित्व का बेहतरीन और अतुलनीय अनुभव प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के साथ पूरे देश में 'इसुजू आई केयर विंटर कैंप की घोषणा की है। इसुजू डी-मैक्स पिक-अप और एसयूवी के लिए डिजाइन किए गये ये शिविर पूरे देश में इसुजू वाहन मालिकों को आकर्षक लाभ और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस जांच प्रदान करेंगे। 'इसुजू केयर' द्वारा 09 से 14 दिसंबर 2024 के बीच सभी अधिकृत इसुजू डीलर सर्विस आउटलेट्स पर विंटर कैंप लगाया जा रहा है। इस अवधि में ग्राहकों को उनके वाहनों के लिए विशेष ऑफर और लाभ दिये जा रहे हैं। 'विंटर कैंप' अहमदाबाद, बारामूला, बेंगलुरु, भांडुप (मुंबई), कालीकट, चेन्नई, कोयंबतूर, दीमापुर, गांधीधाम, गोरखपुर, गुरुग्राम, गुवाहाटी, हिसार, हुबली, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, जयगांव, जम्मू, जालंधर, जोधपुर, करनाल , कोच्चि, कोल्हापुर, कोलकाता, कुरनूल, लखनऊ, एलबी नगर (हैदराबाद), लेह, मदुरई, मैंगलोर, मेहसाणा, मोहाली, मुंबई, मैसूर, नागपुर, नासिक, नई दिल्ली, नोएडा, नेल्लौर, पुणे, रायपुर, रत्नागिरी, राजामुंदरी, राजकोट, सतारा, शिवमोग्गा, सिलीगुड़ी, सोलापुर, सूरत, तिरुनेलवेली, तिरूपति, त्रिवेंद्रम, वडोदरा, विजयवाडा, और विशाखापतनम में इसुजू के अधिकृत सर्विस केंद्रों में लगाये जाएंगे।

## दुर्गापुर में दिनदहाड़े पुलिस अधिकारी के घर में चोरी, इलाके में सनसनी

**पश्चिम बर्दवान :** जिले के दुर्गापुर में पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) के घर में दिनदहाड़े चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को सिटी सेंटर हाउसिंग के डी-6 क्वार्टर में चोरों ने घर का ताला तोड़कर नकदी और आभूषण चुरा लिए। इस घटना ने इलाके में हड़कंप मचा दिया है। यह घर एएसआई संजय आकुली का है, जो वर्तमान में पुरुलिया पुलिस लाइन में तैनात हैं।

इस दिन, उनकी पत्नी साती आकुली अपने बेटे को स्कूल से लाने गई थीं। महज आधे घंटे के अंदर, चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे गहने और 15 हजार रुपये नकद लेकर फरार हो गए। जब साती आकुली अपने बेटे के साथ घर लौटीं, तो उन्होंने देखा कि घर का मुख्य दरवाजा टूटा हुआ था। अंदर का नजारा देख वह हैरान रह गईं। अलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने तुरंत शोर मचाकर पड़ोसियों को बुलाया। दिनदहाड़े पुलिस अधिकारी के घर में चोरी की घटना ने स्थानीय निवासियों को चिंता में डाल दिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए दुर्गापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

डीसीपी (पूर्व) अभिषेक गुप्ता ने कहा कि हम मामले की तह तक जाने की कोशिश कर रहे हैं। अपराधियों की पहचान के लिए जांच जारी है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की अमानवीय घटनाओं का विरोध

❑ सन 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारतीय सैन्य अधिकारियों के शौर्य, पराक्रम की याद ताजा है : डी जे क्लेर

**कोलकाता :** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, हिन्दू मंदिर – तीर्थ स्थानों पर हिंसक घटनाओं का विरोध करते हुए निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने विश्व शान्ति के लिये केन्द्र एवम् राज्य सरकार से बांग्लादेश सरकार से वार्ता करने का निवेदन किया। सत्संग भवन में वायु सेना पदक से अलंकृत विंग कमांडर डी जे क्लेर ने कहा शेख हसीना की सरकार को गिराने के बाद सत्ता संभालने वाली सरकार द्वारा देशद्रोह के आरोप में इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की गिरफ्तारी की घटना ने बांग्लादेश में सरकार के रवैये के बारे में सोचने पर मजबूर कर दिया है। सन 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारतीय सैन्य



अधिकारियों के शौर्य, पराक्रम की याद ताजा है। उनके पिताजी मेजर जनरल हरदेव सिंह क्लेर को महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। ब्रह्ममयी काली मन्दिर के महामंडलेश्वर स्वामी परमात्मानंद महाराज ने कहा अखिल भारतीय संत समिति के कार्यकर्ता बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिये केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, राज्यपाल को ज्ञापन देंगे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार की अमानवीय घटनाएं शर्मनाक है। भारत एवम् पश्चिम बंगाल के सन्त, साधु – महात्मा संगठित रूप में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए संकल्पित भाव से जागरूकता अभियान का संचालन कर रहे हैं। स्वामी कालिकानंद, संजय ब्रह्मचारी, पण्डित विष्णु झा, श्रीबन्धु गोपीदास, राजेन्द्र कुमार सोनी, महेश आचार्य, सच्चिदानंद पारिक, अभय पाण्डेय एवम श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### स्कूल भर्ती घोटाले में कालीघाटेर काकू को मिली जमानत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले के आरोपी सुजॉय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाटेर काकू को जमानत दे दी है। उच्च न्यायालय ने जिस मामले में सुजॉय कृष्ण को जमानत दी है, वह ईडी ने दर्ज किया था। अदालत ने जमानत देते हुए सुजॉय कृष्ण को ट्रायल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र के बाहर न जाने का निर्देश दिया है। सुजॉय कृष्ण शिक्षक भर्ती घोटाले में सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में भी आरोपी हैं। उच्च न्यायालय ने जमानत देते हुए ये भी कहा कि सबूतों से कोई छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। अदालत ने सुजॉय कृष्ण को अपना पासपोर्ट भी जमा करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि सुजॉय कृष्ण को बीते साल शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में सीबीआई ने भी सुजॉय के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की लेकिन सीबीआई इस मामले में कोई सबूत पेश करने में नाकाम रही।

### आरबीआई एमपीसी बैठक पर परिप्रेक्ष्य : शिशिर बैजल

**कोलकाता, समाज्ञा :** रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक में लिए गए फैसलों का ऐलान कर दिया। रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसमें नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक, शिशिर बैजल ने कहा कि जैसा कि अनुमान था, आरबीआई ने ब्याज दरों पर अपना विराम बरकरार रखा है। केंद्रीय बैंक वर्तमान में आईएनआर गिरावट, बॉन्ड यील्ड में नरमी, लगातार मुद्रास्फीति और विकास में मंदी से जूझ रहा है। हालांकि विकास में मंदी अभी भी चिंताजनक नहीं है, लेकिन यह आरबीआई को ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और मुद्रा को स्थिर करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पर्याप्त छूट प्रदान करता है। हालांकि, एक तटस्थ रुख की ओर निरंतर बदलाव से पता चलता है कि केंद्रीय बैंक का ध्यान धीरे-धीरे मुद्रास्फीति नियंत्रण से विकास को समर्थन देने की ओर बढ़ रहा है।

### बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 : भारत के बुनियादी ढांचा विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला वैश्विक मंच

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के बुनियादी ढांचा क्षेत्र में क्रांति लाने वाला प्रतिष्ठित व्यापार मेला बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 का आयोजन होने वाला है। 11 से 14 दिसंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने यह कार्यक्रम न केवल नवीनतम प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन करेगा, बल्कि निर्माण और खनन क्षेत्रों के भविष्य को आकार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम भी उठाएगा। बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 एक ऐसा मंच बनेगा जहां 100 से अधिक देशों के 75 हजार से अधिक व्यापारिक आगंतुक और 1,000 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे। यह मंच वैश्विक सहयोग और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी के जरिए इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को सशक्त बनाने पर चर्चा करेगा। यह केवल एक ट्रेड शो नहीं है, बल्कि यह व्यापारिक विकास का उत्प्रेरक है। इसमें 135,000 वर्ग मीटर प्रदर्शनी क्षेत्र है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक प्रदर्शित की जाएगी। 7 हजार से अधिक क्यूरेटेड बायर-सेलर मीटिंग्स, जो महत्वपूर्ण व्यावसायिक कनेक्शनों को बढ़ावा देंगी। 20 हजार+ समाधान, जो भारत के बुनियादी ढांचा संकटों को हल करने के लिए तैयार हैं।

### अमेजन फैशन ने 'वार्डरोब रिफ्रेश सेल' का 15वां एडिशन किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन फैशन ने अपने ग्राहकों को आकर्षित करने लिए वार्डरोब रिफ्रेश सेल के अपने 15वें एडिशन की घोषणा की है। यह सेल 6 दिसंबर से 11 दिसंबर, 2024 के बीच आयोजित की जाएगी। कंपनी की ओर से पेश इस विंटर फैशन एक्स्ट्रावेगेंजा में ग्राहकों को अपैरल, एक्सेसरीज, ब्यूटी एवं ज्वेलरी से लेकर गर्म कपड़ों, फेस्टिव वियर, ट्रैवल, पार्टी एवं शादी विवाह से जुड़े कपड़ों की विशाल रेंज में से शॉपिंग का मौका मिलेगा। यह सेल अमेजन फैशन के विशाल संग्रह के साथ खासतौर पर तैयार की गई है। इस सेल में 30 मिलियन से ज़्यादा प्रोडक्ट को शामिल किया गया है, जिसमें अपैरल, ब्यूटी, फुटवियर, एक्सेसरीज, ट्रैवल लगेज आदि से जुड़े 1.2 लाख ब्रांड की 30 लाख से ज्यादा स्टाइल शामिल हैं। अपनी इस बेहतरीन पेशकश के साथ, वार्डरोब रिफ्रेश सेल उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है जो लेटेस्ट ट्रेंड और क्लासिक्स कलेक्शन के साथ सर्दी के दौरान अपनी वार्डरोब को एक बार फिर नया रूप देना चाह रहे हैं।

# विधायक को खींचकर दिखाई सड़क की हालत



**हुगली :** जनसंपर्क अभियान के लिए निकले चुंचुड़ा विधायक असित मजूमदार को स्थानीय लोगों के रोष का सामना करना पड़ा। लोगों ने विधायक को घेरकर नाराजगी जाहिर की सड़कों की बदहाली दिखाई।

पिछले लोकसभा चुनाव में चुंचुड़ा विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल भाजपा से लगभग 8,500 वोटों से पीछे थी। लोगों का समर्थन क्यों नहीं मिला, यह जानने के लिए 20-24 नवंबर को पार्टी कार्यकर्ताओं ने जनसंपर्क यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की। कोदलिया एक और दो ग्राम पंचायत क्षेत्र में पानी, सड़क, आवास और जल निकासी को लेकर क्षेत्रवासी काफी नाराज है। कुछ दिनों का ब्रेक के बाद फिर चुंचुड़ा विधायक असित मजूमदार ने जनसंपर्क कार्यक्रम शुरू किया। वह हुगली-चुंचुड़ा नगरपालिका के वार्ड नंबर 2 पद्मा पार्क इलाके में जनसंपर्क के लिए गए, वहां के निवासियों ने अपना गुस्सा जाहिर किया। जल, आवास, निकासी, साफ सफाई पेयजल की समस्या को लेकर ग्रामीण महिलाएं विधायक पर विफर गई। विधायक का हाथ पकड़कर उन्हें समस्या से अवगत कराया गया। निवासियों ने कहा कि विधायक पहले भी कई बार उनकी शिकायतें सुनने आये थे लेकिन उन्होंने सिर्फ सुना और कुछ किया नहीं।

स्थानीय निवासी काकोली गुप्ता ने कहा, सड़क पूरी तरह से टूट गई है, मेरे घर में एक समारोह था और मैं पानी की गाड़ी में प्रवेश नहीं कर सकी। कहा कि विधायक सिर्फ समस्या सुनते है लेकिन समाधान नहीं कर पाते। एक अन्य निवासी राजू पाल ने कहा कि सड़के बदहाल हालत में। उस पर चलना दुर्भर है अनेकों समस्याएं है लेकिन हल नहीं निकलता। विधायक से कहा गया था कि वह सड़क ठीक करा देंगे लेकिन ऐसा नहीं किया गया। विधायक असित मजूमदार ने कहा कि मैं लोगों की शिकायतें सुनने निकला हूं। लोगों का गुस्सा जायज है। मैं इसे गुस्सा नहीं कहूंगा। मुझे यह भी बताया गया है कि पार्षद अनदेखी कर रहे है। सरकार इस बारे में सीधे संपर्क में हूं, यह स्वाभाविक है कि लोग मुझे अपनी कमी और शिकायतों के बारे में बताएंगे।

## बीएसएफ ने नदिया जिले में सोने की तस्करी को किया विफल



❑ **91.6 लाख मूल्य के 1.2 किलो अवैध सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार**

**कोलकाता :** बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 32वीं बटालियन की सीमा चौकी मलुआपाड़ा के जवानों ने पश्चिम बंगाल के जिला नदिया के सीमावर्ती इलाके में विशेष ऑपरेशन में मजदिया से कृष्णानगर जा रही बस से एक व्यक्ति को 5 अलग अलग आकार की सोने की ईंटों के साथ गिरफ्तार किया जब यह व्यक्ति सोने की खेप को आगे डिलीवरी के लिए कृष्णानगर लेकर जा रहा था। जब्त सोने का वजन 1.2 किलो है और अनुमानित बाजार मूल्य 91.6 लाख रुपए है। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमान्त की इस हफ्ते तीसरी सोने की जब्ती है। हाल ही में बीएसएफ ने उत्तर 24 परगना व मालदा जिले में एक ही दिन 1.62 करोड़ के 18 सोने के बिस्कुट जब्त किये थे।

दिनांक 5.12.2024 को सीमा चौकी मलुआपाड़ा के जवानों को मजदिया से कृष्णानगर जा रही बस से सोने की तस्करी की विशेष सूचना मिली। सूचना मिलते ही 32 वीं बटालियन के जवानों ने विशेष ऑपरेशन के दौरान बस को रास्ते में चौगाछा गांव के पास मुख्य सड़क पर रोका, जहां संदिग्ध की पहचान के बाद उसे बस से नीचे उतारा गया और अन्य यात्रियों की मौजूदगी में एक हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर की मदद से उसकी तलाशी के दौरान उसकी कमर में बंधे काले कपडे की बेल्ट से 5 सोने के अलग अलग आकार की ईंटे बरामद हुई। तुरंत संदिग्ध को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से बरामद सोने को जब्त कर आगे की कार्यवाही के लिए सीमा चौकी मलुआपाड़ा लाया गया।

गिरफ्तार व्यक्ति व जब्त सोने को आगे की कानूनी जाँच के लिए सीमा शुल्क विभाग मजदिया को सौंप दिया गया है।

## आरजीकर मामले में न्याय की मांग पर जूनियर डॉक्टरों और मृत चिकित्सक के माता-पिता ने निकाली रैली



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में जवाबदेही और व्यापक सुधार की मांग को लेकर शुक्रवार को कनिष्ठ चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और लोगों ने यहां विरोध मार्च में हिस्सा लिया। पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फेडरेशन (डब्ल्यूबीजेडीएफ) द्वारा आयोजित रैली पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल से शुरू हुई और सॉल्टलेक में स्थित स्वास्थ्य भवन पर समाप्त हुई। इस मार्च में मृत महिला चिकित्सक के माता-पिता भी शामिल हुए। मृत चिकित्सक के पिता ने पत्रकारों से कहा कि मेरी बेटी की मौत को 119 दिन बीत चुके हैं, लेकिन हमें अभी तक न्याय नहीं मिला। हमारा मानना है कि हमें सड़कों पर ही रहना चाहिए। आंदोलन के बिना हमें न्याय नहीं मिल सकता। कनिष्ठ चिकित्सकों ने सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) की जांच के तरीके पर भी निराशा व्यक्त की और न्याय मिलने तक अपना विरोध जारी रखने का संकल्प लिया।

## निर्माणाधीन मकान की सीढ़ियां गिरने से 3 बच्चें समेत 4 घायल, अवैध निर्माण का आरोप

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के उलुबेड़िया में सरकारी परियोजना के नियमों से हटकर घर का मालिक सीढ़ियां बनवा रहा था। उसी निर्माणाधीन सीढ़ियां गिरने से 3 बच्चों समेत 4 घायल हो गए। यह घटना गुरुवार दोपहर उलुबेड़िया नगर पालिका के वार्ड नंबर 31 में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उलुबेड़िया नगर पालिका के विभिन्न वार्डों में आवास परियोजना के घरों का निर्माण किया जा रहा है। वार्ड नंबर 31 के बानीतला शा पाड़ा निवासी कलाम शाह नामक व्यक्ति की पत्नी के नाम पर भी आवास का पैसा आया और घर का निर्माण शुरू हो गया। घर का ज्यादातर काम हो चुका है। कुछ काम बाकी होने के कारण मकान नहीं सौंपा गया। कथित तौर पर, घर का मालिक अपनी ओर से सीढ़ियों का निर्माण कर रहा था। जो थोड़ा बन भी गया था। गुरुवार दोपहर बच्चे निर्माणाधीन सीढ़ियों के नीचे खेल रहे थे। अचानक सीढ़ियों का एक हिस्सा ढह गया और चार बच्चे दम गए। स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और बच्चों को घायल अवस्था में उलुबेड़िया शरतचंद्र चट्टोपाध्याय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले गए। जिसमें से एक बच्चे की हालत गंभीर होने के कारण उसे कोलकाता के एक अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस मामले पर नगर पालिका की ओर से कहा गया कि सभी जांच के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# फिर हुई रॉबिन्सन स्ट्रीट घटनाकांड की पुनरावृत्ति

### बेटी के शव के पास बैठी मिली मां

**हुगली :** कोलकाता के रॉबिन्सन स्ट्रीट की घटना जो लोगों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ गई , अब उसी घटना की पुनरावृत्ति हुगली जिले में देखने को मिली है। चंडीतला थाना क्षेत्र के कालाछड़ा इलाके से घटना सामने आयी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक मां अपनी 14 वर्षीय बेटी की सड़ी-गली लाश के साथ घर में रह रही थी। मृतका का नाम अरित्री घोष था। परिवार के सदस्य और मृतका के चाचा, विश्वजीत घोष ने बताया कि अरित्री के पिता प्रबास घोष का पहले ही निधन हो चुका था। मां और बेटी इस घर में अकेले रहते थे। अरित्री जन्म से ही शारीरिक रूप से अक्षम थी। पड़ोसियों के साथ उनका कोई खास संपर्क नहीं था और चाचा विश्वजीत घोष से भी संबंध मधुर नहीं थे। हालांकि पारिवारिक सदस्य होने के कारण वे कभी-कभार आकर हाल-चाल लिया करते थे।

विश्वजीत ने बताया कि उन्होंने कई बार डॉक्टर दिखाने की कोशिश की और यहां तक कि घर में एक काम करने वाली महिला को भी रखा, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। उनके अनुसार, मृतका की मां मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं और अपनी ही दुनिया में खोई रहती थीं। वह अक्सर मुख्य दरवाजे को ताला लगाकर रखती थीं और किसी को भी घर में प्रवेश नहीं करने देती थीं। शुक्रवार सुबह पड़ोसियों ने विश्वजीत को फोन कर बताया कि घर से जिव सड़ने की दुर्गंध आ रही है और उनकी भाभी जोर-जोर से रो रही हैं। इसके बाद चंडीतला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर दाह संस्कार कि व्यवस्था की।

इस घटना से इलाके में स्तब्ध है साथ ही चिंतित भी मानसिक रूप से अस्वस्थ मां की देखभाल कौन करेगा और वह कैसे अपना आगे का जीवन व्यतीत करेंगी।

## तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े



**हुगली :** हाल में डकैतों के दल ने ग्रामीण पुलिस के वाहन पर बमबारी की थी। इस घटना में ग्रामीण पुलिस के 5 पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस की बहादुरी से 2 डकैत पकड़े गए। पुलिस ने फिर डकैतों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जिसमें सफलता मिली। पोलबा थाने की पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए बदमाशों में से दो दादपुर थाने के हरित इलाके के और एक बैंडेल का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार गुरुवार चुंचुड़ा-तारकेश्वर रोड जोड़ाश्वथला में एक गहरे ट्यूबवेल के पास तीन लोग खड़े थे, देर रात वहां से गुजरते समय पोलबा पुलिस की गश्ती गाड़ी ने उन्हें देखा, तलाशी के दौरान उनके पास से भुजाली, लोहे की रॉड, ताला तोड़ने वाला उपकरण बरामद किया गया। पुलिस उन्हें पकड़कर थाने ले गई क्योंकि पुलिस को डकैती के मकसद से इकट्ठा होने का संदेह था। बाद में पता चला कि उन्होंने कुछ दिन पकड़े गए बदमाशों ने सेनिया इलाके में एक घर में डकैती करने की कोशिश की थी। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को चुंचुड़ा अदालत में पेश किया।

ज्ञात हो कि गत बुधवार की रात मगरा थाने की पुलिस ने लुटेरों का पीछा किया तो लुटेरों ने पुलिस की गाड़ी पर बम फेंककर भागने की कोशिश की, पुलिस ने अपनी जान जोखिम में डालकर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया।

पिछले सोमवार को चंडीतला थाने की पुलिस ने निकटवर्ती राज्य से आये 8 बदमाशों को जनाई चिकरेंड इलाके से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार चारों के पास से 15 राउंड कारतूस के साथ आग्नेयास्त्र बरामद किये गए थे।

हुगली ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बदमाशों के खिलाफ चौतरफा अभियान चलाया जा रहा है, जहां से भी जानकारी मिल रही है वहीं पुलिस अपनी जान जोखिम में डालकर पहुंच रही है। धरपकड़ की जा रही है, हुगली ग्रामीण के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कई बदमाशों को पकड़ा गया है जो डकैती के उद्देश्य से इकट्ठा हुए थे।

## कालीघाट स्काईवॉक के उद्घाटन से पहले हाजरा पार्क के हॉकरों को मिलेंगे स्टॉल

**कोलकाता, समाज्ञा :** कालीघाट स्काईवॉक एक महीने के अंदर खोला जा सकता है। इसलिए कोलकाता नगर निगम उससे पहले हाजरा पार्क के हॉकरों को उनके पहले वाले स्थान पर भेजना चाहती है। इस मुद्दे पर शुक्रवार को मेयर फिरहाद हकीम ने बैठक की। बैठक में मेयर परिषद देबाशीष कुमार, नगर आयुक्त सहित हॉकरों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बता दें कि कालीघाट स्काईवॉक के निर्माण के समय इस क्षेत्र को हॉकरों से मुक्त कर दिया गया था। वहां के हॉकर फिलहाल हाजरा पार्क में हैं। स्काईवॉक तैयार होने और चालू होने के बाद हॉकरों को हाजरा पार्क से बाहर जाना होगा। क्योंकि, स्काईवॉक क्षेत्र में एक नया बाजार तैयार किया जाएगा। कोलकाता नगर निगम हाजरा पार्क में हॉकरों का पुनर्वास करेगी। इस दिन, हुई बैठक में मेयर फिरहाद ने अधिकारियों को एक माह के अंदर हाजरा पार्क के रेहड़िरों को हटाने का निर्देश दिया। हालांकि, हॉकरों ने एक महीने का और समय मांगा है। उस संदर्भ में, मेयर ने कहा कि अगले दो महीनों के भीतर, हाजरा पार्क में जितने भी हॉकर हैं, उनकी एक वैध सूची तैयार करनी होगी। उस सूची के अनुसार कालीघाट में जो बाजार बनेगा, उसमें उन्हें बसाया जायेगा। हालांकि, जिन हॉकरों के नाम सूची में नहीं होंगे, उनका भविष्य स्पष्ट नहीं है। उल्लेखनीय है कि इस स्काईवॉक का काम अक्टूबर 2021 में शुरू हुआ था। हालांकि, डेढ़ साल के अंदर काम पूरा करने का लक्ष्य लिया गया था, लेकिन यह संभव नहीं हो सका। मेयर ने काम में देरी करने पर ठेकेदार के खिलाफ नाराजगी जतायी।

# इस बार विजय दिवस पर नहीं आएंगे बांग्लादेशी मुक्ति योद्धा

### बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता की वजह से परंपरा टूटने के आसार



**कोलकाता, समाज्ञा :** बांग्लादेश में कई महीनों से जारी उथल-पुथल व मौजूदा हालात के मद्देनजर इस साल कोलकाता में भारतीय सेना के 53वें विजय दिवस समारोह में बांग्लादेशी मुक्ति योद्धाओं और वहां के सैन्य अधिकारी शामिल नहीं होंगे। बता दें कि यह परंपरा 1971 के भारत-पाक युद्ध में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के बाद से चली आ रही थी। सेना की पूर्वी कमान मुख्यालय, कोलकाता की ओर से हर साल 16 दिसंबर को होने वाले विजय दिवस के उपलक्ष्य में यहां तीन-चार दिनों तक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें मुक्तियोद्धा, उनके परिवार के सदस्य, बांग्लादेशी सांसद और सैन्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल भाग लेते रहे हैं। यह परंपरा तब भी निभाई जाती थी जब खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) बांग्लादेश की सत्ता में थी। लेकिन, इस बार, पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा विजय दिवस को लेकर जारी कार्यक्रम सूची में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के दौरे का जिक्र नहीं है। विजय दिवस को लेकर शुक्रवार को यहां पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में आयोजित वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में जब पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या मुक्ति योद्धा और बांग्लादेश सेना के सेवारत अधिकारी इस बार विजय समारोह में भाग लेंगे, जैसा कि वर्षों से होता आ रहा है, इसपर मेजर जनरल जनरल स्टाफ (एमजीजीएस), पूर्वी कमान मेजर जनरल मोहित सेठ ने कहा कि इस बारे में हम आपको बाद में बताएंगे। इधर, इस बार विजय दिवस में मुक्तियोद्धाओं की भागीदारी नहीं होने से परंपरा टूट सकती है, इसकी मुख्य वजह बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता है।

❑ **विजय दिवस पर कोलकाता में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी सेना**

मेजर जनरल मोहित सेठ ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हर साल की तरह इस बार भी 16 दिसंबर को विजय दिवस पर पूर्वी कमान द्वारा कोलकाता में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। उस दिन सुबह में यहां फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर भव्य समारोह में 1971 युद्ध के बलिदानियों को सबसे पहले श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह में 1971 युद्ध में भाग लेने वाले सशस्त्र बलों के दिग्गज भी शामिल होंगे। उस दिन कोलकाता के सैन्य प्रशिक्षण केंद्र में मिलिट्री टैटू का भी आयोजन होगा, जिसमें सैनिक हैरतअंगेज करतब दिखाएंगे। ये कार्यक्रम 1971 के युद्ध में ऐतिहासिक विजय की याद और सशस्त्र बलों की बहादुरी को सम्मान देने के लिए होगा।

## न्यूज अपडेट

### तृणमूल बांग्लादेशी शरणार्थियों के नाम पर रोहिंग्या को लाकर बंगाल को रोहिंग्या प्रांत बनाना चाहती है : दिलीप घोष

**पश्चिम मेदिनीपुर :** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल नेता बांग्लादेश शरणार्थियों के नाम पर रोहिंग्या मुसलमानों को पश्चिम बंगाल में लाने का प्रयास कर रहे हैं। दिलीप घोष का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस पश्चिम बंगाल को रोहिंग्या प्रांत में बदलना चाहती है। बांग्लादेश को लेकर पत्रकारों से बातचीत करते हुए दिलीप घोष ने कहा कि जिस देश में प्रधानमंत्री को भागना पड़े, वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति कैसी होगी, यह सोचनीय है। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की ओर भी इशारा किया और कहा कि बांग्लादेश का विनाश निकट है। पश्चिम मेदिनीपुर जिले के गड़बेता 1, 2 और 3 नंबर ब्लॉक में भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान उन्होंने यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान हर छह साल में शुरू होता है, और इस बार भी यह अभियान जारी है। दिलीप घोष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में भारत का नाम अमेरिका, चीन, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस, और जर्मनी जैसे विकसित देशों के साथ लिया जाने लगा है, और भाजपा का सदस्य होना एक गर्व की बात है। उन्होंने यह भी बताया कि आज भारत के हर बूथ पर भाजपा का सदस्य मौजूद है और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। इस अभियान के दौरान उन्होंने गरबेटा ब्लॉक 3 के चंद्रकोना रोड पर व्यापारियों, किसानों और सड़क पर चलने वाले लोगों से भी बातचीत की और उन्हें भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ने की अपील की।

### शौर्य दिवस पर आयोजित रैली में शामिल हुए शुभेंदु अधिकारी, कोठारी बंधुओं को श्रद्धांजलि अर्पित



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित शौर्य दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। गौरतलब है कि अयोध्या में छह दिसंबर 1992 को अयोध्या में विवादित ढांचे को लाखों की संख्या में पहुंचे कारसेवकों ने गिरा दिया था। इस घटना के शुक्रवार को 32 साल पूरे हो गये हैं। राम मंदिर की स्थापना की लड़ाई में महानगर के कोठारी बंधुओं ने प्राण की आहुति दी थी। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शौर्य दिवस पर महानगर में श्यामबाजार से सिंथी मोड़ तक निकाली गयी रैली का नेतृत्व किया, साथ ही उन्होंने कोठारी बंधुओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर, शुभेंदु अधिकारी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की घटना के खिलाफ सभी को एकजुट होने की अपील की। इस मौके पर हिंदू संगठन के नेताओं ने कहा कि छह दिसंबर को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है और यह न्याय दिवस भी है। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर इस समय जिस तरह की बर्बरता की जा रही है। हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने इस पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप करने की मांग की है।

### बिमान बनर्जी ने मोहम्मद यूनुस के नोबेल पुरस्कार के औचित्य पर उठाया सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने शुक्रवार को बांग्लादेश की घटना की निंदा करते हुए अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के नोबेल पुरस्कार के औचित्य पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को शांति के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया, वह अपने ही देश में शांति और व्यवस्था बनाये रखने में विफल है। इस दिन, विधानसभा में डॉ भीम राव अंबेडकर के श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद, स्पीकर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि नोबेल पुरस्कार छीन लिया जायेगा या नहीं, इस पर राय देनेवालों में मैं नहीं हूं। लेकिन व्यक्तिगत रूप से मुझे लगता है कि सवाल यह है कि बांग्लादेश की इस घटना के बाद ऐसे व्यक्ति को नोबेल क्यों दिया गया। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। बिमान ने अफसोस जताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने बांग्लादेश के लोगों को बहुत प्यार दिया है। मैं खुद वहां गया हूं। मेरा परिवार वहां था, पर कुछ कट्टरपंथी लोग जानबूझ कर आतंक पैदा कर रहे हैं। इसका विरोध होना ही चाहिए। सभी को मिलकर विरोध करना चाहिए।

### ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल को कर रहीं बर्बाद : अमित मालवीय

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा नेता व आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वो प्रदेश को बर्बादी की राह पर धकेल रही हैं। अपनी बात को साबित करने के लिए उन्होंने एक आंकड़ा भी साझा किया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पोस्ट में कहा कि अगर मुख्यमंत्रियों के लिए 'हॉल ऑफ शेम' हो तो सबसे शीर्ष पर ममता बनर्जी का नाम आएगा। भाजपा नेता ने पश्चिम बंगाल से जुड़े कुछ चौंकाने वाले आंकड़े साझा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल भारत में लगभग 67 फीसद केरोसिन की खपत करता है और यह स्थिति एलपीजी के पर्याप्त आपूर्ति के बावजूद बनी हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कारण हो सकता है? गरीबी, कालाबाजारी या बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी, सत्तारूढ़ टीएमसी के लिए वोट बैंक के रूप में दोगुना हो रहे हैं? उन्होंने आगे कहा कि कारण चाहे जो भी हो। लेकिन, इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि ममता बनर्जी अपने पीछे एक बर्बाद राज्य छोड़ रही हैं।

### बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमले के विरोध में रैली




**हावड़ा, समाज्ञा :** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले के विरोध में हावड़ा डिस्ट्रिक्ट संस्कृति यूनियन मंच की ओर से एक शांति रैली निकाली गयी। शुक्रवार को यह रैली शिवपुर के काजीपाड़ा मोड़ से निकली और जीटी रोड होते हुए हावड़ा मैदान के पास खत्म हुई। इस रैली में सभी धर्मों के लोग उपस्थित थे। मंच के अध्यक्ष श्रीकांत घोष ने कहा कि विश्व के अलग-अलग देशों में अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले हो रहे हैं। उन्हें बेरहमी से पीटा जा रहा है। उनके देश के झंडे का अपमान किया जा रहा है। यह गलत है। उस देश की सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।



**कोलकाता अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने शिरकत की**

### पंचसायर में 19वीं मंजिल से गिरकर किशोर की रहस्यमय मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** पंचसायर में एक 17 साल का लड़का ऊंची इमारत से गिर गया। हालांकि, उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वह बच नहीं सका। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, 17 वर्षीय नीलाभ बनर्जी अपने परिवार के साथ टावर 11 की 19वीं मंजिल पर रहता था। पिता कल्याण बनर्जी पेशे से डॉक्टर हैं। लेकिन, नीलाभ इतनी ऊंचाई से अचानक कैसे गिर गया यह एक रहस्य है। पंचसायर थाना पुलिस जांच कर रही है। पुलिस इस बात की जांच कर रहा है कि क्या यह सिर्फ एक हादसा था या इसके पीछे कोई और वजह हो सकती है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। जिस मंजिल से किशोर के गिरने की बात कही जा रही है, वहां ऊंची बालकनी है। इसलिए वहां से यह जांच की जा रही है कि उसने कूदकर आत्महत्या की है या किसी ने उसे धक्का दिया है। पंचसायर थाने के अधिकारी पूरे फ्लैट की स्थिति की जांच कर रहे हैं। घर के सदस्यों के साथ नीलाभ के रिश्ते की केमिस्ट्री को समझने की कोशिश की जा रही है। पड़ोसियों से पूछताछ की जा रही है। आवास के आसपास के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जायेगी।

# शंभू बॉर्डर पर जत्थे को रोके जाने के बाद किसानों ने एक दिन के लिए मार्च स्थगित किया

## प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस के गोले दागे गए

**शंभू (पंजाब) :** पंजाब-हरियाणा सीमा पर आंसू गैस के गोले लगने से कुछ किसानों के घायल होने के बाद प्रदर्शनकारी किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली की ओर अपना पैदल मार्च शुक्रवार को दिन भर के लिए स्थगित कर दिया। इससे पहले, 101 किसानों के एक जत्थे ने शुक्रवार को दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू किया, लेकिन उन्हें कुछ मीटर बाद ही हरियाणा के सुरक्षा कर्मियों द्वारा लगाए गए बहुस्तरीय अवरोधक के कारण रूकना पड़ा। जब कुछ किसान



अवरोधकों के पास पहुंच गए, तो सुरक्षाकर्मियों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। कुछ किसान सड़क से लोहे की कीलें और कंटीले तार उखाड़ते नजर आए और उन्होंने धुएं से बचने के लिए गीले जूट के बोरे से अपने चेहरे ढके हुए थे। 'सतनाम वाहेगुरु' का उद्घोष करते हुए और अपने यूनियन के झंडे थामे हुए जत्थे के कई किसानों ने शुरुआती अवरोधकों को आसानी से पार कर लिया, लेकिन आगे नहीं बढ़ सके। विभिन्न किसान यूनियन के झंडे थामे कुछ किसानों ने घग्गर नदी पर बनाए गए पुल पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाई गई लोहे की जाली को नीचे धकेल दिया।

### किसानों को रोकने का प्रयास निंदनीय, उनकी मांगों पर तत्काल अमल हो : राहुल गांधी

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि किसानों दिल्ली आने से रोकने का प्रयास निंदनीय है तथा सरकार को उनकी मांगों को गंभीरता से सुनकर उस पर अमल करना चाहिए। पंजाब एवं हरियाणा सीमा के शंभू बॉर्डर से 101 किसानों के एक जत्थे ने शुक्रवार को दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू किया, लेकिन उन्हें कुछ मीटर बाद ही बहुस्तरीय अवरोध लगाकर रोक दिया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सेना में स्वास्थ्य चुनौतियों में हृदय की बीमारियां और मधुमेह प्रमुख: राजनाथ



**लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि सेना में स्वास्थ्य चुनौतियों में हृदय की बीमारियां और मधुमेह प्रमुख हैं। लखनऊ में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया 2024 फेलोशिप दीक्षांत समारोह के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सिंह ने भारतीय रक्षा बलों की स्वास्थ्य जरूरतों का जिक्र किया और जवानों के सेहतमंद बने रहने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार रक्षा बलों के लिए खर्च बढ़ाकर इन चुनौतियों से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने हृदय रोग विशेषज्ञों की कमी स्वीकार की। देश में प्रति एक लाख आबादी पर केवल एक हृदय रोग विशेषज्ञ है। उन्होंने जीवनशैली में बदलाव, रोग की जल्द पहचान और जागरूकता अभियानों समेत रोकथाम के उपायों का जिक्र किया।

### अधिकतर दुर्घटनाओं की वजह ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचारः अखिलेश



**लखनऊ :** कन्नौज में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार को हुई बस दुर्घटना के शिकार लोगों के प्रति दुख व्यक्त करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि ऐसे हादसों के लिए ऊपर से लेकर नीचे तक व्याप्त भ्रष्टाचार जिम्मेदार है। यादव ने 'एक्स' पर लिखा, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुई जानलेवा बस दुर्घटना में आठ व्यक्तियों की मृत्यु और 40 से अधिक यात्रियों के घायल होने का समाचार बेहद दुखद है। उन्होंने लिखा, भाजपा सरकार में अधिकांश दुर्घटनाओं की वजह पीडब्लूडी, पुलिस, यातायात पुलिस, आरटीओ में नीचे से लेकर ऊपर तक व्याप्त भ्रष्टाचार और छुट्टा पशुओं की समस्या है।

### लखनऊ में उप निरीक्षक का शव बरामद

**लखनऊ :** लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक उप निरीक्षक का शव बरामद किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। अपर पुलिस आयुक्त (दक्षिण) राजेश कुमार यादव ने शुक्रवार को बताया कि चार दिसंबर दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि मझगवां गांव के पास एक व्यक्ति ट्रेन से कट गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर सुशांत गोल्फ सिटी की पुलिस मौके पर पहुंची और काफी प्रयास के बाद शव की शिनाख्त कौशांबी जिले के उप निरीक्षक ध्यान सिंह (39) के रूप में की गई। सुशांत गोल्फ सिटी थाने के प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि ध्यान सिंह लखनऊ में पुलिस मुख्यालय में तैनात थे। मामले की जांच की जा रही है।

### राजस्थान के शेखावाटी इलाके में अगले हफ्ते शीतलहर चलने की संभावना

**जयपुर :** राजस्थान में अगले हफ्ते सर्दी जोर पकड़ सकती है और इस दौरान राज्य के उत्तरी भागों 'शेखावाटी इलाके' में कहीं-कहीं शीतलहर चलने का अनुमान है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार आगामी सप्ताह के दौरान राज्य के अधिकांश भागों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। साथ ही 10-12 दिसंबर को शेखावाटी इलाके में न्यूनतम तापमान तीन से छह डिग्री सेल्सियस के बीच रहने और कहीं-कहीं शीतलहर चलने की संभावना है। हालांकि राज्य में कहीं भी घना कोहरा छाने की अभी कोई संभावना नहीं है। वहीं बीते चौबीस घंटे में राज्य में मौसम कुल मिलाकर शुष्क रहा। बीती रात सबसे कम तापमान संगरिया (हनमानगढ़) में 6.5 डिग्री सेल्सियस रहा।

## उत्तर प्रदेश बेहतर स्वच्छता और भव्यता के साथ महाकुंभ-2025 के लिए तैयार

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ-2025 के लिए निर्माण कार्य भी पूरे जोर शोर से हो रहे हैं और स्वच्छ तथा स्वस्थ महाकुंभ के विजन को साकार करने के लिए जल निगम और अन्य सरकारी विभाग पूरी क्षमता से कार्यरत हैं। एक ओर तो जल निगम महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर रहा है जबकि पूरे मेला क्षेत्र के अपशिष्ट निस्तारण की जिम्मेदारी भी विभाग की ही है। राज्य के प्रमुख तीर्थ क्षेत्रों पर पारंपरिक पुष्प वर्षा के माध्यम से आध्यात्मिक अनुभव को बढ़ाने की योजनाएं चल रही हैं। दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक समागम अगले महीने जनवरी में प्रयागराज में शुरू हो रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उप्र जल निगम (शहरी) ने महाकुंभ क्षेत्र में 1,50,000 शौचालयों का निर्माण करते हुए एक महत्वाकांक्षी स्वच्छता अभियान शुरू किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महाकुंभ खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) बना रहे। मेले के दौरान उत्पन्न होने वाले कीचड़ के प्रबंधन के लिए, उन्नत बुनियादी ढांचे को तैनात किया जा रहा है, जिसमें तीन अस्थायी अपशिष्ट उपचार संयंत्र (एसटीपी), नैनी और झूंसी में स्थायी एसटीपी और अरैल में एक मल कीचड़ उपचार संयंत्र शामिल हैं। जल निगम विभाग के अधिशासी अभियंता सौरभ कुमार ने बताया कि महाकुंभ के अपशिष्ट निस्तारण के लिये भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद से मेला क्षेत्र में तीन अस्थाई एसटीपी बनाए गये हैं। इन एसटीपी तक अपशिष्ट पहुंचाने का कार्य विभाग के नौ सेसफुल व्हीकल और सीवेज पाइप लाइन करेंगी। जल निगम में इसके लिए चार हजार लीटर क्षमता के चार, तीन हजार लीटर के तीन और एक हजार लीटर के दो सेसफुल व्हीकल मेला क्षेत्र में नियमित रूप से अपशिष्ट निस्तारण का कार्य करेंगे।

## पूर्व आतंकवादी चौड़ा के बादल पर खुद ही हमला करने की संभावना : पुलिस सूत्र

**चंडीगढ़ :** पंजाब के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर स्वर्ण मंदिर के बाहर हुये हमले की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गोली चलाने वाले पूर्व आतंकवादी नारायण सिंह चौड़ा ने स्वयं ही शिअद नेता पर हमला किया है। चौड़ा को बृहस्पतिवार को अमृतसर की एक अदालत ने तीन दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया। मंगलवार को हुये हमले में बादल की जान उस समय बाल बाल बच गई थी, जब अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के प्रवेश द्वार पर चौड़ा ने उन पर नजदीक से गोली चलाई थी लेकिन एक पुलिसकर्मी की सतर्कता से उसका निशाना चूक गया। इस दौरान सादे कपड़ों में मौजूद पुलिसकर्मियों ने हमलावर को काबू कर लिया था। सुखबीर पर हुये हमले का दृश्य मौके पर मौजूद मीडियाकर्मियों के कैमरों में रिकॉर्ड हो गया था, जो वहां कवरेज के लिये एकत्र हुये थे, जहां बादल 2007 से 2017 तक पंजाब में रही अकाली सरकार द्वारा की गई ''गलतियों'' के लिए धार्मिक प्रायश्चित के रूप में स्वर्ण मंदिर के मुख्य द्वार पर 'सेवादार' के रूप में ड्यूटी निभाने के दूसरे दिन को कवर करने के लिए एकत्र हुए थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि 68 वर्षीय चौड़ा ने बादल को 'तनखाह' घोषित किए जाने के बाद हमले की योजना बनाई थी।

## बीएसएफ ने पाकिस्तान, बांग्लादेश से लगी सीमाओं को सुरक्षित बनाने के लिए निगरानी परियोजना शुरू की

**जोधपुर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने भारत-पाकिस्तान और भारत-बांग्लादेश सीमाओं पर 600 से अधिक संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित बनाने के लिए एक विशेष इलेक्ट्रॉनिक निगरानी परियोजना शुरू की है, जिसमें उन क्षेत्रों को भी शामिल किया जाएगा जहां बाड़ लगाना संभव नहीं है। बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बल के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि नदियों और अन्य भौगोलिक चुनौतियों के कारण 4,069 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा में से लगभग 800 किलोमीटर क्षेत्र में बाड़ नहीं लगी है। पिछले साल दिसंबर में झारखंड के हजारीबाग में बीएसएफ स्थापना दिवस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगीं भारत की दो सबसे महत्वपूर्ण सीमाएं अगले दो वर्षों में पूरी तरह सुरक्षित बना दी जाएंगी। चौधरी ने कहा कि बीएसएफ जवानों को सख्त निर्देश दिया गया है कि देश के पश्चिमी हिस्से में गुजरात, राजस्थान, पंजाब और जम्मू से लगी 2,289 किलोमीटर लंबी भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर कोई घुसपैठ नहीं होनी चाहिए। कश्मीर में बीएसएफ नियंत्रण रेखा (एलओसी) की सुरक्षा के लिए सेना के अधीन काम करती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश सीमा पर संवेदनशील क्षेत्रों की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की जा रही है। बीएसएफ के अनुसार दोनों अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के 484 किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हुए कुल 635 संवेदनशील क्षेत्रों को सुरक्षित बनाया जा रहा है। चौधरी ने कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर बहुत कम ऐसा क्षेत्र है जहां बाड़ नहीं लगी है।

## हेमंत सोरेन ने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किया, गृह विभाग अपने पास रखा

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को नये मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किया, जबकि गृह, कार्मिक सहित कई अहम विभाग अपने पास ही रखे हैं। एक सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर को वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग सौंपा गया है। अधिसूचना के अनुसार झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक दीपक बिरुवा को राजस्व, पंजीकरण और भूमि सुधार (गैर-पंजीकरण) और परिवहन विभाग आवंटित किए गए हैं। झामुमो नेता चमरा लिंडा को अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग



(अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) विभाग आवंटित किया गया। राजद के संजय प्रसाद यादव को उद्योग, श्रम, योजना, प्रशिक्षण और कौशल विकास विभाग दिए गए। अधिसूचना में कहा गया है कि कांग्रेस के इरफान अंसारी को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण के अलावा खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मामले तथा आपदा प्रबंधन विभाग दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल सचिवालय, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा, पथ निर्माण, भवन निर्माण तथा अभी तक किसी को आवंटित नहीं किये गये विभागों को भी अपने पास रखा है। अन्य मंत्रियों में झामुमो के रामदास सोरेन को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग दिया गया। हफीजुल हसन को जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आवंटित किया गया। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडे सिंह को पंचायती राज, ग्रामीण कार्य और ग्रामीण विकास विभाग दिए गए अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पेयजल एवं स्वच्छता तथा आबकारी एवं मद्य निषेध विभाग झामुमो के योगेन्द्र प्रसाद को दिए हैं।

### स्वास्थ्य अधिकारी परीक्षा मामले में पुलिस का खुलासा

## परीक्षार्थी से 4-5 लाख रुपये वसूलता था माफिया

**पटना :** बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की जांच में पता चला है कि माफिया ने एक दिसंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) भर्ती परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक परीक्षार्थी से चार से पांच लाख रुपये वसूले थे। पटना के तीन केंद्रों पर ऑनलाइन परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर ''अनियमितताएं और कदाचार'' का पता चलने के बाद बिहार सरकार ने दो दिसंबर को सीएचओ भर्ती परीक्षा रद्द कर दी थी। परीक्षा आयोजित करने वाली बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसायटी ने कहा था कि नयी परीक्षा तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। परीक्षा एक दिसंबर को पटना के 12 ऑनलाइन केंद्रों पर आयोजित की गई थी। पुलिस ने इस सिलसिले में नौ उम्मीदवारों, परीक्षा केंद्रों के मालिकों और कर्मचारियों और आईटी प्रबंधकों समेत 37 लोगों को गिरफ्तार किया था। सभी 12 परीक्षा केंद्रों को पुलिस ने सील कर दिया है। ईओयू की ओर से शुक्रवार को जारी एक बयान के अनुसार गिरफ्तार अभ्यर्थियों ने जांच के दौरान खुलासा किया कि प्रश्न पत्र हल करने वाले (सॉल्वर) समेत माफिया सीएचओ परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र मांगने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 से 5 लाख रूपये वसूलते थे।

## छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में शिक्षिका ने किया समर्पण, जमानत मिली

**मुजफ्फरनगर (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के एक स्कूल में मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में शामिल स्कूल शिक्षिका तृप्ता त्यागी ने बृहस्पतिवार को विशेष पोक्सो अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया और उसे नियमित जमानत मिल गई। अपर जिला न्यायाधीश (पोक्सो) अलका भारती ने स्कूल शिक्षिका तृप्ता त्यागी को नियमित जमानत दे दी और आदेश दिया कि आरोपी को 25,000 रुपये की दो जमानतें देनी होंगी। साथ ही उन्होंने मामले में आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने के लिए सात दिसंबर की तारीख तय की। तृप्ता त्यागी के वकील कपिल अहलावत ने शुक्रवार को पीटीआई भाषा को बताया कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्देश पर तृप्ता त्यागी ने विशेष पोक्सो अदालत में आत्मसमर्पण किया और मामले में नियमित जमानत की अपील की। इससे पहले, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 23 नवंबर को तृप्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी और उन्हें मामले में दो सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पुलिस ने पिछले साल अदालत में तृप्ता त्यागी के खिलाफ भादस की धारा 323 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की सजा), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान करना), 295 ए (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य, किसी वर्ग के धर्म या धार्मिक आस्था का अपमान करके उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना) और किशोर न्याय अधिनियम के तहत आरोप पत्र दायर किया था।

## वाराणसी में कॉलेज परिसर से मजार हटाने की मांग को लेकर छात्रों का प्रदर्शन

**वाराणसी :** वाराणसी के उदय प्रताप कॉलेज परिसर में स्थित एक मजार को हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रदर्शन किया। करीब 500 की संख्या में छात्र कॉलेज के गेट पर भगवा झंडा लेकर 'जय श्री राम' का नारा लगाने लगे। प्रदर्शनकारी छात्र कॉलेज के अंदर जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन इस दौरान गेट पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने उन्हें रोक दिया। छात्र नेता विवेकानंद सिंह ने कहा कि जब मजार की जमीन वक्फ बोर्ड की नहीं है तो यहां से मजार को हटा देना चाहिए। सिंह ने बताया कि शुक्रवार को छात्रों के एक समूह ने कॉलेज परिसर से मजार को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने



छात्रों को कॉलेज के अंदर नहीं जाने दिया। सिंह ने कहा कि यदि मजार पर नमाज पढ़ी जाएगी तो छात्र वहां हनुमान चालीसा पढ़ेंगे। इस बीच, सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी)-कैंट विदुष सक्सेना ने बताया कि कॉलेज के गेट पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। शुक्रवार को छात्रों का एक समूह अपनी बात रखने आया था। इस दौरान छात्र थोड़ा आक्रामक भी हुए। पुलिस ने मामले को शांत कराया दिया है। इस दौरान कुछ उपद्रवियों की भी पहचान की गई है जिनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज अपडेट

### संपत्ति के विवाद में पिता और उसके दो बेटों ने की खुदकुशी

**लखीमपुर खीरी :** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के एक गांव में रिश्तेदारों के बीच संपत्ति को लेकर हुए विवाद के कारण 63 वर्षीय एक व्यक्ति और उसके दो बेटों ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना मैलानी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाबूपुर गांव में हुई और इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने इस घटना को बहुत दुखद करार देते हुए बताया कि राम नरेश (63) ने संपत्ति के बंटवारे को लेकर बृहस्पतिवार को खुदकुशी कर ली। अपने पिता की मृत्यु से आहत उनके बेटे सुधीर (30) और मुकेश (35) ने भी शुक्रवार को खुदकुशी कर ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इससे पूर्व सुधीर ने मैलानी थाना में शुक्रवार को अपने रिश्तेदारों- रामदेवी, शिवम, शशिबाला और आरती निगम पर अपने पिता को परेशान करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। आरोप है कि परेशान होकर उनके पिता ने यह कदम उठाया। साहा ने संवाददाताओं को बताया कि मृतक का प्रतिनिधित्व करने वाले शिकायतकर्ता और आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। ग्रामीणों ने बताया कि चार महीने पहले तक ये एक दूसरे के बहुत करीब थे और साथ खाना खाते थे। राम नरेश की पत्नी के निधन के बाद संपत्ति को लेकर विवाद बढ़ा जिससे अक्सर दोनों पक्षों में आपस में झगड़ा होता था। आरोपियों में एक महिला पुलिस कांस्टेबल भी है और ये सभी कथित तौर पर उस मकान पर दावा करते थे।

### मथुरा में शाही ईदगाह में जलाभिषेक का प्रयास करने वाली महिला को हिरासत में लिया गया

**मथुरा (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में शुक्रवार को सुबह शाही ईदगाह मस्जिद में जलाभिषेक करने का प्रयास करने वाली एक महिला को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कुछ हिंदू समूहों का दावा है कि शाही ईदगाह, भगवान श्रीकृष्ण का मूल जन्मस्थल है। यह घटना ऐसे समय में घटी जब अयोध्या में बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की वर्षगांठ है। पुलिस अधीक्षक (नगर) अरविंद कुमार ने बताया कि महिला की पहचान मीरा राठौड़ के रूप में की गई है, जो अखिल भारत हिंदू महासभा की आगरा इकाई के महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मीरा ने अपने हाथों में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति लेकर ईदगाह की ओर जाने का प्रयास किया, जिससे वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों के बीच संदेह पैदा हो गया। उन्होंने बताया कि जब महिला ने डीग गेट के पास शाही ईदगाह की ओर जाने वाली सड़क पर जाने की कोशिश की तो पुलिस ने हस्तक्षेप किया और पूछताछ के बाद उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस अधीक्षक कुमार ने बताया कि मीरा से पूछताछ की जा रही है। यदि उसका कोई इरादा गलत पाया गया तो निश्चित रूप से उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर अवरोधक लगाकर दुपहिया के अलावा सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई और दर्शन के लिए जाने वाले दर्शनार्थियों को भी गहन तलाशी के बाद ही परिसर में प्रवेश दिया गया। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जुमे (शुक्रवार) की नमाज पढ़ने पहुंचे नमाज़ियों को भी उनके आधार कार्ड की जांच करने के बाद ही ईदगाह जाने दिया गया।

### राजकीय मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से कूदकर मरीज ने की आत्महत्या

**बदायूं (उप्र) :** जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र में आगरा मार्ग पर स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक युवक ने शुक्रवार सुबह कथित रूप से चौथी मंजिल पर स्थित वार्ड की खिड़की से कूद कर आत्महत्या कर ली। अस्पताल के अधिकारियों का कहना है कि युवक ने यह कदम सदमे की वजह से उठाया जबकि मृतक के पिता ने मेडिकल कॉलेज के स्टाफ पर लापरवाही, इलाज न करने और दवा न देने का आरोप लगाया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य डॉक्टर नेहा ने बताया की संभल निवासी सुभाष (30) चार दिसंबर की शाम मेडिकल कॉलेज आया था। उसे आठ माह से टीबी की बीमारी थी। उन्होंने बताया कि वह पहले भी मेडिकल कॉलेज से टीबी का इलाज करा कर गया था लेकिन उसने इलाज बीच में ही छोड़ दिया था। अब तबीयत खराब होने पर उसके परिजन उसे पुनः मेडिकल कॉलेज में लेकर आए जहां उसे भर्ती कर लिया गया। डॉक्टर नेहा ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 3:00 बजे सुभाष के बगल वाले बिस्तर पर भर्ती एक मरीज को दिल का दौरा पड़ा था जिससे उसकी मौत हो गई श्र उन्होंने बताया कि पड़ोसी मरीज की मौत के बाद सुभाष को सदमा लगा और आज सुबह जब उसके पिताजी दवा लेने नीचे दवा काउंटर पर गए तो सुभाष ने वार्ड की खिड़की खोल दी।

## संविधान की प्रति दिखाने वाले बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर मौन क्यों : योगी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि ''देश को बंटने मत दो। अगर ऐसा हुआ तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी'', जो आज हमारे सामने है। योगी ने शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर लखनऊ में आंबेडकर महासभा में कहा, '' आज बांग्लादेश में कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं, बौद्धों और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों की हत्या की जा रही है। उन्हें जलाया जा रहा है। उनकी संपत्तियों को लूटा जा रहा है। इतना ही नहीं माताओं-बहनों की इज्जत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि जब तक बांग्लादेश में जिन्ना का जिन्न रहेगा तब तक इस तरह की अराजकता होती रहेगी। वहां पर गरीबों और वंचितों का शोषण हो रहा है। यह पाप 1947 में देश के विभाजन के रूप में सभी के सामने आया था। उसी का बदसूरत



स्वरूप बांग्लादेश के रूप में फिर हमारे सामने है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने 1946-47 में ही जनता को इसे लेकर आगाह कर दिया था, उन्होंने कहा था कि देश का बंटवारा मत होने दीजिए। अगर यह हो गया तो आर-पार की लड़ाई शुरू हो जाएगी, जो आज हमारे सामने है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हजरतगंज स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, आज कुछ लोग समाज को धोखा दे रहे हैं। वह समाज में झूठ फैला रहे हैं। यह वही लोग हैं, जो उस समय हैदराबाद के निजाम और उनके रजाकारों द्वारा दलितों के गांव जलाए जा रहे थे तो चुप थे। उस दौरान उनका शोषण हो रहा था। उन पर अत्याचार किया जा रहा था। उस समय भी बाबा साहब आंबेडकर ने खुला पत्र लिखा था कि हैदराबाद के निजाम की रियासत के सभी दलितों, जिन पर अत्याचार हो रहा है, वह निजाम की रियासत को छोड़कर महाराष्ट्र की ओर चले जाएं, लेकिन अपना धर्म और मत न बदलें। योगी ने कहा, वहीं हैदराबाद के निजाम और पाक परस्त जिन्ना के लोगों ने अपने नापाक इरादों को अंजाम देने के लिए बाबा साहब को प्रलोभन देने का प्रयास किया, लेकिन वह अपने आदर्शों से टस से मस नहीं हुए।''

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पानी के टैंकर से टकराई बस, आठ लोगों की मौत, 12 घायल

**कन्नौज (उप्र) :** लखनऊ से दिल्ली जा रही एक बस शुक्रवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पौधों की सिंचाई करने वाले पानी के एक टैंकर से टकराने के बाद पलट गई, जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस दुर्घटना में 12 यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पास के इटावा जिले के सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। कन्नौज के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा, यह दुर्घटना अपराह्न करीब दो बजे सकरावा इलाके में हुई, जब बस एक्सप्रेसवे पर पानी के टैंकर से टकरा गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस दुर्घटना में आठ यात्रियों की मौत हो गई और 12 अन्य घायलों का सैफई मेडिकल कॉलेज में इलाज चल



रहा है। उन्होंने बताया कि अन्य यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए भेज दिया गया। दुर्घटना के समय वहां से गुजर रहे जल शक्ति राज्य मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने घायलों को बचाने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में सहायता करने के लिए अपना काफिला रुकवाया। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और उन्हें घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा उपचार प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हमें सड़कों पर अधिक सावधान रहने और यातायात नियमों, सुरक्षा उपायों का पालन करने की आवश्यकता है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' ने रचा इतिहास, पहले दिन दुनियाभर में कमाए 294 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 ने रिलीज के पहले दिन दुनियाभर में 294 करोड़ रुपये की कमाई की है। सुकुमार निर्देशित फिल्म 2021 की तेलुगु ब्लॉकबस्टर पुष्पा: द राइज का सीक्वल है। इसकी पहले दिन की कमाई ने भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे ज्यादा ओपनिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यह रिकॉर्ड पहले एसएस राजामौली की आरआरआर (223.5 करोड़ रुपये) के नाम है उसके बाद बाहुबली 2 (217 करोड़ रुपये) और कल्कि 2898 एडी (175 करोड़ रुपये) का स्थान है। व्यापार विशेषज्ञों ने फिल्म की शुरुआती कमाई 150 करोड़ रुपये से कुछ अधिक बताई थी। 'पुष्पा 2' को वित्तपोषित करने वाले प्रोडक्शन बैनर 'माइथ्री मूवी मेकर्स' ने बॉक्स ऑफिस के आंकड़े साझा किए।

### पुराने रेल पुलों को कबाड़ के रूप में बेचने का फैसला नहीं किया गया : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को राज्यसभा में इस बात से इनकार किया कि देश के विभिन्न हिस्सों में पुराने रेल पुलों को कबाड़ के रूप में बेचने का फैसला किया गया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक सवाल के लिखित जवाब में उच्च सदन को यह जानकारी दी। उनसे सवाल किया गया था कि क्या सरकार ने देश के अलग-अलग भागों में विभिन्न पुराने पुलों को कबाड़ के रूप में बेचने का फैसला किया है? इसके जवाब में रेल मंत्री वैष्णव ने कहा, ''जी नहीं, बहरहाल पुलों के अनुपयोगी परित्यक्त हिस्सों जैसे स्टील गर्डर आदि को स्क्रैप के रूप में निपटाया जाता है ताकि परित्यक्त सामग्री का मूल्य प्राप्त किया जा सके।'' मंत्री ने कहा कि कुछ मामलों में परित्यक्त रेलवे पुलों को राज्य सरकार के अनुरोध पर पर्यटन आदि के लिए उपयोग करने के उद्देश्य से संबंधित राज्य सरकार को सौंप दिया जाता है। उन्होंने इस क्रम में आंध्र प्रदेश में गोदावरी पुल और उत्तर प्रदेश में कर्जन पुल का उदाहरण दिया।

### आयुष्मान भारत योजना में धोखाधड़ी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति: मंत्री

**नयी दिल्ली :** स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने शुक्रवार को कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने का दृष्टिकोण है। उन्होंने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह भी कहा कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण प्रणाली लागू है। गुजरात में पीएमजेएवाई-आयुष्मान भारत योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों द्वारा की जा रही अनावश्यक सर्जरी पर एक सवाल का जवाब देते हुए स्वास्थ्य राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि 12 नवंबर को अस्पताल और संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि अस्पताल और आरोपी चिकित्सकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) से बाहर कर दिया गया है।

### ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने 1991 के उपासना स्थल कानून को चुनौती देनी वाली याचिकाओं के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया

**नयी दिल्ली :** ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति ने उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई लंबित याचिकाओं का विरोध करने के लिए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। संबंधित कानून कहता है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन विद्यमान था। हालांकि अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद प्रकरण को इस कानून से अलग रखा गया था। उच्चतम न्यायालय में पहले से ही लगभग छह याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें वकील अश्विनी उपाध्याय और पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रह्मण्यम स्वामी द्वारा कानून के कुछ प्रावधानों के खिलाफ दायर जनहित याचिकाएं भी शामिल हैं।

# फडणवीस ने शानदार जीत का श्रेय प्रधानमंत्री के 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे, 'लाडकी बहिन योजना' को दिया

## महाराष्ट्र में हिंदुत्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जवाबी ध्रुवीकरण से 'महायुति' को जीतने में मदद मिली: फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा है कि हाल में राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन 'महायुति' को मिली शानदार जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे और 'लाडकी बहिन योजना' जैसी योजनाओं को जाता है। फडणवीस ने टीवी चैनलों से कहा कि राज्य विधानसभा चुनाव में हिंदुत्व के मुद्दे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और जवाबी ध्रुवीकरण ने भी 'महायुति' को बड़ी जीत दिलाने में मदद की। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' नारे ने लोगों का ध्यान आकृष्ट किया।'' चुनाव प्रचार के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ''बँटेंगे तो कटेंगे'' का नारा दिया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ''एक हैं, तो सेफ हैं'' का नारा दिया। फडणवीस ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' भारत को अस्थिर करने वाली ताकतों की विदेशी 'फंडिंग' से प्रायोजित की गई थी। उन्होंने 'महायुति' के खिलाफ ''वोट-जिहाद'' करने की एक इस्लामी विद्वान की अपील के जवाब में ''वोटों का धर्म युद्ध'' करने के अपने आह्वान का भी बचाव किया। फडणवीस ने कहा, ''अगर कोई वोट जिहाद की बात करेगा, तो हम वोटों के धर्मयुद्ध में शामिल हो जाएंगे।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''हिंदुत्व हमारे खून में है। इसे किसी 'पोस्टर बॉय' की जरूरत नहीं है। हिंदू भेदभाव नहीं करते। मोदी ने विकास किया, भेदभाव नहीं किया।'' योगी आदित्यनाथ के ''बँटेंगे तो कटेंगे'' नारे पर फडणवीस ने कहा, ''यह अंग्रेजी में अच्छा लगता है।'' बृहस्पतिवार को तीसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले फडणवीस ने कहा कि हिंदुत्व और विकास एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का हिंदुत्व जीवन जीने का एक तरीका है।

### बीते तीन माह में रेलवे पटरियों पर अवरोधक रखने के 17 मामले सामने आए : रेल मंत्री

**नई दिल्ली :** सरकार ने शुक्रवार को बताया कि पिछले तीन महीनों यानी अगस्त, सितंबर और अक्टूबर के दौरान रेलवे पटरियों पर छोटे सिलेंडर, सीमेंट ब्लॉक और डेटोनेटर रखने के 17 मामले सामने आए, जिनमें जीआरपी/पुलिस और आरपीएफ ने मामले दर्ज किए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी देते हुए बताया कि एक मामले में अदालत में शिकायत दर्ज की गई है जबकि अन्य 16 मामलों की जांच चल रही है। उन्होंने बताया कि रेलवे पटरियों पर ऐसे अवरोधक रखे जाने की घटनाओं को रोकने के लिए रेलवे ने कई कदम उठाए हैं। इन कदमों के तहत, रेलवे की राज्य स्तरीय सुरक्षा समिति (एसएलएससीआर) की नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

## बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर रेल मंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली :** बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के 69वें महापरिनिर्वाण दिवस पर रेल भवन में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर रेल भवन में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने डॉ. अंबेडकर ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अपने सोशल हैंडल एक्स पर लिखा कि पिछड़ों और वंचितों के उत्थान के लिए संकल्पित बाबासाहेब अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर सादर नमन। अश्विनी वैष्णव के बाद रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने भी बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इस मौके पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सतीश कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने बाबासाहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## उच्चतम न्यायालय ने 1987 के हाशिमपुरा नरसंहार मामले में आठ दोषियों को जमानत दी

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने 1987 में 'प्रादेशिक आर्म्ड कान्स्टेबुलरी' (पीएसी) के कर्मियों द्वारा 38 लोगों की कथित हत्या से जुड़े हाशिमपुरा नरसंहार मामले में आठ दोषियों को शुक्रवार को जमानत दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने चार दोषियों की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अमित आनंद तिवारी की इन दलीलों पर गौर किया कि उन्हें बरी करने के अधीनस्थ अदालत के फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पलटे जाने के बाद से वे लंबे समय से जेल में हैं। तिवारी ने शुक्रवार को समी उल्ला, निरंजन लाल, महेश प्रसाद और जयपाल सिंह का प्रतिनिधित्व करते हुए दलील दी कि अपीलकर्ता उच्च न्यायालय के फैसले के बाद से छह साल से अधिक समय से जेल में हैं। उन्होंने कहा कि अपीलकर्ताओं को पहले अधीनस्थ अदालत द्वारा बरी किया जा चुका है तथा अधीनस्थ अदालत में सुनवाई और अपील प्रक्रिया के दौरान उनका आचरण अच्छा रहा है। उन्होंने यह भी दलील दी कि अधीनस्थ अदालत द्वारा सोच-विचारकर पारित किये गए बरी करने के फैसले को उच्च न्यायालय ने पलटने का गलत आधार पर निर्णय लिया। शीर्ष अदालत ने दलीलों पर गौर किया और आठ दोषियों की आठ लंबित जमानत याचिकाओं को स्वीकार कर लिया।

## काला मास्क पहनकर और संविधान की प्रति लेकर विपक्षी सांसदों ने निकाला मार्च



**नयी दिल्ली :** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में काले रंग का मास्क पहनकर और हाथों में संविधान की प्रति लेकर मार्च निकाला। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कुछ अन्य दलों के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और जवाबदेही तय किए जाने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा इस मार्च की अगुवाई कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने पिछले कुछ दिन की तरह आज भी इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लिया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि सरकार अदाणी के मुद्दे पर चर्चा कराने से डर रही है। उन्होंने कहा, ''अदाणी के मुद्दे पर (संसद में) चर्चा करने की उनमें हिम्मत नहीं है। चर्चा कराने से दिक्कत क्यों है... चर्चा लोकतंत्र में ही होती है, वे इससे डरते हैं।'' कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा, ''आज भारतीय संविधान के निर्माता बी. आर. आंबेडकर की पुण्यतिथि है। यहां अदाणी के लिए संवैधानिक अधिकारों का हनन किया गया है। हम सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जब अदाणी का नाम आता है, तो भारत सरकार मुद्दे को भटकाने की कोशिश करती है।''

## न्यूज अपडेट

### अभिनेता सिद्दीकी को बलात्कार मामले में जमानत मिली

**तिरुवनंतपुरम :** मलयाली अभिनेता सिद्दीकी को बलात्कार के मामले में शुक्रवार को जांच एजेंसी के सामने पेश होने के बाद आधिकारिक रूप से गिरफ्तार किया गया और फिर जमानत दे दी गई। उच्चतम न्यायालय ने कुछ सप्ताह पहले उन्हें गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी थी। गिरफ्तारी के बाद अभिनेता की मेडिकल जांच की गई, जिसके बाद उन्हें यहां एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें जमानत दे दी। उच्चतम न्यायालय ने 19 नवंबर को उन्हें गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की थी। केरल उच्च न्यायालय ने 24 सितंबर को सिद्दीकी को इस आधार पर राहत देने से इनकार कर दिया था कि आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अपराध की उचित जांच के लिए उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किए जाने की जरूरत है। इसके बाद सिद्दीकी ने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सिद्दीकी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत अपराध का मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया है कि शिकायतकर्ता ने 2019 से उनके खिलाफ उत्पीड़न और झूठे आरोपों का लंबा अभियान चलाया।

### उड़ानों को खतरा: दिल्ली में दर्ज 16 मामले एनआईए को सौंपे जाने की संभावना

**नयी दिल्ली :** विभिन्न विमानन कंपनियों की दिल्ली से संचालित होने वाली उड़ानों को खतरे के संबंध में दर्ज कम से कम 16 मामले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपे जाने की संभावना है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा, समझा जाता है कि दिल्ली पुलिस ने नगर की सरकार के गृह विभाग को पत्र लिखकर इन मामलों को एनआईए को सौंपने के लिए कहा है और इसे अंतिम मंजूरी के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, ''यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है और इससे अंतरराष्ट्रीय प्रभाव जुड़ा है। ये सभी 16 मामले नागर विमानन सुरक्षा विधिविरुद्ध कार्य दमन अधिनियम के साथ ही 'बीएनएस' की धाराओं के साथ दर्ज किए गए हैं और इनकी गहन जांच की आवश्यकता है।'' अक्टूबर के अंतिम दो सप्ताह में, 510 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम की धमकियां मिलीं, जो बाद में झूठी निकलीं। ऐसी धमकी से देश भर में विमानन कंपनियों के लिए परिचालन और आर्थिक संकट पैदा हो गया। ज्यादातर धमकियां सोशल मीडिया के माध्यम से दी गईं।

### भारत ने पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की

**नयी दिल्ली :** भारत ने यह खबर सामने आने के बाद शुक्रवार को पाकिस्तान से जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के प्रमुख मसूद अजहर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की कि उसने हाल ही में बहावलपुर में एक जनसभा में भाषण दिया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यदि खबर सही है, तो इससे आतंकवादी गतिविधियों को रोकने में पाकिस्तान का 'दोहरा रवैया' उजागर हो गया है। जायसवाल ने कहा, हम मांग करते हैं कि उसके (अजहर के) खिलाफ कड़ी कार्रवाई करके उसे न्याय के कटघरे में लाया जाए। उसके पाकिस्तान में होने की बात से इनकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यदि खबरें सही हैं, तो इससे पाकिस्तान का दोहरा रवैया उजागर होता है। मसूद अजहर भारत पर सीमा पार से हुए आतंकी हमलों में शामिल रहा है और हम चाहते हैं कि उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। जायसवाल ने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### सरकार ने पीएम-किसान योजना की 18वीं किस्त में 20,657 करोड़ रुपये वितरित किए

**नयी दिल्ली :** सरकार ने पीएम-किसान योजना के अंतर्गत ताजा 18वीं किस्त के तहत 9.58 करोड़ से अधिक किसानों को 20,657 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। राज्यसभा में पूछे गये एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने बताया कि अगस्त-नवंबर 2024 की अवधि के लिए पीएम-किसान की 18वीं किस्त के तहत 9,58,97,635 किसानों को 20,657.36 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा, ''पीएम-किसान योजना फरवरी 2019 में प्रधानमंत्री द्वारा भूमि-धारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू की गई केंद्रीय क्षेत्र की योजना है।'' इस योजना के तहत, किसानों के आधारकार्ड से संबद्ध बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) तरीके के माध्यम से तीन समान किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ हस्तांतरित किया जाता है।''

## गुजरात: निजी अस्पताल में तीन वर्ष के दौरान 112 लोगों की मौत, एंजियोप्लास्टी में गड़बड़ी का आरोप

**अहमदाबाद :** गुजरात में अहमदाबाद के एक निजी अस्पताल में सरकारी स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत इलाज के दौरान या उसके बाद पिछले तीन वर्षों में 112 लोगों की मौत हुई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस अस्पताल में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के दो लाभार्थियों की एंजियोप्लास्टी में हुई मौत के बाद जांच में यह खुलासा हुआ। अहमदाबाद अपराध शाखा ने शहर के ख्यातिप्राप्त मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के एक निदेशक एवं बैरिएट्रिक सर्जन डॉ. संजय पटोलिया को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद मामले की जांच के दौरान यह खुलासा किया। यह अस्पताल पिछले महीने तब सुर्खियों में आया था, जब पीएमजेएवाई के तहत पंजीकृत दो मरीजों की अनावश्यक एंजियोप्लास्टी प्रक्रिया के बाद मौत हो गई थी। सहायक पुलिस आयुक्त भरत पटेल ने बताया कि सितंबर 2021 से अक्टूबर 2024 के बीच करीब 8,500 मरीजों ने इस निजी अस्पताल में उपचार कराया या अलग-अलग तरह की सर्जरी कराई। उन्होंने संवाददाताओं को बताया, इनमें से 3,842 लोगों को पीएमजेएवाई जैसी सरकारी योजनाओं के तहत मुफ्त इलाज मिला। हमारी जांच में सामने आया कि इन 3,842 लाभार्थियों में से 112 की इन तीन वर्षों में इलाज के दौरान या बाद में मौत हो गयी। इन मौतों की जांच के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों की मदद ली जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि एंजियोप्लास्टी के दौरान हुई मौत के मामले में गिरफ्तार लोगों सहित अस्पताल प्रबंधन ने कमाई को विभिन्न मदों में विभाजित किया और अंतिम वित्तीय रिपोर्ट में 1.5 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया। अपराध शाखा ने अब तक पीएमजेएवाई के दो लाभार्थियों की एंजियोप्लास्टी में हुई मौत के सिलसिले में ख्याति मल्टीस्पेशलिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जैन और निदेशक (मार्केटिंग) चिराग राजपूत सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि आज जब देश उनके योगदान को याद कर रहा है तो वे उनकी दृष्टि को पूरा करने की अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर दोहराते हैं। बाद में प्रधानमंत्री ने संसद भवन परिसर में आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। आंबेडकर एक दलित परिवार से थे और वंचितों के हितों के लिए लड़कर भारतीय राजनीति में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तियों में से एक बन गये।

## चक्रवात 'फेंगल': केंद्र ने तमिलनाडु को राहत के तौर पर 944 करोड़ रुपये की मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने चक्रवात 'फेंगल' से प्रभावित लोगों को राहत सहायता प्रदान करने के लिए राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से केंद्रीय हिस्से की दोनों किस्तों के रूप में तमिलनाडु सरकार को 944.80 करोड़ जारी करने की मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में मोदी सरकार प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लोगों की कठिनाई कम करने में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। विज्ञप्ति के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने 30 नवंबर को चक्रवात 'फेंगल' से प्रभावित लोगों को राहत सहायता प्रदान करने के लिए एसडीआरएफ से केंद्रीय हिस्से की दोनों किस्तों के रूप में तमिलनाडु सरकार को 944.80 करोड़ जारी करने की मंजूरी दे दी है। विज्ञप्ति में बताया गया कि चक्रवाती तूफान 'फेंगल' से प्रभावित तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नुकसान का मौके पर आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल (आईएमसीटी) भेजे गए हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, आईएमसीटी की आकलन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद स्थापित प्रक्रिया के अनुसार आपदा प्रभावित राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त वित्तीय सहायता स्वीकृत की जाएगी। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस वर्ष 28 राज्यों को 21,718.716 करोड़ से अधिक की धनराशि जारी की जा चुकी है।

## राज्यसभा में सिंघवी की सीट के पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली, दोनों सदनों में कार्यवाही बाधित



**नयी दिल्ली :** संसद में शुक्रवार को सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों ने कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी के अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस से संबंध होने और उन पर देश की सरकार और संसद को अस्थिर करने के आरोपों और राज्यसभा में विपक्षी सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के समीप 500 रुपये के नोट की गड्डी मिलने को लेकर विपक्षी पार्टी पर हमला बोलते हुए हंगामा किया, जिसके कारण दोनों सदनों में कामकाज बाधित रहा। हंगामे के कारण जहां लोकसभा को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर बारह बजकर दस मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं राज्यसभा में भोजनावकाश से पहले का कामकाज लगभग सामान्य ढंग से चलने के बाद गैर सरकारी कामकाज नहीं हो पाया। भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बृहस्पतिवार को उच्च सदन में नोटों की गड्डी मिलने के मामले में कांग्रेस से जवाब मांगते हुए हंगामा कर रहे थे और इसके कारण बैठक को दोपहर दो बजकर चार मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने शून्यकाल में सदन को सूचित किया कि बृहस्पतिवार को उच्च सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद एंटी सेबोटाज टीम (तोड़फोड़ निरोधक दस्ता) को नियमित जांच के दौरान कांग्रेस के सदस्य अभिषेक मनु सिंघवी की सीट के पास 500 रुपये के नोटों की गड्डी मिली।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट तैयार, जल्द ही किया जाएगा फील्ड परीक्षण



**नयी दिल्ली :** वंदे भारत स्लीपर ट्रेनसेट का पहला प्रोटोटाइप मैन्युफैक्चर किया गया है और इसका फील्ड परीक्षण किया जाएगा। ट्रेन के रोलआउट होने की समय-सीमा परीक्षणों के सफल समापन पर निर्भर है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा के पटल पर रखे गए एक बयान में कहा कि वर्तमान में, लंबी और मध्यम दूरी की यात्रा के लिए योजना के अंतर्गत बनाई गई वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आधुनिक सुविधाओं और यात्री सुविधाओं के साथ सुसज्जित हैं। इन ट्रेनों की कुछ विशिष्ट विशेषताएं और सुविधाएं इस प्रकार हैं:

1 कवच से युक्त
2 ईएन-45545 एचएल3 अग्नि सुरक्षा मानकों के अनुरूप ट्रेन
3 क्रैशवर्थी और जर्क-फ्री सेमी परमानेंट कप्लर्स और एंटी क्लाइंबर्स
4 ईएन मानकों का अनुपालन करने वाली कारबॉडी का क्रैशवर्थी डिजाइन
5 ऊर्जा दक्षता के लिए दोबारा निर्माण करने वाली ब्रेकिंग प्रणाली
6 मंदी और त्वरण के साथ उच्च औसत गति
7 आपातकालीन स्थिति में यात्री और ट्रेन प्रबंधक/ लोको पायलट के बीच संचार के लिए आपातकालीन टॉक-बैक इकाई
8 प्रत्येक छोर पर ड्राइविंग कोचों में यात्रियों के लिए प्रतिबंधित गतिशीलता (पीआरएम) वाले आवास और सुलभ शौचालय
9 एक जगह से नियंत्रित स्वचालित प्लग दरवाजे और पूरी तरह से सीलबंद चौड़े गैंगवे
10 ऊपरी बर्थ पर चढ़ने में आसानी के लिए एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन की गई सीढ़ी
11 एयर कंडीशनिंग, सैलून लाइटिंग आदि जैसी यात्री सुविधाओं की बेहतर स्थिति की निगरानी के लिए केंद्रीकृत कोच निगरानी प्रणाली
12 सभी कोचों में सीसीटीवी निगरानी कैमरे

मध्यम दूरी की वंदे भारत ट्रेन सेवाओं के बारे में बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 02 दिसंबर, 2024 तक, चेयर कार की सुविधा से सुसज्जित कोच वाली 136 वंदे भारत ट्रेन भारतीय रेलवे नेटवर्क पर चल रही हैं। इनमें से 16 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं तमिलनाडु राज्य में स्थित स्टेशनों की आवश्यकता को पूरा कर रही हैं। सबसे लंबी दूरी की वंदे भारत ट्रेन सेवाएं दिल्ली और बनारस के बीच चल रही हैं, जो 771 किलोमीटर की दूरी तय करती है। उन्होंने आगे कहा कि वंदे भारत सेवाओं और इसके वेरिएंट सहित नई ट्रेन सेवाओं की शुरूआत, भारतीय रेलवे पर यातायात औचित्य, परिचालन व्यवहार्यता, संसाधन उपलब्धता आदि के अधीन एक सतत प्रक्रिया है।

## महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार 11 या 12 दिसंबर को होने की संभावना

**मुंबई :** देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार 11 या 12 दिसंबर को होने की संभावना है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पूरी संभावना है कि अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा वित्त विभाग और भाजपा गृह विभाग अपने पास रखेगी, जैसा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पिछली सरकार में था। शिवसेना सूत्रों की मानें तो शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना शहरी विकास मंत्रालय अपने पास रखेगी और राजस्व मंत्रालय भी उसे मिल सकता है। महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 मंत्री हो सकते हैं। 'महायुति' गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 21-22 मंत्री पद मिलने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार शिवसेना को 11 से 12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को 9 से 10 मंत्री पद मिल सकते हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि शपथ लेने वाले मंत्रियों की संख्या पर अंतिम फैसला एक-दो दिन में लिया जाएगा। नवनिर्वाचित विधायकों को शनिवार से शुरू हो रहे विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र में अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) कालिदास कोलांबकर शपथ दिलाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव नौ दिसंबर (सोमवार) को होगा, जिसके बाद नयी सरकार का विश्वास मत होगा और राज्यपाल दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से राज्य की दूसरी राजधानी नागपुर में शुरू होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सोना 79,150 रुपये पर अपरिवर्तित, चांदी में 300 रुपये की गिरावट

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 79,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। हालांकि, चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। बृहस्पतिवार को चांदी 93,800 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी शुक्रवार को 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रही। एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक) जतीन त्रिवेदी ने कहा, 'एमसीएक्स पर सोने में मामूली बढ़त दर्ज की गई, क्योंकि बाजार को अमेरिका में आज शाम जारी होने वाले महत्वपूर्ण गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों का इंतजार है।'

### सुरक्षा डायग्नोस्टिक के शेयर की बाजार में हल्की शुरुआत

**नयी दिल्ली:** सुरक्षा डायग्नोस्टिक लि. के शेयर की शुरुआत शुक्रवार को हल्की रही और यह कारोबार के पहले दिन निर्गम मूल्य 441 रुपये से पांच प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई में शेयर निर्गम मूल्य के मुकाबले 0.90 प्रतिशत की गिरावट के साथ 437 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के दौरान यह 5.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 414.80 रुपये पर आ गया। अंत में 5.22 प्रतिशत लुढ़कर 417.95 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में कंपनी का शेयर 0.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार में अंत में 5.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ 417.05 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 2,176.72 करोड़ रुपये रहा।

### विशाल मेगा मार्ट का आईपीओ अगले सप्ताह खुलेगा, 74-78 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय

**नयी दिल्ली :** केदारा कैपिटल समर्थित विशाल मेगा मार्ट ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपने 8,000 करोड़ रुपये के शुरुआती शेयर बिक्री के लिए 74-78 रुपये प्रति इक्विटी शेयर का मूल्य दायरा तय किया है, जो 11 दिसंबर को पूंजी बाजार में आएगा। आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) 13 दिसंबर को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 दिसंबर को एक दिन के लिए खुलेगी। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) से इसका पता चला है। अद्यतन मसौदा रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (यूडीआरएचपी) के अनुसार प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक केदारा कैपिटल के नेतृत्व वाली समयत सर्विसेज एलएलपी द्वारा शेयरों की बिक्री की पेशकश (ओएफएस) है। चूंकि आईपीओ पूरी तरह से ओएफएस है, इसलिए कंपनी को इस निर्गम से कोई फंड नहीं मिलेगा।

# आरबीआई का प्रयास मुद्रास्फीति के 'घोड़े' पर लगाम लगाने पर केंद्रित: गवर्नर दास



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने नीतिगत ब्याज दर को लगातार 11वीं बार अपरिवर्तित रखने पर शुक्रवार को कहा कि उनका प्रयास मुद्रास्फीति रूपी घोड़े को काबू में रखने पर केंद्रित है। दास ने आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुद्रास्फीति और वृद्धि के बीच संतुलन 'अस्थिर' हो गया है लेकिन इसे दोबारा सही स्थिति में लाने के लिए सभी तरीके आजमाए जाएंगे। उनका इशारा दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि के उम्मीद से कहीं कम 5.4 प्रतिशत रहने और अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति छह प्रतिशत से अधिक रहने की तरफ था। आरबीआई गवर्नर के तौर पर अगले हफ्ते अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहे दास ने यह सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया कि लचीली मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण की 'विश्वसनीयता' भविष्य में भी बनी रहे। दास ने कहा, (मुद्रास्फीति) घोड़ा सरपट भागने की दिलेरी से कोशिश कर चुका है। हमारा प्रयास है कि इसकी लगाम खींच कर रखी जाए। केंद्रीय बैंक ने बढ़ी हुई मुद्रास्फीति के बीच वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अनुमान को काफी कम करके 6.6 प्रतिशत कर दिया है। आरबीआई ने पहले इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक के लिए 'आकस्मिक' प्रतिक्रिया की कोई गुंजाइश नहीं होती है और कोई भी कार्रवाई उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार करने के बाद समय पर की जाएगी। उन्होंने कहा, वृद्धि और मुद्रास्फीति की गतिशीलता के बीच संतुलित चरित्र कुछ हद तक अस्थिर हो गया है। हमारा प्रयास अब उस संतुलन को बहाल करने का है। इसका मतलब है कि हम मुद्रास्फीति अपने लक्ष्य (चार प्रतिशत) के करीब आ जाए। हम वृद्धि को भी तेज होते हुए देखना चाहते हैं। इसके साथ ही दास ने उम्मीद जताई कि दूसरी छमाही में वृद्धि दर पहली छमाही के मुकाबले काफी बेहतर रहेगी। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में छह प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में दूसरी छमाही चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही से बेहतर दिख रही है। दूसरी छमाही के बेहतर अनुमान बेहतर खरीफ उत्पादन, उच्च जलाशय स्तर और बेहतर रबी बुवाई पर आधारित है। इसके अलावा आने वाले समय में औद्योगिक गतिविधि सामान्य होने और पिछली तिमाही के निचले स्तर से उबरने की भी उम्मीद है। मानसून से संबंधित व्यवधानों के बाद खनन और बिजली के भी सामान्य होने की उम्मीद है।

### डॉलर पर निर्भरता कम करने की योजना नहीं, केवल जोखिम-मुक्त करने की कोशिश: दास

मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि भारत की अपने व्यापारिक लेनदेन में 'डॉलर पर निर्भरता घटाने' की कोई योजना नहीं है और वह सिर्फ अन्य साधनों से इसे जोखिम-मुक्त करने की कोशिश कर रहा है। दास अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बयान पर पूछे गए एक सवाल का जवाब दे रहे थे। ट्रंप ने कहा था कि अगर ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर से दूर जाने का फैसला करते हैं तो उन्हें 100 प्रतिशत शुल्क का सामना करना पड़ेगा। दास ने यहां आरबीआई मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, जहां तक भारत का सवाल है तो हमने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है जो खास तौर पर व्यापार विनिमय में डॉलर पर निर्भरता को कम करना चाहता हो।

### बैंक फर्जी खातों पर लगाम लगाने के लिए 'म्यूलहंटर एआई' से जुड़ें: आरबीआई

मुंबई : भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों से कहा कि वे उसकी पहल 'म्यूलहंटर डॉट एआई' के साथ सहयोग करें, ताकि वित्तीय धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूल खातों (फर्जी खातों) को हटाया जा सके। म्यूल खाता एक बैंक खाता है, जिसका इस्तेमाल अपराधी अवैध तरीके से पैसा लूटने के लिए करते हैं। गुमनाम व्यक्ति इन खातों को खोलकर इसमें लोगों से ठगी के पैसे जमा करवाते हैं। इन खातों से धन हस्तांतरण का पता लगाना और उसे वापस पाना मुश्किल होता है।

# शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला थमा, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 56.74 अंक टूटा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में शुक्रवार को पिछले पांच दिनों से जारी तेजी पर विराम लगा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रखने लेकिन वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान को घटाने के बाद बाजार में उतार-चढ़ाव आया। कारोबार के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 56.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत गिरकर 81,709.12 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 81,925.91 के ऊपरी स्तर और 81,506.19 के निचले स्तर को छुआ। पिछले पांच कारोबारी दिनों में सेंसेक्स 2,722.12 अंक यानी 3.44 प्रतिशत उछला। एनएसई निफ्टी 30.60 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,677.80 पर बंद हुआ। रिजर्व बैंक ने मुद्रास्फीति के जोखिम का हवाला देते हुए अपनी प्रमुख नीतिगत दर को अपरिवर्तित रखा, लेकिन बैंकों में पर्याप्त नकदी बनाये रखने के मकसद से नकद आरक्षित अनुपात में कटौती की। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और आईसीआईसीआई बैंक में गिरावट आई। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, मारुति, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी और टाटा स्टील नुकसान में रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि बाजार में सतर्कता का माहौल बना हुआ है, लेकिन एफआईआई की वापसी निवेशकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 8,539.91 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कास्पी और जापान के निक्की में गिरावट दर्ज की गई, जबकि चीन के शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग के हेंगसेंग में बढ़त दर्ज की गई। यूरोप के बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को गिरावट के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'प्रमुख सूचकांकों में स्थिरता रही, लेकिन अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में उम्मीद दिखाई दी।' उन्होंने कहा कि सीआरआर को कम करने से वित्तीय प्रणाली में 1.16 लाख करोड़ रुपये आएंगे। इसके जरिये आरबीआई नकदी बढ़ाकर आर्थिक वृद्धि को प्रोत्साहित करना चाहता है।

# मारुति सुजुकी, महिंद्रा जनवरी से वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करेंगी

**नयी दिल्ली :** मारुति सुजुकी इंडिया और महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को बढ़ती लागत और परिचालन खर्चों के असर को कम करने के लिए जनवरी से वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने की घोषणा की। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी जनवरी से अपने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में चार फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने एसयूवी मॉडल और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी कर रही है। मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन खर्चों के मद्देनजर कंपनी ने जनवरी 2025 से अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने की योजना बनाई है। मूल्य वृद्धि चार प्रतिशत तक होने की उम्मीद है और यह मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। इसमें कहा गया, ''हालांकि कंपनी लगातार लागत को अनुकूलतम बनाने और अपने ग्राहकों पर प्रभाव को न्यूनतम करने का प्रयास करती है, लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा बाजार पर डालना पड़ सकता है।'' महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कीमत बढ़ने की वजह मुद्रास्फीति और कल-पुर्जों की कीमतों में वृद्धि के कारण बढ़ती लागत है। कंपनी ने कहा कि उसने अतिरिक्त लागतों को यथासंभव कम करने का प्रयास किया है। हालांकि, इस वृद्धि का एक हिस्सा ग्राहकों को देना होगा। प्रमुख वाहन कंपनी ने कहा कि विभिन्न एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों में मूल्य वृद्धि तीन प्रतिशत तक होगी। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया जनवरी से अपने वाहनों के विभिन्न मॉडल की कीमतों में तीन प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मूल्य वृद्धि कल-पुर्जों की लगातार बढ़ती लागत और अन्य बाहरी कारकों का परिणाम है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा, 'गुणवत्ता, नवाचार और स्थिरता के लिए हमारा समर्पण एक प्राथमिकता है और हमें लगातार अपनी पेशकश में सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। ऐसा करने में, कच्चे माल की बढ़ती लागतों की भरपाई के लिए मामूली मूल्य वृद्धि अपरिहार्य है।' हुंदै मोटर इंडिया ने भी एक जनवरी से अपने वाहनों में 25,0000 रुपये तक की बढ़ोतरी की घोषणा की है।

## न्यूज अपडेट

### देश की वृद्धि दर अगले पांच साल तक छह से आठ प्रतिशत रहेगी: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परिवर्तनकारी बदलावों के कारण देश अगले पांच वर्षों तक छह से आठ प्रतिशत की दर से वृद्धि करता रहेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और तनावों के बावजूद भारत यह उपलब्धि हासिल करेगा। वैष्णव ने 'एनडीटीवी इंडियन ऑफ द ईयर' पुरस्कार समारोह में कहा कि भारत की वृद्धि गाथा बड़े पैमाने पर सार्वजनिक निवेश, विनिर्माण और नवाचार पर जोर, समावेशी विकास और कानूनों के सरलीकरण के चार स्तंभों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि दुनिया ने वैश्विक उथल-पुथल, दो युद्धों, आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और कोविड-19 महामारी के कारण विश्व अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान के समय भारत को आशा की किरण के रूप में देखा। मंत्री ने भारत की लगातार आर्थिक वृद्धि के लिए मोदी की सोच और स्पष्ट रूप से तय की गईं योजनाओं को श्रेय दिया।

### विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 1.51 अरब डॉलर बढ़कर 658.09 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पहले के सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 656.58 अरब डॉलर रहा था। इसके भी पिछले सप्ताह, विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड 17.76 अरब डॉलर की गिरावट आई थी। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.06 अरब डॉलर बढ़कर 568.85 अरब डॉलर रही।

### एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के पास दाखिल किए दस्तावेज

**नयी दिल्ली :** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष शुक्रवार को प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए। कंपनी दक्षिण कोरिया की एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की भारतीय इकाई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दाखिल आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंक के 10.18 करोड़ शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इसमें काई नया निर्गम शामिल नहीं है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स 10 रुपये अंकित मूल्य के 10,18,15,859 शेयर बेचेगी। निर्गम के बाद कंपनी में उसकी शेयरधारिता 15 प्रतिशत घटकर 57.69 करोड़ शेयर रह जाएगी। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रमुख घरेलू उपकरणों और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक में कारोबार करने वाली अग्रणी कंपनी है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक, हुंदै मोटर्स इंडिया लिमिटेड के बाद भारत में सूचीबद्ध होने वाली दूसरी कोरियाई कंपनी होगी।

### सोने की छड़ें, सिक्कों की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने पर विचार: उपभोक्ता सचिव

**नयी दिल्ली :** उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने कहा कि सरकार सोने के सिक्कों एवं छड़ों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य करने पर विचार कर रही है और प्रयोगशाला में तैयार हीरों के लिए भी नियम बनाए जा रहे हैं। खरे ने यहां 'सीआईआई रत्न और आभूषण सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और सटीक उत्पाद प्रदान करके उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने की जरूरत है। खरे ने कहा, रत्न और आभूषण क्षेत्र हमारी अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो निर्यात और रोजगार दोनों में बहुत महत्वपूर्ण योगदान देता है। सचिव ने सोने के आभूषणों और सोने की कलाकृतियों की 23 जून, 2021 से शुरू हुई अनिवार्य हॉलमार्किंग के सफल कार्यान्वयन का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 40 करोड़ से अधिक स्वर्ण आभूषणों को एक विशिष्ट एचयूआईडी (हॉलमार्क विशिष्ट पहचान) के साथ हॉलमार्क किया जा चुका है, जिससे बाजार में उपभोक्ताओं के लिए अधिक विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। खरे ने कहा, सोने के सिक्कों एवं छड़ों की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने का प्रस्ताव है और इस पर विभाग विचार कर रहा है। उन्होंने कहा, इसके पीछे सोच यह है कि जौहरी सोना आयात कर रहे होते हैं, तो कई बार वे खुद भी उस सोने की गुणवत्ता को लेकर सुनिश्चित नहीं होते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को इसकी शुद्धता, इसकी सटीकता, ईमानदारी और सच्चाई के लिए पहचाना जाना चाहिए। खरे ने कहा कि भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र का बाजार वर्ष 2030 तक 134 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 में करीब 44 अरब डॉलर था। उपभोक्ता सचिव ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा स्वर्ण निर्यातक भी है जो देश के कुल निर्यात का लगभग 3.5 प्रतिशत है।



# भारत की 'पहली क्रिकेट पेंटिंग' की होगी नीलामी



**नयी दिल्ली :** भारत में क्रिकेट मैच से जुड़ी दुर्लभ तैलीय पेंटिंग नीलामी घर 'एस्टागुरु' के आगामी नीलामी का हिस्सा बनने वाली कलाकृतियों में से एक होगी। ब्रिटिश चित्रकार थॉमस डेनियल द्वारा कैनवास पर उकेरी गयी इस चित्रकारी को भारत में क्रिकेट से जुड़ी पहली पेंटिंग माना जाता है। 'एस्टागुरु' नीलामी घर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। समझा जाता है कि डेनियल ने 1792-93 के बीच में अपनी मद्रास (चेन्नई) यात्रा के दौरान इस चित्रकारी पर काम किया था। 'भारत में क्रिकेट मैच' शीर्षक वाली पेंटिंग आधुनिक भारत के दिग्गज कलाकारों के चित्रकारी के साथ 14-16 दिसंबर को 'एस्टागुरु' की 'ऐतिहासिक मास्टरपीस' नीलामी का हिस्सा होगी। 'एस्टागुरु' नीलामी घर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्नेहा गौतम ने कहा, 'थॉमस डेनियल की यह पेंटिंग कला का एक ऐतिहासिक नमूना है जो 18वीं शताब्दी के दौरान भारत के विकसित होते सांस्कृतिक ताने-बाने को दर्शाने के साथ क्रिकेट के प्रति देश में बढ़ती लोकप्रियता का भी जश्न मनाती है। यह खेल आगे चल कर इस देश की पहचान का एक अभिन्न अंग बन गया है।'

### झारखंड ने मध्य प्रदेश को हराकर सब-जूनियर महिला हॉकी का खिताब जीता

**सिकंदराबाद :** हेमरोम लियोनी के गोल की मदद से हॉकी झारखंड ने शुक्रवार को यहां फाइनल में हॉकी मध्य प्रदेश को 1-0 से हराकर 14वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप का खिताब जीता। मैच का एकमात्र गोल 15वें मिनट में हुआ जब जमुना कुमारी ने बाएं छोर से ड्रिबल करते हुए गेंद लियोनी को दी, जो प्रतियोगिता में अपना सातवां गोल करने में सफल रही। झारखंड ने इस तरह से अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए चैंपियनशिप जीती। तीसरे-चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में ओडिशा ने मिजोरम को 4-3 से हराया। ओडिशा के लिए प्रियंका मिंज (9वें, 12वें, 12वें) ने तीन और अंजना खाखा (चौथे) ने एक गोल किया। मिजोरम की तरफ से वानलालरिनहलुई (36वें, 52वें मिनट) ने दो जबकि मंगलावमसांग (28वें मिनट) ने एक गोल किया। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने चैंपियन के लिए तीन लाख रुपये, उपविजेता के लिए दो लाख रुपये और कांस्य पदक विजेता के लिए एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

# स्टार्क को छह विकेट, भारत को 180 रन पर समेटने के बाद ऑस्ट्रेलिया मजबूत



**एडीलेड :** एडिलेड डे नाइट टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त हो चुका है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम अपनी पहली पारी में महज 180 रन पर सिमट गई थी। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बना लिए हैं। फिलहाल मार्नश लाबुशेन 20 रन और नाथन मैकस्वीनी 38 रन बनाकर क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अब तक 62 रन की साझेदारी हो चुकी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी भी भारत से 94 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया को एकमात्र झटका उस्मान ख्वाजा के रूप में लगा। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। वह 13 रन बना सके। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की पहली पारी 180 रन पर सिमट गई। नीतीश रेड्डी ने सबसे ज्यादा 42 रन बनाए, जबकि केएल राहुल ने 37 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने सबसे ज्यादा छह विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 15वां फाइव विकेट हॉल रहा। इसके अलावा शुभमन गिल और केएल राहुल की साझेदारी भी अच्छी रही। इन दोनों की साझेदारी के अलावा कोई बड़ी साझेदारी नहीं हुई। जहां भारत का स्कोर एक वक्त एक विकेट पर 69 रन था, वो कुछ देर बाद पांच विकेट पर 87 रन हो चुका था। यानी 18 रन बनाने में भारत ने चार और विकेट गंवा दिए थे।

### एडीलेड में भारत-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट के लिए पहुंचे रिकॉर्ड दर्शक

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एडीलेड ओवल में 36,225 प्रशंसक पहुंचे जो दोनों टीम के बीच पांच दिवसीय मैच के दौरान स्टेडियम में दर्शकों की मौजूदगी का नया रिकॉर्ड है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार पिछला रिकॉर्ड 2011-12 की श्रृंखला के दौरान 35,081 दर्शकों का था जिसमें मेजबान टीम ने भारत का 4-0 से सूपड़ा साफ किया था। शुक्रवार को 53,500 दर्शकों की क्षमता वाले मैदान पर दर्शकों की भीड़ उमड़ने का अनुमान था क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट के बीच लंबे अंतराल के बाद भारत और ऑस्ट्रेलिया दोबारा आमने-सामने थे। यह 2020 में इसी स्थान पर 36 रन पर आउट होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत का गुलाबी गेंद का पहला टेस्ट है।

### ऑफ स्टंप के बाहर कमजोरी का हल ढूंढने में विफलता से कोहली का टेस्ट औसत गिरा: मांजरेकर

**एडीलेड :** भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर का मानना है कि दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की ऑफ स्टंप के बाहर अपनी कमजोरी को दूर करने का तरीका नहीं तलाशने की 'जिद' के कारण उनका बल्लेबाजी औसत 50 से घटकर 48.13 पर आ गया है। कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला में पर्थ में खेले गये शुरुआती टेस्ट में शतक लगाकर खेल के पारंपरिक प्रारूप में लंबे समय से चले आ रहे शतकों के सूखे को खत्म किया था। वह हालांकि शुक्रवार को यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट में अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और सात रन पर आउट हो गये। कोहली वामहस्त तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की ऑफ स्टंप के बाहर उछाल लेती गेंद पर बल्ला अड़ा कर स्लिप में स्टीव स्मिथ को कैच दे बैठे। कोहली के आउट होने के बाद मांजरेकर ने ट्विटर पर लिखा, 'विराट का औसत अब 48 के आसपास पहुंचने का एक महत्वपूर्ण कारण ऑफ स्टंप के बाहर की कमजोरी है। इससे भी बड़ी बात यह है कि वह इससे निपटने के लिए कोई अन्य तरीका न अपनाने की जिद पर अड़े हैं।'

### भारतीय गेंदबाजों ने गुलाबी गेंद का बेहतर इस्तेमाल नहीं किया: गावस्कर



**एडिलेड :** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट के शुरुआती दिन भारतीय गेंदबाजों के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए कहा कि उन्हें गुलाबी गेंद से बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए था। तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के छह विकेट की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहली पारी में 180 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 86 रन बना लिए थे। गावस्कर ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'उन्हें बल्लेबाजों को जितना हो सके उतना खेलने के लिए मजबूर करना होगा। आप बल्लेबाज को अधिक गेंद खेलने के लिए मजबूर कर सफलता हासिल कर सकते हैं।' इस पूर्व दिग्गज ने कहा, 'आप कुछ गेंदें बाहर डालने के बाद अंदर आने वाली गेंद से उन्हें चकमा दे सकते हैं जैसा कि पर्थ टेस्ट में नाथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन के साथ बुमराह ने किया था। भारतीय गेंदबाजों ने वास्तव में गुलाबी गेंद का उतना अच्छा उपयोग नहीं किया जितना उन्हें करना चाहिए था।' ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस करने वाले बायें हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क को 'गुलाबी गेंद का जादूगर' करार दिया। स्टार्क ने 48 रन देकर छह विकेट लिये जिससे भारतीय टीम 180 रन पर आउट हो गयी। हेडन ने मैच के प्रसारकों से कहा, 'वह 40 ओवर के खेल के बाद भी गुलाबी गेंद को काफी स्विंग करने में सक्षम था। यह देखना शानदार था।' उन्होंने कहा, 'मैच शुरू होने से पहले सब कुछ भारतीय टीम के पक्ष में था। जीवन और खेल में वापसी करने के लिए एक कठिन स्थिति का सामना करना पड़ता है और मिशेल स्टार्क ने ऐसा उसी तरीके से किया जैसे वह कर सकते थे। वह गुलाबी गेंद का जादूगर है।'

## न्यूज अपडेट

### विश्व शतरंज चैंपियनशिप: लगातार ड्रॉ के बाद गुकेश और लिरेन की नजर जीत के साथ बढ़त बनाने पर

**सिंगापुर :** लगातार छह ड्रॉ और कुछ मौके गंवाने के बाद तेजतर्रार चैलेंजर डी गुकेश और गत चैंपियन डिंग लिरेन शनिवार को यहां विश्व शतरंज चैंपियनशिप की 10वीं बाजी में जीत के साथ बढ़त हासिल करने के लिए बेताब होंगे। गुकेश ने जीत के कई मौके गंवाए लेकिन फायदे की स्थिति को जीत में नहीं बदल सके। इस 25 लाख डॉलर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में अब सिर्फ पांच और क्लासिकल बाजियां खेली जानी बाकी हैं और ऐसे में 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी शुक्रवार को एक दिन के आराम के बाद गतिरोध को तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करना चाहेगा। बृहस्पतिवार को लगातार छठी बाजी और मुकाबले की कुल सातवीं बाजी थी जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अंक बांटे। इस ड्रॉ के बाद दोनों खिलाड़ियों के समान 4.5 अंक हैं जो चैंपियनशिप जीतने के लिए जरूरी 7.5 अंक से तीन अंक कम हैं। चीन के 32 वर्षीय लिरेन ने पहली बाजी जीती थी जबकि गुकेश तीसरी बाजी में विजयी रहे थे। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही। अगर इतिहास की बात करें तो अगर आठ बाजियों के बाद स्कोर 4-4 से बराबर हो तो गत चैंपियन मैच जीत जाता है।

### भारत ने हांगकांग में विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप में छह पदक हासिल किए

**नयी दिल्ली :** भारत ने विश्व पिकलबॉल चैंपियनशिप के हांगकांग चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक सहित कुल छह पदक हासिल किए। हांगकांग में 29 नवंबर से एक दिसंबर तक हुई इस प्रतियोगिता में वंशिक कपाड़िया और वृशाली ठाकरे ने 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। कुलदीप महाजन ने भी दक्षिण कोरिया की किम युंग ग्वोन के साथ मिलकर इसी वर्ग में रजत पदक हासिल किया। वंशिक (19 प्लस ओपन पुरुष एकल) तथा करीना आदित्य द्विपयानी और वृशाली ठाकरे (19 प्लस महिला युगल) ने भी दो रजत पदक जीते। ईशा लखानी और रूस वान रीक तथा मयूर पाटिल और नीलसन चेन ने क्रमश: 19 प्लस ओपन महिला युगल और 19 प्लस ओपन मिश्रित युगल में कांस्य पदक जीते।

### खो-खो विश्व कप से पहले भारत अभ्यास शिविर आयोजित करेगा

**नयी दिल्ली :** भारत खो-खो विश्व कप के शुरुआती सत्र की तैयारी के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करेगा जिसमें 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ी टूर्नामेंट में मेजबान देश का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमों में जगह बनाने के लिए चुनौती पेश करेंगे। भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई), भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और खेल मंत्रालय के सहयोग से 10 दिसंबर से 11 जनवरी तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शिविर का आयोजन करेगा। भारत 13 से 19 जनवरी तक खो-खो विश्व कप की मेजबानी करने के लिए तैयार है। केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हम खो-खो विश्व कप का आयोजन भारत में कर के रोमांचित हैं।'

वर्ष 9, पूर्णांक 4081 अंक 231, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in